# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






**1900** ईरानी व 13 अमेरिकी सैनिकों की जान लेकर....

**40** दिन बाद थमी अमेरिका-ईरान की जंग...14 दिन का युद्ध विराम, 10 को अमेरिका व ईरान की इस्लामाबाद में बैठक

## अमेरिका भी जीता...

क्यों? ट्रंप ने कहा-ईरान हमलों से थक चुका था

# ये अनोखा सीजफायर

## ...और ईरान भी जीता

क्यों? हमारी 10 सूत्रीय मांगें अमेरिका ने मान ली हैं

### अब आगे क्या?

- खुल गया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, खुली जहाजों की आवाजाही
- ट्रंप ने कहा- ईरान के साथ मिलकर काम करेंगे, खूब पैसा कमाएंगे
- इजराइल ने समर्थन किया लेकिन, कहा- लेबनान इसमें शामिल नहीं
- तेल की कीमतें गिरीं। ब्रेंट क्रूड 93 डॉलर प्रति बैरल के करीब आया
- दुनिया भर के शेयर बाजार में खुशी की लहर, पाक शेयर बाजार भी गदगदाया
- दोनों देशों के बीच 'प्रतिबंधों' को हटाने के लिए 15 सूत्रीय समझौते पर बातचीत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप की 5 वीं धमकी के बाद ईरान से जंग 2 हफ्तों के लिए रुक गई। दोनों देश 2 हफ्तों के सीजफायर के लिए राजी हो गए हैं। ट्रंप ने यह युद्ध-विराम अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर घोषित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से दिया गया प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि दो हफ्ते तक लड़ाई रोक दी जाए और होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोल दिया जाए। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इन दो हफ्तों के समय का इस्तेमाल ईरान के साथ अंतिम समझौता करने के लिए करेगा। उन्होंने लिखा कि ऐसा करने का कारण यह है कि हम अपने सभी सैन्य लक्ष्यों को पहले ही पूरा कर चुके हैं और उनसे भी आगे बढ़ चुके हैं। साथ ही हम ईरान के साथ लंबे समय की शांति और पूरे मध्य पूर्व में शांति के लिए एक पक्का समझौता करने के बहुत करीब हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि ⏩ शेष पेज 4 पर



तेहरान में सीजफायर के बाद जीत का जश्न

### सुरंगों में दबा परमाणु कचरा हटाएगा अमेरिका

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, ईरान के साथ मिलकर उन सभी परमाणु अवशेषों यानी की न्यूक्लियर डस्ट को खोदकर बाहर निकालेगा और हटाएगा, जो बी-2 बॉम्बर्स से किए गए हमलों के बाद ⏩ शेष पेज 4

### मोजतबा ने सेना को फायरिंग रोकने का आदेश दिया

ईरान ने स्पष्ट किया है कि संघर्षविराम का मतलब युद्ध का अंत नहीं है और अगर शत्रु किसी भी तरह की कार्रवाई करता है तो उसके हाथ हमेशा हथियार पर रहेंगे। ईरान के सर्वोच्च ⏩ शेष पेज 4 पर

### ये हैं ईरान की 10 शर्तें

1. कोई हमला न किया जाए, अमेरिका आक्रमकता न दिखाए
2. होमुर्ज पर ईरान का नियंत्रण बना रहेगा
3. ईरान को यूरेनियम संवर्धन करने का अधिकार
4. ईरान पर लगे सभी प्रतिबंध हटाए अमेरिका
5. यूएन ईरान के खिलाफ अपने प्रस्ताव वापस ले
6. सभी द्वितीयक प्रतिबंधों से ईरान को मुक्त किया जाए
7. अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रस्ताव खारिज हों
8. युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई हो
9. अमेरिका अपने सभी सैनिक इस क्षेत्र से हटाए
10. लेबनान और दूसरे मोर्चों पर तुरंत हमले रोके जाएं



### ईरान में जो नुकसान हुआ, उसका क्या?

*इस्लामाबाद की बैठक में ईरान होर्मुज में टैक्स वसूली का मुद्दा उठाएगा*

**...और, युद्ध में ईरान की मदद करने वाले देशों की आई शामत**

**अमेरिका ने तत्काल प्रभाव से लगाया 50% टैरिफ**

### किस देश की क्या प्रतिक्रिया?

**भारतः ईरान में जंग रुकने का स्वागत**

भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इस युद्धविराम का स्वागत किया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम इस युद्धविराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम ⏩ शेष पेज 4 पर

**चीन : हम तो शांति और युद्धविराम ही चाहते हैं**

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने पाकिस्तान और अन्य देशों के प्रयासों का भी स्वागत किया और कहा कि चीन ने भी अपने स्तर पर प्रयास किए। माओ ने कहा- हम ⏩ शेष पेज 4 पर

**रूस : बुरी तरह हारे यूएस-इजराइल**

रूस ने कहा कि 28 फरवरी को ईरान पर बिना उकसावे के किया गया एकतरफा हमले में दोनों (यूएस-इजराइल) की करीबी हार हुई है। अब तुरंत एक राजनीतिक और कूटनीतिक ⏩ शेष पेज 4 पर

### पाक ने की मध्यस्थता

ट्रंप और ईरान ने पाकिस्तान और पाक सेना के फील्ड मार्शल असीम मुनीर को युद्धविराम के लिए क्रेडिट दिया। दोनों ने पाक को एक भरोसेमंद मध्यस्थ माना। ⏩ पढ़ें पेज 09 भी


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
केकेआर एलएसजी
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### मोनालिसा की शादी पर संकट आयोग ने दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** प्रयागराज के महाकुंभ से वायरल गर्ल बनीं मोनालिसा भोंसले और फरमान की शादी पर संकट के बादल घिर गए हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मोनालिसा के नाबालिग होने की शिकायत पर नोटिस जारी कर उम्र जांच करने के आदेश दिए हैं। खरगोन के एसपी को मामले की जांच सौंपी गई है। आयोग ने मप्र और केरल के अधिकारियों को समन्वय के निर्देश दिए गए हैं। मोनालिसा को अपनी उम्र से जुड़े दस्तावेज पेश करने होंगे। आयोग ने खरगोन एसपी को नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।



जबलपुर में 'कृषि मंथन 2026' में बोले मुख्यमंत्री-कृषि, परंपरा और नवाचार के संगम से मप्र बना अग्रणी कृषि राज्य

# 'समृद्ध किसान व समृद्ध मप्र' की थीम के साथ पूरे वर्ष प्रदेश में 'कृषि उत्सव'



*सीएम ने कहा कि जय किसान, जय जवान में जय विज्ञान जोड़ा गया था। वर्तमान दौर में हम इसमें जय अनुसंधान भी जोड़ रहे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि, परंपरा और आधुनिक तकनीक के समन्वय से देश में कृषि विकास का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। किसानों की मेहनत, वैज्ञानिकों के शोध और सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश ने उत्पादन के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि समृद्ध किसान-समृद्ध मप्र की थीम के साथ पूरे वर्ष प्रदेश में कृषि उत्सव मनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय, जबलपुर में आयोजित 'कृषि ⏩ शेष पेज 4 पर

**कार्यक्रम में 10 कृषि स्टार्टअप्स को 10 करोड़ से अधिक की स्वीकृति दी गई**



प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम

**उन्नत बीज प्रसंस्करण, औषधीय पौध प्रजाति, खाद्य प्रसंस्करण एवं उन्नत कृषि फसलों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया**

**नर्मदा जल और सिंचाई से बढ़ी क्षमता**

उन्होंने कहा कि नर्मदा घाटी परियोजनाओं और सिंचाई विस्तार से प्रदेश की कृषि उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस अवसर पर उन्होंने उन्नत बीज प्रसंस्करण, औषधीय पौध प्रजाति, खाद्य प्रसंस्करण एवं उन्नत कृषि फसलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीएम ने बताया कि मप्र प्राकृतिक खेती में अग्रणी बन रहा है। कोदो-कुटकी, रागी जैसे मोटे अनाजों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों को बेहतर बाजार और पोषणयुक्त फसल मिल रही है। ⏩ पढ़ें पेज 02 भी

### प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद किया

सीएम ने कहा कि पशुपालन को बढ़ावा देते हुए राज्य में दुग्ध उत्पादन 9% से बढ़ाकर 20% तक करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सरकारी स्कूलों में बच्चों को मुफ्त दूध देने की योजना लागू की जा रही है। उन्होंने कृषि विकास दर को गति देने के लिए क्षेत्रीय अनुकूलता के आधार पर गतिविधियों को सुनिश्चित करने और आधुनिक तकनीकों को किसानों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कृषि वैज्ञानिकों से जलवायु अनुकूल खेती, उन्नत बीज और उत्पादन वृद्धि पर ध्यान देने की अपील की। सीएम ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि जबलपुर में देश के प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद किया, जिसका मुख्य उद्देश्य कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित ⏩ शेष पेज 4 पर



प्रेमी कमलेश | प्रियंका पत्नी (मास्टरमाइंड) | देवकृष्ण पुरोहित (मृतक)

धार में 'राजा रघुवंशी' जैसा हत्याकांड

# पत्नी ने कराई पति की हत्या..बॉयफ्रेंड पाने के लिए दी 1 लाख रु. की सुपारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धार

जिले के गोंदीखेड़ा चारण गांव में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक ऐसा हत्याकांड हुआ, जिसने सबको झकझोर दिया। जिस पत्नी ने रो-रोकर पुलिस को लूट और बंधक बनाने की आपबीती सुनाई थी, वह खुद अपने पति की कातिल निकली। पुलिस ने महज 6 घंटे की जांच में उस पत्नी का नकाब उतार दिया, जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर इस पूरी वारदात की पटकथा लिखी थी।

जांच में सामने आया कि प्रियंका पुरोहित (27) ने अपने पति देवकृष्ण पुरोहित को रास्ते से हटाने के लिए अपने प्रेमी कमलेश (33) के साथ साजिश रची। इस साजिश के तहत कमलेश ने अपने साथी सुरेंद्र पिता प्रताप सिंह को करीब 1 लाख रुपए की सुपारी दी थी और पूरी घटना को लूट का रूप देने की पहले से प्लानिंग की गई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सुपारी लेने वाला आरोपी सुरेंद्र फरार है। धार पुलिस के मुताबिक यह मामला ठीक वैसा ही है, जैसा इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में हुआ था।



वारदात के बाद लूट का ड्रामा करती प्रियंका

### 15 साल की उम्र में हो गई थी शादी

देवकृष्ण और प्रियंका की शादी 15 साल की उम्र (बचपन) में हो गई थी। उसका राजगढ़ में रहने वाले कमलेश पुरोहित के साथ अफेयर (प्रेम प्रसंग) चल रहा था। योजना के तहत सुरेंद्र देवकृष्ण के घर पहुंचा और उसे सोते हुए ही मौत के घाट उतार दिया।

### लूट के लिए मर्डर से शुरू हुई वारदात की कहानी

गोंदीखेड़ा चारण में रहने वाली प्रियंका पुरोहित 7 अप्रैल 2026 को पति देवकृष्ण की हत्या का केस दर्ज कराया। पत्नी प्रियंका ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाश रात में उसके घर में घुसे और दोनों को बंधक बना लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने धारदार हथियार से पति की हत्या कर दी। इसके बाद घर से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लूटकर फरार हो गए। लूटे गए माल की कीमत करीब 3.5 लाख रुपए बताई गई। पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो प्रियंका पुरोहित शक के घेरे में आ गई। वह अपने बयान में बार-बार बदलाव कर रही थी। घर की तलाशी में पुलिस को वो गहने भी मिल गए जिन्हें लूटने का दावा किया गया था।

## चुनाव के लिए प्रचार का शोर अब पूर्ण रूप से थमा

*असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोटिंग होगी*

# असम, केरल और पुडुचेरी में '296 सीटों' पर आज मतदान, 4 मई को होगी मतगणना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का शोर अब पूर्ण रूप से थम चुका है। गुरुवार को इन तीनों क्षेत्रों की कुल 296 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होने हैं। इसके साथ ही उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। चुनाव आयोग के अनुसार, असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोटिंग कराई जाएगी। असम की बात करें तो यहां कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। खास बात यह है कि 18-19 वर्ष आयु वर्ग के करीब 5.75 लाख युवा पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। असम की 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में हैं और यहां बहुमत का आंकड़ा 64 है। राज्य की 15वीं विधानसभा का कार्यकाल 20 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। वहीं, केरल में 140 सीटों के लिए 833 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां मुख्य राजनीतिक दलों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत जरूरी है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 थर्ड जेंडर वोटर्स शामिल हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 16 सीटों का बहुमत जरूरी है। कुल 9.44 लाख मतदाताओं में लगभग 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। ⏩ पढ़ें पेज 08 भी



असम में मतदान दल

### उम्मीदवारों की संख्या 1900 से ज्यादा

*असम में 1,388 नामांकन दाखिल हुए थे, जिनमें 817 उम्मीदवार थे। केरल में 2,117 नामांकन के साथ 1,252 उम्मीदवार और पुडुचेरी में 514 नामांकन के साथ 442 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। कुल मिलाकर 4,019 नामांकन दाखिल हुए, जिनमें 2,511 उम्मीदवार शामिल थे। हालांकि, स्क्रूटनी और नाम वापसी के बाद अंतिम उम्मीदवारों की संख्या घटकर लगभग 1,900 से ज्यादा रह गई है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत 'साइलेंस पीरिएड' लागू है। इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में मतदान के बाद 4 मई को मतगणना होगी और उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे।*

लाइब्रेरी में 14078 पुस्तकें हैं, ई-लाइब्रेरी के रूप में विकसित की जा रही है

# निगम की आंबेडकर लाइब्रेरी में अब 5000 किताबें एक क्लिक पर, कंप्यूटर में की अपलोड, 300 से ज्यादा स्टूडेंट रोज प्रतियोगी परीक्षाओं की करने आते हैं तैयारी

हिंदी की 6680, उर्दू की 3402 और अंग्रेजी की 3996 किताबें आम पाठकों के लिए उपलब्ध

2000 दुलर्भ किताबों का संग्रह, पुरानी हो चुकी किताबों को जीवन देने बाइंडिंग करते हैं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम की आंबेडकर लाइब्रेरी को निगम प्रशासन ने ई-लाइब्रेरी में बदलना शुरू कर दिया है। अब यहां कंप्यूटर पर एक क्लिक से 5000 किताबें उपलब्ध हैं। जिन्हें बीते दिनों कंम्यूटर पर अपलोड किया गया है। 2018 तक लाइब्रेरी में पुस्तकों की संख्या सात हजार थी, जबसे डोनेशन की पुस्तकों को बाइडिंग करके संग्रहित करने का काम यहां शुरू हुआ तो इनकी संख्या 14 हजार से अधिक पहुंच गई। यहां रोजाना 300 से ज्यादा स्टूडेंटस विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आते हैं।

आंबेडकर लाइब्रेरी के प्रभारी रफ़ी अहमद ने बताया कि अधिकांश पुस्तकें डोनेशन से प्राप्त की है। आजकल किसी भी साहित्यकार के निधन के बाद उसके घर वाले सबसे पहले उस घर से उनकी किताबों को निकालते हैं, जो लायब्रेरी में दे जाते हैं। अधिकांश पुस्तकों की स्थिति दयनीय होती है। उसके पृष्ठों को मिलाकर बाईंडिंग करवाते हैं, लेकिन 100 साल से ज्यादा पुरानी पुस्तकों की पृष्ठों की स्थिति खराब होने से उन किताबों को स्कैन करके पीडीएफ बनाकर संग्रहित कर लेते हैं।

**अधिकांश पुस्तकें डोनेशन से प्राप्त की गईं हैं**


आंबेडकर लाइब्रेरी में कंप्यूटर के माध्यम से अध्ययन करते विद्यार्थी।

### 2000 पुस्तकें दुर्लभ, रोज 10 पुस्तकों की बाइंडिंग

*लाइब्रेरी में उर्दू, हिन्दी और अंग्रेजी की दो हजार पुस्तकें दुलर्भ हैं। कुछ पुस्तकें ऐसी होती हैं, जिनके पेज गायब होते हैं या बहुत नाजुक होते हैं, उनको भी बाइडिंग करके रखा जाता है। यहां रोज 5 से 10 पुस्तकें बाइडिंग की जाती हैं।*

### 200 साल से ज्यादा पुरानी पुस्तकें भी यहां है मौजूद

*यहां पुस्तकों की एक लंबी सूची है। इनमें 100 से 200 साल पुरानी पुस्तकें भी शामिल हैं, जिनमें मुख्य रूप से लार्ड मैकाले लाइफ एंड लेटर्स 1902 संस्करण, आक्सफोर्ड शेक्सपियर ड्रामा, 3-वालयूम, 1900 संस्करण, जियोर्जियो वासारी एक इतालवी चित्रकार लिखित आठ वाल्यूम जो 1830 में प्रकाशित हुई, सर थॉमस नॉर्थ लिखित पैरेलल लाइव्स का उनका अंग्रेजी अनुवाद जिसको विलियम शेक्सपियर द्वारा अपने रोमन नाटकों के लिए इस्तेमाल किए था इसके 1860 का संस्करण,जेम्स बोसवेल लिखित सैमुअल जॉनसन की जीवनी 1830 संस्करण के अलावा भोपाल की पहली सांसद मैमूना सुल्तान की राज्यसभा कार्रवाई की 102 पुस्तकें जिसमें 1974 से 1985 की समस्त चर्चा सम्मलित है मौजूद है।*

## खबर संक्षेप

### पाल समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 को

**भोपाल।** अक्षय तृतीया दो दिन 19 व 20 अप्रैल को रहेगी। चूंकि उदयातिथि 20 अप्रैल को है, इसलिए पूजा पाठ व दान-पुण्य इसी दिन होंगे। इस साल अक्षय तृतीया तिथि का आगमन 19 अप्रैल यानि रविवार सुबह 10.55 बजे होगा, जो अगले दिन रहेगी। इस बार अक्षय तृतीया पर रोहणी नक्षत्र के साथ सर्वाथ सिद्धि, अमृत व सौभाग्य सहित प्रवर्ध योग का संगम भी बन रहा है। अखिल भारतीय पाल समाज का विवाह सम्मेलन दशहरा मैदान में ही 19 अप्रैल को होगा, जिसमें 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। वहीं सर्व ब्राहम्मण समाज के सामूहिक विवाह 20 अप्रैल को लालघाटी गुफा मंदिर के मानस भवन परिसर में होंगे।

### महामंडलेश्वर अजीलानंद के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष और मां भवानी हिंदू संगठन के अध्यक्ष पर जबरन प्रकरण दर्ज कराने का दबाव बनाने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर महामंडलेश्वर अनिलानंद के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया। महामंडलेश्वर अनिलानंद ने बताया कि जिहादियों के द्वारा हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, मां भवानी हिंदू संगठन के अध्यक्ष भानु हिंदू पर झूठे प्रकरण दर्ज कराने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन पर दबाव बनाया जा रहा है। हिंदू नेताओं की हत्या का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

### कल से होगी सिटीजन फीडबैक के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण-25 की शुरुआत

**भोपाल।** राजधानी में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए सिटीजन फीडबैक की शुरुआत 10 अप्रैल से होगी। हालांकि सफाई को लेकर निगम द्वारा करवाए गए अंदरुनी सर्वे में स्थिति ठीक नहीं पाई गई है। इसे लेकर निगम प्रशासन एक दर्जन सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को बदलने की तैयारी भी कर रहा है। शहर के 21 जोन में से 11 जोन की स्थिति ठीक नहीं है। इन क्षेत्रों के प्रभारी सुबह आठ बजे के बाद फील्ड में पहुंच रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरुआत सिटीजन फीडबैक के साथ होगी और आगामी 45 दिनों तक चलेगा। इस सर्वेक्षण में 16 अप्रैल से 31 मई तक फील्ड असेसमेंट भी होगा।

प्रदेशभर में शिक्षकों किया विरोध प्रदर्शन, कहा-

# सरकार ने परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल नहीं की तो फिर होगा आंदोलन

**18 को प्रदेशभर के शिक्षक भोपाल में एकत्र होकर परिवार सहित प्रदर्शन करेंगे, जब तक सरकार हां नहीं करेगी, डटे रहेंगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के आदेश के खिलाफ प्रदेश के कई शिक्षक संगठनों ने बुधवार को एकजुट होकर लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने परीक्षा रद्द करने की मांग उठाई। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि सरकार परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल नहीं करती है तो दोबारा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद भोपाल सहित प्रदेशभर में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालयों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन भी सौंपे। शिक्षकों का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के नाम पर जारी इस आदेश से हजारों पुराने शिक्षकों की नौकरी पर खतरा बना हुआ है। संगठनों ने सरकार से टीईटी आदेश को निरस्त करने और सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की है।

### टीईटी आदेश के खिलाफ शिक्षकों ने डीपीआई पर प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन


परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते शिक्षक।

### परिवार सहित प्रदर्शन करेंगे

*शिक्षकों ने कहा कि अगर 8 और 11 अप्रैल के बाद भी मांगें नहीं मानी गईं, तो 18 अप्रैल को प्रदेशभर के शिक्षक भोपाल में एकत्र होकर परिवार सहित प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक शिक्षक राजधानी में डटे रहेंगे। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस तरह उनकी योग्यता की जांच के नाम पर दोबारा परीक्षा कराई जा रही है, उसी तरह हर कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारी के लिए भी हर 5 साल में यूपीएससी जैसी परीक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए।*

### डीपीआई ने जारी किया था यह आदेश

*बताया गया है कि हाल ही में डीपीआई द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष से अधिक समय शेष है, उन्हें अनिवार्य रूप से टीईटी परीक्षा पास करनी होगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी, अन्यथा उनकी सेवा समाप्त की जा सकती है। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के आधार पर लिया गया है, लेकिन इस आदेश से शिक्षकों में भारी असंतोष देखा जा रहा है।*

## अवैध रेत परिवहन से रोका तो कुचल दिया रेत माफिया ने वन कर्मी को

### वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय कार्रवाई करने की मांग की

*मुरैना में अवैध रेत परिवहन रोकने पर रेत माफिया द्वारा वनरक्षक हरिकेश गुर्जर पर रेत भरी ट्रैक्टर ट्राली से कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल वन रक्षक हरकेश गुर्जर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद रेत माफिया ट्रैक्टर की रेत खाली करके फरार हो गया। ड्यूटी के दौरान वनरक्षक को ट्रैक्टर से कुचलने वाले रेत माफिया पर पुलिस प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर घटना की उच्च स्त्रीय जांच कर रेत माफिया आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर रासुका लगाने की मांग की है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वन माफिया, रेत माफिया, लकड़ी माफिया लगातार वन कर्मचारी के ऊपर प्राण घातक हमला कर उनकी जान ले रहे है। बावजूद वन कर्मचारी की सुरक्षा की दिशा में वन विभाग कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं की। जिस कारण वन माफिया के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है। वन कर्मचारी मंच ने मृतक वन कर्मचारी हरकेश गुर्जर को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए निर्णय लिया है कि यदि तीन दिन के अंदर रेत माफिया को गिरफ्तार करके रासुका की कार्रवाई नहीं की तो वन मुख्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया जाएगा।*

37 हजार 700 किसानों ने कराया गेहूं बेचने का रजिस्ट्रेशन

# एक दिन में दो हजार स्लॉट बुक सबसे पहले भरेंगे साइलो केंद्र


खरीदी केंद्रों पर गेहूं बेचने का स्लॉट बुक कराने पहुंचे किसान।

### 82 केंद्रों पर 2625 रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा किसानों से गेहूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नौ दिन देरी के बाद गुरुवार से गेहूं खरीदी शुरू हो जाएगी, जिसके लिए बुधवार को किसानों के स्लॉट बुकिंग का पोर्टल ओपन किया गया। जिसके तहत एक दिन में 1980 किसानों ने खरीदी केंद्रों पर गेहूं बेचने का स्लॉट बुक कराया, जिसके तहत गुरुवार को सबसे पहले साइलो केंद्र पर खरीदी शुरू होगी। इसके बाद शुक्रवार से सभी केंद्रों पर खरीदी शरू होगी। इस बार 37 हजार 700 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए सरकारी खरीदी केंद्रों पर रजिस्ट्रेशन कराया है।

यहां पर किसानों से 2625 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं खरीदी की जाएगी। राजधानी में इस बार एक अप्रैल से सरकारी खरीदी केंद्रों पर गेहूं खरीदी की जानी थी, लेकिन इसका समय बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया, जिसके बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने 9 अप्रैल से खरीदी करने का ऐलान किया, जिसके तहत गुरुवार से खरीदी शुरू की जा रही है। जिले को इस बार तीन लाख 58 हजार मिट्रिक टन गेहूं खरीदी करने का टॉरगेट दिया गया है।

### दो हजार किसानों को लगाना पड़ेगा 66 किलोमीटर दूरी का का चक्कर

*पिछले दिनों भोपाल-विदिशा बायपास मार्ग पर सूखी सेवनिया विदिशा रोड के बीच में रेलवे ओवरब्रिज निर्माणधीन होने की वजह से 3 माह के लिए बंद किया गया है। ऐसे में आदमपुर छावनी सोसाईटी से जुड़े खजूरी कलां, सगौनी कलां, चौर सागौनी, आदपुर, खजूरी खुर्द, डोबरा जागीर, कोलुआ खुर्द, समरथा, पड़रिया, बिलखिरिया, हताईखेड़ा, छावनी, आनंद नगर, नरैला, सॉकल, झिरिया खेड़ा, कोकता ग्राम के करीब दो हजार हजार किसानों को केंद्र तक गेहूं ले जाने के लिए करीब 66 किमी दूरी का चक्कर लगाना पड़ेगा।*

मंडी बोर्ड की संचालित डिजिटल एपीएमसी और भावांतर योजना की अवर सचिव ने की समीक्षा

## राष्ट्रीय पुरस्कार-स्पॉट स्टडी के लिए केंद्रीय दल पहुंचा मंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डिजिटल एपीएमसी और भावांतर योजना (बीबीवाई) के लिए ई-गवर्नेंस (एनएएजी)2026 के राष्ट्रीय पुरस्कार-स्पॉट स्टडी के लिए भारत सरकार की ओर से अवर सचिव सुनील कुमार स्वर्णकार, कृष्णु मुखर्जी स्टडी दौरे पर प्रदेश की देवास मंडी में पहुंचे और यहां तीसरे दिवस लाइव समीक्षा बैठक की।

बैठक को एनआईसी के डायरेक्टर मुशर्रफ, मंडी बोर्ड के सहायक संचालक योगेश नागले, इंदौर मंडी सचिव, सहायक संचालक ओपी खेड़े, देवास मंडी सचिव, सहायक संचालक अरविंद कुमार परिहार, सहायक सचिव मोहन सिंह मालवीय सहित देवास मंडी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर मंडी बोर्ड द्वारा एनआईसी के माध्यम से संचालित ई- मंडी, फार्मगेट एप, भावांतर भुगतान योजना पोर्टल, फ्लाइंग एप, ई अनुज्ञा, लोक सेवा गारंटी अंतर्गत संचालित 16 सेवाएं सहित विभिन्न सेवाओं और विभिन्न विषयों पर विस्तार से लाइव दिखाया। केंद्रीय दल ने इस दौरान विस्तार से एक एक प्वांइट पर चर्चा की और ई-मंडी, भावांतर भुगतान योजना की तारीफ की गई।

द आर्ट ऑफ लिविंग के तीन दिनी विशेष सत्र आयोजित

## बिजली दफ्तर में कार्यकुशलता और मानसिक शांति का दिखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कार्यस्थल पर बढ़ते तनाव को दूर करने और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित आस्था परिसर में द आर्ट ऑफ लिविंग का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुधवार को संपन्न हुआ। द आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से आयोजित इस तीन दिवसीय विशेष सत्र में शरीर, मन और श्वास के विज्ञान के माध्यम से कंपनी के कार्मिकों को जीवन जीने की कला सिखाई गई।



कार्यक्रम में तनाव मुक्ति के लिए आर्ट ऑफ लिविंग की विशेष और शक्तिशाली श्वसन तकनीक सुदर्शन क्रिया, दैनिक अभ्यास के लिए आसान योग अनुक्रम और पावर नैप तकनीक, माइंड मैनेजमेंट के अंतर्गत मन के स्वभाव को समझना, नकारात्मकता से निपटना और एकाग्रता बढ़ाने के साथ ही जीवन कौशल में आपसी संबंधों में सुधार, टीम वर्क और कार्य-जीवन के बीच संतुलन बनाने पर इंटरएक्टिव चर्चा के माध्यम से प्रतिभागियों को शारीरिक रूप से ऊजार्वान के साथ बेहतर निर्णय लेने और चुनौतीपूर्ण स्थितियों में शांत रहने की कला भी सिखाई गई।

गायत्री मंदिर बरखेड़ा में 5 दिवसीय प्रतिभा कौशल संवर्धन शिविर का समापन

## महिला पुरोहितों ने यज्ञोपवीत धारण कर समाज में सुसंस्कार जागरण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गायत्री परिवार ट्रस्ट बरखेड़ा द्वारा गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 5 दिवसीय प्रतिभा कौशल संवर्धन शिविर का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन दिवस पर 50 महिला पुरोहितों ने यज्ञोपवीत धारण कर समाज में सुसंस्कार जागरण का संकल्प लिया। शिविर में गायत्री परिवार के प्रांतीय प्रशिक्षक रमेश अभिलाषी द्वारा यज्ञ एवं षोडश संस्कारों को वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराने की विधा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी महिला प्रतिभागियों ने यज्ञोपवीत धारण कर युग पुरोहित के रूप में समाज सेवा हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर अभिलाषी ने कहा कि वैदिक काल में नारियां वेदपाठी होने के साथ-साथ यज्ञों में आचार्य पद का दायित्व निभाती थीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पुनः उस गौरवशाली परंपरा को स्थापित करने की आवश्यकता है।



### नारियों को युग पुरोहित बनाएंगे: नागर

*कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रमेश नागर (जिला समन्वयक) ने कहा कि नारियों को युग पुरोहित बनाने हेतु भोपाल जिले के अन्य स्थानों पर भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं शक्तिपीठ प्रकोष्ठ प्रभारी आरके गुप्ता ने कहा कि समाज में श्रेष्ठ व्यक्तित्वों के निर्माण में गायत्री परिवार अग्रणी भूमिका निभा रहा है और यह समय सकारात्मक परिवर्तन का है। कार्यक्रम का संचालन जिला समिति के सह-समन्वयक सुरेश श्रीवास्तव ने किया तथा आभार प्रदर्शन सरला शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।*

कार्यक्रम में करीब 40 उद्योगों ने की भागीदारी

## निटर का 62वां स्थापना दिवसः अंतिम दिन इंडस्ट्री- इंस्टीट्यूट कॉन्क्लेव का आयोजन


निटर के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) में बुधवार को 62 वें स्थापना दिवस के समापन पर इंडस्ट्री- इंस्टीट्यूट कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में करीब 40 उद्योगों ने भागीदारी की, जिससे उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग और समन्वय को मजबूत करने का प्रयास किया गया। प्रमुख अतिथियों के रूप में राजीव अग्रवाल, मोटिवेशनल स्पीकर एवं पूर्व अध्यक्ष, इंडस्ट्री एसोसिएशन, मंडीदीप, अभय शुक्ला, सीईओ, ट्राइडेंट ग्रुप, बुधनी, अजीत वाघ, प्रबंधक (क्वालिटी कंट्रोल), हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) नासिक, राकेश भावसार, स्वतंत्र निदेशक, एचएएल बोर्ड, गिरीश शर्मा, परियोजना निदेशक (स्किल डेवलपमेंट), मप्र शासन और रविदास ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल उपस्थित रहे।

शहर के प्रमुख स्थलों पर होंगी पुलिस बैंड की मनमोहक प्रस्तुतियां

# पुलिस बैंड की धुन पर युवाओं को भर्ती के लिए किया जाएगा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक (बैंड) भर्ती 2026 की प्रक्रिया को लेकर युवाओं में उत्साह जगाने और व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राजधानी भोपाल में एक अनूठी पहल की जा रही है। मध्यप्रदेश सातवीं वाहिनी का पुलिस बैंड आज से 19 अप्रैल तक शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अपनी जादुई प्रस्तुतियों से न केवल नागरिकों का मनोरंजन करेगा, बल्कि युवाओं को पुलिस बल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित भी करेगा।

बैंड प्रभारी कमला रावत के अनुसार, पुलिस बैंड द्वारा शाम साढ़े 5 बजे से साढ़े 6 बजे तक देशभक्ति और अन्य लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह विशेष कार्यक्रम आम नागरिकों और विशेषकर उन युवाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है जो संगीत के माध्यम से देश सेवा का सपना देखते हैं। 9 दिवसीय इस कार्यक्रम की शुरुआत 8 अप्रैल को बोट क्लब से होगी।

### 679 पदों के लिए 19 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन


पुलिस बैंड अपनी प्रस्तुति देते हुए।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आरक्षक (बैंड) के कुल 679 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया विशेष रूप से पुरुष अभ्यर्थियों के लिए है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार एमपी ऑनलाइन के पोर्टल के माध्यम से 19 अप्रैल 2026 तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 5 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं से अपील की है कि वे इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएं। पुलिस बैंड का हिस्सा बनकर युवा न केवल अपनी कला को प्रदर्शित कर सकेंगे, बल्कि अनुशासित पुलिस बल में शामिल होकर राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान भी दे सकेंगे।

### यहां देख सकेंगे पुलिस बैंड का जलवा

*पुलिस विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, बैंड की प्रस्तुतियां इन प्रमुख स्थानों पर होंगी। 8 अप्रैल को बोट क्लब, 9 अप्रैल को नेहरू नगर, 10 अप्रैल रॉयल मार्केट के समीप, 12 अप्रैल शाहपुरा लेक, 13 अप्रैल कमला नगर, 14 अप्रैल टीटी नगर बस स्टॉप, 16 अप्रैल रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, 18 अप्रैल डीबी मॉल परिसर और 19 अप्रैल को कमला पार्क पर प्रस्तुति दी जाएगी।*

मेट्रो के सुरक्षा अधिकारियों, स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने कराया रूबरू

## एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम ने तकनीकों और प्रक्रियाओं की दी जानकारी



**भोपाल।** यात्री सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार को भोपाल मेट्रो के सुभाष नगर स्टेशन पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और सिविल डिफेंस की टीम द्वारा एक विस्तृत प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेट्रो के सुरक्षा अधिकारियों, सुरक्षा स्टाफ एवं मेट्रो ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टीम को विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जरूरी तकनीकों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने आग लगने, भूकंप, तकनीकी खराबी, भीड़ प्रबंधन तथा अन्य आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही, रेस्क्यू ऑपरेशन, प्राथमिक उपचार, यात्रियों की सुरक्षित निकासी और समन्वित कार्यप्रणाली के बारे में व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की गई। इस मौके पर मेट्रो के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

भोपाल
गुरुवार, 9 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -07
वर्ष : 13, अंक : 07
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 31
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 दिव्या ने ड्रा को जीत में बदला, हासिल...



विचार पेज
06 हम नारी शक्ति को 'सशक्त' करें

## सबरीमाला मंदिर मामले में नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष हुई सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- धर्म में अंधविश्वास क्या है? इसका फैसला करने का हमें 'अधिकार'
# सरकार का कहना-न्यायाधीश कानून के विशेषज्ञ होते हैं, धर्म के नहीं, फैसले का हक नहीं

**सरकार ने कहा**
संविधान के अनुच्छेद 25(2)(बी) के तहत यह विधायिका का काम है कि वह सुधार कानून बनाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सबरीमाला मंदिर मामले से जुड़ी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह महत्वपूर्ण अवलोकन किया कि किसी धर्म में कौन सी प्रथा अंधविश्वास है, यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र रखता है। यह टिप्पणी केंद्र सरकार के उस तर्क के जवाब में आई जिसमें कहा गया था कि एक धर्मनिरपेक्ष अदालत इस मुद्दे पर फैसला नहीं कर सकती क्योंकि न्यायाधीश कानून के विशेषज्ञ होते हैं, धर्म के नहीं। सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट अब धर्म के भीतर अंधविश्वास की परिभाषा तय करने के अधिकार क्षेत्र पर विचार कर रहा है। बुधवार को नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने यह महत्वपूर्ण अवलोकन किया कि किसी धर्म में कौन सी ▶▶ शेष पेज 4 पर



### विधायिका का निर्णय ही अंतिम, यह सही नहीं

*हालांकि, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने मेहता के इस तर्क को बहुत सरल बताते हुए कहा कि अदालत के पास यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र है कि कोई चीज अंधविश्वास है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके बाद क्या होगा, यह विधायिका का काम है, लेकिन अदालत में यह नहीं कहा जा सकता कि विधायिका का निर्णय ही अंतिम होगा। न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि यदि जादू-टोना को धार्मिक प्रथा का हिस्सा माना जाए, तो क्या उसे अंधविश्वास नहीं माना जाएगा? उन्होंने मेहता से पूछा कि यदि अदालत के पास अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी याचिका आती है कि जादू-टोना की एक धार्मिक प्रथा मौजूद है, और विधायिका खामोश है, तो क्या अदालत खाली क्षेत्र के सिद्धांत का उपयोग करके स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ऐसी प्रथा को प्रतिबंधित करने का निर्देश नहीं दे सकती?* ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### इंदौर के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी



**इंदौर।** राऊ क्षेत्र के दिल्ली पब्लिक स्कूल को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला। सुबह करीब 8:23 बजे स्कूल प्रबंधन को यह मेल मिला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। एहतियात के तौर पर पूरे स्कूल परिसर को खाली कराकर छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बम निरोधक दस्ता को भी बुलाया गया। स्कूल के हर हिस्से की बारीकी से जांच की गई लेकिन कुछ नहीं मिला।

### नकली दूध फैक्ट्री पकड़ाई 1000 ली. केमिकल जब्त



**मंदसौर।** यहां नकली दूध फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है। यहां के कोटड़ा बुजुर्ग में पुलिस ने दबिश देकर तीन साल से चल रले नकली दूध की फैक्ट्री का खुलासा किया है। मौके से पुलिस ने 1000 लीटर केमिकल, 1500 लीटर दूध जब्त किया है। जिससे सिंथेटिक दूध बना रहे थे। साथ ही सैंपल भी जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं। पूरा मामला शामगढ़ थाना पुलिस क्षेत्र का बताया जा रहा है। फैक्ट्री तीन साल से चल रही थी।

### बड़वानी जिले में 3.6 तीव्रता का आया भूकंप



**बड़वानी।** जिले में बुधवार को अचानक भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। कंपन महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। सेंधवा क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न इलाकों में जमीन में हल्का कंपन महसूस किए जाने की जानकारी सामने आई है। जिले के अंजड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहिपुरा में बुधवार दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## बड़ी वारदात : मुरैना में एक बार फिर रेत माफिया का 'खूनी खेल'

# रेत से भरे ट्रैक्टर को पकड़ रहे वन रक्षक को 'कुचल' डाला

**घटना के बाद से लोगों में नाराजगी, वन विभाग के कर्मचारी भी चिंतित**

*कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी समीर सौरभ और डीएफओ हरिश्चंद्र बघेल मौके पर पहुंचे और प्रत्यक्षदर्शियों से बात की*



पवन तोमर (मालिक) सोनू चौहान (मालिक)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

चंबल इलाके में रेत माफिया का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। चंबल नदी क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन का खेल चल रहा है। अब मुरैना में रेत माफिया ने एक वन रक्षक को ट्रैक्टर से कुचल दिया है। अस्पताल लाने पर कॉन्स्टेबल हरिकेश गुर्जर की मौत हो गई है। वारदात दिमनी थाना इलाके में रानपुर गांव चौराहे के पास बुधवार सुबह करीब 6 बजे की है।

पुलिस ने बताया कि वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम रूटीन गश्त पर निकली थी। इसी दौरान सामने से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखी। टीम ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की। वन रक्षक हरिकेश गुर्जर रोकने के लिए आगे बढ़े तो विनोद ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

**हत्या के बाद रेत बेचकर आरोपी भाग निकले**



हरिकेश गुर्जर (मृतक)



लाल घेरे में आरोपी ड्राइवर

**ट्रैक्टर मालिकों में दोनों एक पार्टी के पदाधिकारी**

**वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम रूटीन गश्त पर निकली थी**

### कुछ समय पहले अंबाह रेंज में हुआ था पदस्थ

मृतक हरिकेश गुर्जर मुरैना जिले के सरायछोला थाना क्षेत्र अंतर्गत जनकपुर गांव का निवासी है। कुछ समय पहले ही वह मध्य प्रदेश के अन्य जिले से स्थानांतरित होकर अंबाह रेंज में पदस्थ हुआ था।

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा-इस घटना ने साबित कर दिया कि अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो चुका



*नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त और अपराधियों के हौसले चरम पर हैं। मुरैना में रेत माफिया द्वारा वन विभाग की टीम पर हमला कर आरक्षक हरकेश गुर्जर को ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर देना न केवल भयावह है, बल्कि यह साबित करता है कि प्रदेश में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो चुका है।*

### काश...वन कर्मियों को हथियार रखने के साथ चलाने की अनुमति होती?

**भोपाल।** मुरैना में एक वन कर्मी की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने के मामले में एक और तथ्य सामने आया है। यह पूरी तरह से वन महकमे की आपराधिक लापरवाही प्रतीत होती है। चूंकि यदि पूर्व की घटनाओं से सबक लेते हुए वन महकमा वनकर्मियों को हथियार चलाने की अनुमति दे दी होती, तो शायद यह घटना नहीं होती। दरअसल, विदिशा जिले के लटेरी घटना की जांच करने वाले न्यायमूर्ति चौहान आयोग की रिपोर्ट के साथ-साथ, तत्कालीन पीसीसीएफ (हॉफ) ने नवंबर 2025 में वन विभाग को यह सिफारिश की थी कि वन बलों को हथियार मुहैया कराए जाएं। उन्हें असम, महाराष्ट्र और ओडिशा के समान कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाए। दुर्भाग्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

## जबलपुर लोकायुक्त टीम की कार्रवाई

# नगर पालिका का बाबू मांग रहा था 52 हजार घूस, धरा गया

**38 हजार रुपए में कर लिया था सौदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर



संजय तिवारी (आरोपी)

नरसिंहपुर नगर पालिका में बुधवार को जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के बाबू संजय तिवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। बाबू संजय तिवारी के खिलाफ भीष्म नारायण ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इंदौर में 90 हजार लेते पकड़ाए पीडब्ल्यूडी के दो इंजीनियर

मंगलवार को इंदौर में लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पीडब्ल्यूडी के दो अफसर बालकुमार जैन, सहायक यंत्री/प्रभारी कार्यपालन अधिकारी और धीरेंद्र कुमार मीना उपयंत्री/प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी को 90 हजार रिश्वत लेते पकड़ लिया। रिश्वतखोर अधिकारियों ने ग्वालियर के रामनगर में रहने वाले फरियादी राघवेंद्र सिंह गुर्जर से जो कि ओम ▶▶ शेष पेज 4 पर

## छिंदवाड़ा में सड़क हादसा

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर 2 महिलाओं की मौत, युवक घायल

**युवक की हालत गंभीर नागपुर रेफर किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के मोहखेड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बैतूल रोड स्थित नरसला में बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप ने दोपहिया वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मुख्य न्यायाधीशों के मैसेज पढ़ने थे

# मोबाइल लेकर पहली बार सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सीजेआई

**बोले- मैं अपनी जिंदगी में कभी नहीं लाया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सूर्यकांत सीजेआई

अदालत में मोबाइल फोन का इस्तेमाल आम तौर पर अच्छा नहीं माना जाता। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत सोमवार को अदालत में मोबाइल फोन लेकर पहुंचे। सीजेआई सूर्यकांत ने खुद भी कहा कि उनकी जिंदगी में ऐसा पहली बार हुआ है कि उन्हें मोबाइल लेकर कोर्ट रूम में आना पड़ा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें एसआईआर प्रक्रिया के सिलसिले में कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के कुछ मैसेजों को पढ़ना था। अपने मोबाइल नंबर पर भेजे गए पत्रों को पढ़ते हुए मुख्य न्यायाधीश ने मुस्कुराते हुए कहा कि दरअसल, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## यात्रियों के लिए परेशानी वाली खबर

# भोपाल से चलने वाली 8 ट्रेनें रद्द रखरखाव के चलते नहीं चलेंगी

**करीब 20 हजार से अधिक यात्री होंगे प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



फाइल फोटो

रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्य के कारण भोपाल से चलने और गुजरने वाली आठ प्रमुख ट्रेनों के नियत फेरे कैंसिल रहेंगे। नागपुर मंडल से गोंदिया स्टेशन पर ट्रैक सुधार और जयपुर मंडल के कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते यह निर्णय लिया गया है। ये ट्रेनें नागपुर-जयपुर मंडल में इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य के कारण अप्रैल-मई में निरस्त रहेंगी। इन ट्रेनों के अचानक रद्द रहने से करीब 20 हजार से अधिक यात्रियों के प्रभावित होने का अनुमान है। इन ट्रेनों के फेरे रहेंगे कैंसिल : ▶▶ शेष पेज 4 पर

# शिक्षकों ने परीक्षा रद्द करने की मांग की



### 'टीईटी आदेश' के खिलाफ शिक्षकों ने डीपीआई घेरा, सीएम के नाम ज्ञापन दिया

**भोपाल।** राजधानी में बुधवार दोपहर टीईटी (टीचर्स एलिजीबिलिटी टेस्ट) अनिवार्यता के आदेश के विरोध में शिक्षक संगठनों ने लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) मुख्यालय का घेराव किया। नारेबाजी करते हुए शिक्षकों ने परीक्षा रद्द करने की मांग की। ▶▶ शेष पेज 4 पर

# खुदरा महंगाई दर का अनुमान 4.6% रखा

## ईएमआई में फिलहाल कोई बदलाव नहीं

# रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों को 5.25% पर रखा बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



संजय मल्होत्रा

नए वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजों का ऐलान हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए बताया कि केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। इसका सीधा मतलब यह है कि आपकी होम लोन, कार लोन या पर्सनल लोन की ईएमआई फिलहाल स्थिर रहेगी और उनमें कोई कमी या बढ़ोत्तरी नहीं होगी। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

### जंग के हालातों को देखते हुए सावधानी बरतना जरूरी

गवर्नर संजय मल्होत्रा के अनुसार आरबीआई का मुख्य फोकस महंगाई को स्थायी रूप से 4% के लक्ष्य तक लाना है। हालांकि महंगाई नियंत्रण में दिख रही है, लेकिन ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के हालातों को देखते हुए सावधानी बरतना जरूरी है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 4.6% महंगाई दर का अनुमान लगाया है। अगर आप नया लोन लेने की सोच रहे हैं, तो ब्याज दरें वैसी ही रहेंगी जैसी पिछले महीने थीं। फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाला ब्याज भी फिलहाल स्थिर रहेगा, जो बचत करने वालों के लिए एक अच्छी खबर है।

## दूसरे और तीसरे सप्ताह में भी पारा 38 से 40 डिग्री तक ही पहुंचने की उम्मीद

**फिर बदलेगा प्रदेश का मौसम**

# अप्रैल का पहला सप्ताह रहा ठंडा, कल से गर्मी बढ़ेगी, आंधी व बारिश का एक दौर और आएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**इस साल 37 डिग्री को पार नहीं कर सका**

**पिछले 10 साल में इस महीने लगातार तीन साल 43 से 44 डिग्री तक गर्मी रही**

राजधानी में इस साल अप्रैल का पहला सप्ताह पिछले वर्षों की तुलना में ठंडा बीता है। एक अप्रैल का शहर का दिन का पारा 37 डिग्री तक रहा, जिसके बाद इसमें धीरे-धीरे कमी आती रही। पिछले 10 साल में इस महीने लगातार तीन साल 43 से 44 डिग्री तक गर्मी रही, लेकिन इस साल पारा अभी 37 डिग्री तक ही पहुंचा है।

अब शुक्रवार से गर्मी में बढ़त की उम्मीद है। दूसरे सप्ताह से तीसरे सप्ताह के बीच बारिश का एक दौर और चलने से अप्रैल में इस बार गर्मी 43 से 44 डिग्री तक नहीं पहुंच पाएगी। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन के बाद तापमान में वृद्धि होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस महीने पहला सप्ताह अपेक्षाकृत ठंडा रहा है। राजधानी में वर्ष 2016 से 2026 के बीच 6 साल दिन का पारा 43 से 44 डिग्री तक रहा है। इनमें वर्ष 2026 में 42.6, 2017-42.7, 2018-42.8, ▶▶ शेष पेज 4 पर



राजधानी की पॉलिटेक्निक रोड, दोपहर 1:15 बजे का दृश्य

### पहले सप्ताह का पारा

| तारीख | पारा |
|---|---|
| 1 अप्रैल | 37.4 |
| 2 अप्रैल | 36.8 |
| 3 अप्रैल | 36.2 |
| 4 अप्रैल | 35.2 |
| 5 अप्रैल | 33.4 |
| 6 अप्रैल | 34.0 |
| 7 अप्रैल | 34.4 |
| 8 अप्रैल | 33.2 डिग्री रहा। यह नार्मल से 4.6 डिग्री कम है |

### आज यहां ओले गिरेंगे

गुरुवार तक दतिया, भिंड, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, सतना में बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### कल्याणकारी योजनाओं से कराया अवगत

**भोपाल।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अध्यक्ष शाजी कृष्णन से भोपाल प्रवास पर अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने भेंट कर मध्यप्रदेश में कृषि एवं ग्रामीण विकास की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक सी.सरस्वती, अपेक्स बैंक के उप महाप्रबंधक केटी सज्जन, ओएसडी अरविंद बौद्ध भी उपस्थित रहे। गुप्ता ने मप्र में पैक्स एवं सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों से नाबार्ड अध्यक्ष को अवगत कराते हुए नाबार्ड से इस दिशा में योजनाएं बनाने का अनुरोध किया।

### खंडेलवाल आज निवाड़ी टीकमगढ़ प्रवास पर

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल 9 अप्रैल को निवाड़ी एवं टीकमगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान जिला बैठक, जिला जनप्रतिनिधि बैठक एवं छोटी टोली बैठक को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल दोपहर 12 बजे निवाड़ी में जिला बैठक एवं जिला जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करेंगे। दोपहर 1.30 बजे छोटी टोली बैठक में को संबोधित करेंगे। दोपहर 3 बजे निवाड़ी जिले की जतारा विधानसभा के पृथ्वीपुर में गांव-बस्ती चलो अभियान में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे टीकमगढ़ में जिला बैठक, जिला जनप्रतिनिधि बैठक व शाम 6 बजे छोटी टोली बैठक करेंगे।

### पेटा ने रुकवाया मेंढा लड़ाई काम्पटीशन

**भोपाल।** बैरसिया के पिपलिया हरनाथ गांव में 29 मार्च को मेढ़ा लड़ाई काम्पटीशन पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स इंडिया (पेटा इंडिया) ने रद्द करा दिया। इस काम्पटीशन में दो नर मेंढ़ों को लड़वाया जाता है, जिसके लिए एंट्री फीस भी रखी गई थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पेटा कार्यकर्ता श्रीकुट्टी बेनेट ने पुलिस आयुक्त संजय कुमार से मिलकर जानकारी दी। जिसके आधार पर इस काम्पटीन को रद्द कर दिया गया है।

---

**सभी विभाग वर्ष 2026-27 की कार्य योजना और लक्ष्य 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करें**

# पिछले ढाई साल में अपने-अपने विभाग की बड़ी और विशेष उपलब्धियां एक सप्ताह में प्रस्तुत करें, मुख्य सचिव के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को सभी विभागों के प्रमुखों की एक साथ बैठक लेकर कहा कि वे पिछले ढाई साल में अपने-अपने विभाग की बड़ी और विशेष उपलब्धियों और आगामी वर्ष में किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी अगले एक सप्ताह में प्रस्तुत करें।

उन्होंने लोक सेवा गारंटी और सीएम हेल्पलाइन के समय-सीमा से अधिक लंबित प्रकरणों में योजना और प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर सप्ताह रिव्यू करें जिससे लंबित प्रकरणों में संतोषजनक निराकरण हो सके। मुख्य सचिव जैन बुधवार को मंत्रालय में समस्त विभागाध्यक्षों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं को समाहित कर अपने विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्य योजना और लक्ष्य 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में समय-सीमा से ऊपर के प्रकरणों की समीक्षा करने के साथ सेंपल जांच करने के निर्देश भी दिए हैं।

**खास बातें**

- महिला सशक्तिकरण की सफल कहानियों का करें प्रचार
- लोक सेवा गांरटी और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का साप्ताहिक करें रिव्यू



विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते सीएस जैन।

**अब तक 1055 सेवाएं ऑनलाइन हुई**

मुख्य सचिव जैन ने एमपीई-सेवा पोर्टल के उपयोग की समीक्षा की और इसे नागरिकों के लिए और भी आसान बनाने के निर्देश दिए। अब तक 1055 सेवाएं आनॅलाइन हुई हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी सेवाएं देखकर अद्यतन कर लें। बैठक में कैबिनेट के निर्णयों का समय पर पालन सुनिश्चित करने, न्यायालयीन प्रकरणों में संवेदनशीलता बरतने और अधीनस्थों की सी आर समय सीमा में लिखने पर भी चर्चा हुई।

**कानूनों में संशोधन, नया एक्ट लाने की समीक्षा**

*मुख्य सचिव जैन ने वर्ष 1947 के पूर्व बने कानूनों में संशोधन, निरसन और नया एक्ट लाने की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने 31 मई की अंतिम समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागाध्यक्षों से कहा कि वे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस कार्य को पूर्ण करें, जिससे आवश्यक होने पर कैबिनेट की मंजूरी ली जा सके। बैठक में एक्शन प्लान-2028 की प्रगति रिपोर्ट का स्टेट्स रिव्यू भी किया गया। जैन ने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में काफी बेहतर काम हुआ है। उन्होंने सफल महिलाओं की सक्सेस स्टोरी समाज के सामने लाए जाने के लिए अभियान चलाने के लिए कहा है। मुख्य सचिव जैन ने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल की सुगम उपलब्धता के लिए लगातार एक्शन मोड में काम करने को कहा। उन्होंने नए हैंडपंप खनन के लिए एक-दो दिन में एसओपी जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव जैन ने ग्रामीण अंचलों में अग्नि-दुर्घटनाओं की रोकथाम के अलावा बचाव कार्य के लिए योजना बनाने के लिए कहा है। उन्होंने गृह विभाग को निर्देश दिए कि वे थाना स्तर पर अग्नि शमन के लिए उपलब्ध टैंकर्स आदि की जानकारी एकत्र कर लें।*

---

**कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन**

# कांग्रेस के व्यक्तिगत हितों की कीमत देश ने वर्षों तक चुकाई, उसकी कोई विचारधारा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव के तहत कार्य करते हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता तुष्टिकरण प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हैं। कांग्रेस अंग्रेजों की बनाई संस्था है, उसकी कोई विचारधारा नहीं। आजादी के बाद कांग्रेस नेताओं के व्यक्तिगगत हितों की कीमत पूरे देश ने वर्षों तक चुकाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को जबलपुर में थे। उन्होंने इस दौरान पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों के साथ इतने पाप किया है कि कांग्रेस पार्टी की दो पीढ़ियां भी माफी मांगें तो भी कम है। भाजपा ने जनसंघ से लेकर आज तक अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। जिन उद्देश्यों को लेकर जनसंघ का गठन किया गया था, हम आज भी उसी विचारधारा को लेकर देश और जनता की सेवा कर रहे हैं।

**कांग्रेस ने किसानों के साथ इतने पाप किए हैं कि कांग्रेस की दो पीढ़ियां माफी मागें तो भी कम**



भाजपा कार्यालय में दी प्रज्जवलित करते सीएम डॉ. यादव व मंत्री सिंह।

**कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए मुस्लिम बहनों की जिंदगी नर्क बना दी थी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करती है। वर्षों पहले सर्वोच्च न्यायालय ने तीन तलाक को लेकर फैसला दिया था, लेकिन कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार ने फैसले के तहत मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाने की बजाय तुष्टिकरण करने लगी। तत्कालीन केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ कानून में संशोधन कर मुस्लिम बहनों की जिंदगी नर्क बना दी थी।

**कांग्रेस की वजह से जम्मू-कश्मीर में हजारों निर्दोष लोगों का खून बहा**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस की अपनी स्वयं की कोई विचारधारा नहीं है। कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं के व्यक्तिगत हितों के कारण केसर की क्यारी वाली धरती जम्मू-कश्मीर में हजारों निर्दोष लोगों का खून बहाया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान का विरोध करते हुए आदोलन किया और जनसंघ की स्थापना की।

**सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाएं संगठन को मजबूत बनाएंः मंत्री सिंह**

मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। मप्र सरकार की उपलब्धियां जनता को बताएं कि कैसे जनता जनार्दन के हितों के लिए भाजपा संगठन और सरकार प्रतिबद्ध है।

**वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान**

मुख्यमंत्री ने गांव-बस्ती चलो अभियान के शुभारंभ अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयराज पटैरिया, सुरेश देशपाण्डे, आनंद बर्नाड, राजकुमार मेहता, गोकुल केसरवानी, सत्यप्रकाश खरे, विजय बर्मन, वीरेन्द्र गिरी गोस्वामी, कमल गुमास्ता एवं रामप्रकाश गर्ग का सम्मान किया।

**मुख्यमंत्री ने जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज से की भेंट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण, जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से साकेत वाटिका में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने स्वामी श्री रामभद्राचार्य का शॉल श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व प्रसिद्ध रामकथा वाचक स्वामी से आत्मीयता से भेंटकर प्रदेश के कल्याण और विकास के लिए शुभाशीष प्राप्त किया। स्वामी जी ने मुख्यमंत्री का माला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद दिया। स्वामी जी के अनुयायियों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह के रूप में श्री राम दरबार की प्रतिकृति भेंट की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन उपस्थित थे। जबलपुर के आयुर्वेद कॉलेज मैदान ग्वारीघाट में स्वामी रामभद्राचार्य श्री रामकथा कर रहे है।



---

# मुरैना व भिंड में प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल और विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने ली बैठकें




बैठक में उपस्थित खंडेलवाल और तोमर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को मुरैना व भिण्ड एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मुरैना में जिला प्रतिनिधि बैठक, वरिष्ठ जन बैठक, छोटी टोली की बैठक एवं जिला बैठक को संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने भिण्ड जिले के अटेर विधानसभा में बूथ सम्मेलन को भी संबोधित किया।

# एक्टिविस्ट अजय दुबे ने जस्टिस चौहान आयोग की सिफारिशें लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के आरटीआई वन पर्यावरण कार्यकर्ता अजय दुबे ने मुरैना में रेत माफिया की ओर से वन रक्षक हरिकेश गुर्जर की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव (वन) को पत्र लिखकर वन अमले को पर्याप्त सुरक्षा देने की मांग की है।

उन्होंने इस मामले में बरती जा रही उदासीनता की आलोचना की है। दुबे ने कहा कि यह घटना मप्र की कानून-व्यवस्था और वन सुरक्षा तंत्र की विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने रेखांकित किया कि नवंबर 2025 में तत्कालीन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) ने विदिशा के लटेरी गोलीकांड के बाद गठित जस्टिस चौहान न्यायिक जांच आयोग की सिफारिशें पर अनुशंसाएं शासन को सौंपी थीं, लेकिन ये अनुशंसाएं आज भी धूल फांक रही हैं। दुबे ने कहा कि यदि सरकार ने जस्टिस चौहान आयोग और तत्कालीन पीसीसीएफ हॉफ के सुझावों और वन बल को हथियार उपलब्ध कराने संबंधी अनुशंसाओं पर समय रहते निर्णय लिया होता, तो शायद वनकर्मी की जान बचाई जा सकती थी। महाराष्ट्र, ओडिशा और असम की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी 'मजिस्ट्रेट जांच' की अनिवार्यता लागू की जानी चाहिए।

---

**महासचिव शर्मा बोलीं- हिमंता दलित विरोधी मुख्यमंत्री, माफी मांगें**

# असम के सीएम के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने पीसीसी के सामने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला जलाया। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने असम के सीएम को दलित विरोधी बताते हुए नारेबाजी की। महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रूपाली शर्मा ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री एक दलित विरोधी सीएम हैं।

उन्होंने एक दलित वर्ग के नेता, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का अपमान किया है। आज हमने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला जलाया है। अगर वे माफी नहीं मांगते हैं तो महिला कांग्रेस आगे भी उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करती रहेगी।



पुतला जलाकर हिमंता बिस्वा का विरोध करतीं महिला कांग्रेस।

**क्यों हो रहा असम के सीएम का विरोध**

दरअसल, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुईया के तीन पासपोर्ट होने और विदेशी संपत्ति होने के आरोप लगाए थे। इसका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी समर्थन किया। खरगे पर असम के सीएम ने प्रतिक्रिया देते हुए टिप्पणी की। इसका कांग्रेस के नेता विरोध कर रहे हैं।

***क्या था पूरा मामला और बयान?***

*विवाद की शुरुआत तब हुई, जब कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा पर विदेशी संपति और कई पासपोर्ट होने के आरोप लगाए। इसके बाद असम पुलिस ने दिल्ली में खेड़ा के आवास पर छापेमारी की। इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार की आलोचना की थी और विदेश मंत्रालय से स्पष्टीकरण की बात कही थी।*

---

**जनगणना के लिए केंद्रीय गृह सचिव का मुख्य सचिव को पत्र**

# केंद्र की चिट्ठी, 31 मार्च 2027 तक न करें तबादले तैनात होंगे 1.90 लाख अधिकारी एवं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनगणना कार्य में लगाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला 31 मार्च 2027 तक नहीं किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए मप्र समेत सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि राज्य सरकार इस संबंध में निर्देश जारी करेगी और इसकी जानकारी रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त को दी जाएगी।

केंद्र सरकार के निर्देश का असर प्रदेश के 1.90 लाख अधिकारी-कर्मचारी पर पड़ना तय है। केंद्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने इसको लेकर मार्च के महीने में ही सभी राज्यों समेत मप्र के मुख्य सचिव अनुराग जैन को निर्देश जारी किए हैं। इसमें जनगणना 2027 के मद्देनजर तबादलों पर प्रतिबंध की बात कही गई है। केंद्रीय गृह सचिव द्वारा चीफ सेक्रेट्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल माध्यम से दो चरणों में पूरी कराई जाएगी, जिसमें सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। पहला चरण "हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस" अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच 30 दिनों की अवधि में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा तय समय के अनुसार कराया जाएगा। जनगणना का दूसरा चरण जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में आयोजित होगा। पत्र में कहा गया है कि लद्दाख तथा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों में यह कार्य सितंबर 2026 में ही पूरा किया जाएगा।

**मप्र के होम डिपार्टमेंट ने जारी नहीं किए निर्देश**

*मुख्य सचिव को लिखे पत्र में केंद्रीय गृह सचिव ने यह स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य में नियुक्त अधिकारियों का स्थानांतरण 31 मार्च 2027 तक न किया जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने राज्यों से इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करने और उसकी जानकारी रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय को भेजने को कहा है। इसको लेकर एमपी के गृह विभाग द्वारा कोई निर्देश विभागों को जारी नहीं किए गए हैं।*

**संभागायुक्त, कलेक्टर, निगमायुक्त होंगे प्रभावित**

*मोहन सरकार में कई संभागों के संभागायुक्त, जिलों के कलेक्टर, नगर निगमों के आयुक्त और अपर कलेक्टर और सब डिवीजन अधिकारी बदले जाने की तैयारी है। इस स्तर के अधिकारी जनगणना के काम की मॉनिटरिंग प्रमुखता से करेंगे। इनकी जिम्मेदारी जनसंख्या गणना कराने की है जो प्रगणकों और सुपरवाइजरों से यह काम पूरा कराएंगे। ऐसे में इनके तबादले हो पाएंगे, अब इसको लेकर संशय है।*

---

**टीएल की बैठक में कमिश्नर जैन का सख्त लहजा, कहा...**

# काम से ज्यादा कमीशन पर ध्यान रखने वाले इंजीनियरों की जरूरत नहीं, एक जेडओ और वार्ड प्रभारी को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के आईएसबीटी स्थित सभागार में बुधवार को टीएल की बैठक में निगम आयुक्त सख्त लहजे में नजर आईं। उन्होंने इंजीनियरों के कहा कि उनका उन कामों पर ज्यादा ध्यान रहता है, जहां से अच्छा कमीशन मिलता है। ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है।

इसी तरह एक शिकायत पर भी वे नाराज हुईं और एक जेडओ व वार्ड प्रभारी हो हटाने के निर्देश दिए। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार करीब चार घंटे चली बैठक में निगम आयुक्त के निशाने पर कई अहम विभाग रहे। उन्होंने एक-एक विभाग की समीक्षा की और उसके संबंध में अधिकारियों से जानकारी मांगी। अटेंडेंस को लेकर भी वे नाराज हुईं और कहा कि आने और जाने के समय ऑनलाइन अटेंडेंस लगाएं। बताया जा रहा है कि उन्होंने दो इंजीनियरों को फटकार भी लगाई। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि सभी प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अपने अधीनस्थ सफाईमित्रों को सुबह-शाम दोनों पालियों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें और साफ-सफाई व्यवस्था को अधिक मुस्तैदी के साथ सुनिश्चित कराएं। निगम आयुक्त स्वयं 15 अप्रैल से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगी।

***निगम में प्रशासनिक फेरबदल, दो कार्यपालन यंत्रियों के तबादले***

नगर निगम में प्रशासनिक कार्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो कार्यपालन यंत्रियों के तबादले किए गए हैं। आदेश के मुताबिक कार्यपालन यंत्री एसके राजेश को सिविल एवं अतिक्रमण शाखा (हुजूर) के साथ गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र का दायित्व सौंपा गया है। वहीं कार्यपालन यंत्री ब्रजेश कौशल को मुख्यालय सिविल शाखा में पदस्थ किया गया है।

### एमपी नगर पार्किंग का अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण, मिली

**भोपाल।** बुधवार को एमपी नगर की पार्किंग में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। अफसरों के औचक निरीक्षण में पाया गया कि पार्किंग में खड़े वाहनों की संख्या ज्यादा थी, लेकिन उसके अनुपात में शुल्क वसूली कम दर्ज की गई। इससे नगर निगम को राजस्व नुकसान होने की बात सामने आई है। मामले में कार्रवाई करते हुए जोन-12 के भृत्य राजू अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निगम प्रशासन ने इसे लापरवाही और ड्यूटी में उदासीनता माना है। निलंबन आदेश के मुताबिक संबंधित कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान और स्वयंसेवी संस्थाओं से किया वर्चुअल संवाद**

# मप्र में आज से शुरू होगी गेहूं की खरीदी, उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए पानी, छायादार व्यवस्था करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में 9 अप्रैल से गेहूं खरीदी शुरू हो रही है। उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए सहज-सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सभी कलेक्टर्स और एसडीएम को दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल और छायादार स्थान की व्यवस्था की जा रही है।

गेहूं उपार्जन जैसी महत्वपूर्ण और व्यापक गतिविधि में सामाजिक और सेवाभावी संस्थाएं भी सहयोग करें। प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार किसान और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल संवाद के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर फैसले लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। गेहूं की प्रति क्विंटल कीमत को वर्तमान स्तर तक लाना बड़ी चुनौती थी, हम इसे 2700 रुपए प्रति क्विंटल तक ले जाएंगे। किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलवाना हमारी प्रतिबद्धता है। हम जनता की सेवा करना चाहते हैं, इसी उद्देश्य से उपार्जन केंद्रों पर गेहूं खरीदी की बेहतर व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जा रहे हैं, जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से संपूर्ण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाएगी। उपार्जन केंद्रों पर पंपलेट और होर्डिंग के जरिए किसानों को व्यवस्था के संबंध में जानकारियां देने के निर्देश दिए गए हैं। वर्ष 2026 से किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।



किसानों को संबोधित करते सीएम डॉ. यादव।

### केवल 7 रूटों पर ही बसों का हो रहा संचालन,18 पर बंद

# पब्लिक ट्रांसपोर्ट वेंटीलेटर पर, 25 लाख लोगों पर 90 बसें, यानि 25 हजार पर सिर्फ एक बस

अभी राजपूत ▶▶ भोपाल

राजधानी की रीढ़ कहे जाने वाला पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम इन दिनों वेंटीलेटर पर है। 25 लाख से अधिक आबादी वाले शहर में बसों की संख्या बढने के बजाए घट गई हैं 15 साल पहले 350 बसों जिस शहर में दौडती थीं अब संख्या घटकर 90 पर सिमट गई है। मौजूदा आंकड़ों पर नजर डालें तो शहर की अनुमानित 25 लाख की आबादी पर 25 हजार लोगों पर सिर्फ एक बस संचालित हो रही है। यात्रियों को बस स्टॉप पर घंटों धूप में खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ रहा है। कई रूट ऐसे हैं, जहां आधे घंटे इंतजार करने के बाद बस स्टॉप पर पहुंचती है। निजी वाहन नहीं होने के कारण बस के भरोसे सफर करने वाले लोगों को परिवहन की यह चरमराती व्यवस्था सीधे प्रभावित कर रही है।

छात्रों, महिलाओं व वर्किंग क्लास लोगों पर इसका ज्यादा असर पड़ रहा है। यह लोग ज्यादा पैसे देकर ऑटो, निजी टैक्सी या रैपिडो में सफर करने के लिए मजबूर हैं। इससे उनका खर्च बढ़ रहा है। बस की कमी होने से यात्रियों का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम से भरोसा कम हो रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर की सड़कों पर 350 से अधिक बसों के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू किया गया था, लेकिन टिकट कलेक्शन, किराया बढ़ोतरी और हाईकोर्ट में याचिका दायर होने से बीसीसीएल और बस ऑपरेटरों के बीच विवाद गहरा गया, जिसके बाद बस ऑपरेटरों ने करीब 200 से अधिक बसों का संचालन बंद कर दिया। फिलहाल 7 व्यस्त रूटों पर 90 बसों का संचालन हो रहा है।

1. 15 साल पहले 350 बसें चलती थीं, बढ़ने के बजाए लगातार होती गईं कम
2. बसें हो रहीं खस्ताहाल व बदहाल बस स्टॉप, कुर्सियां तक उखड़ीं



**ज्यादा मुनाफे के लालच में चला रहे कंडम बसें**

मेट्रो कार्य व अन्य कारणों से 18 रूटों पर बस का संचालन बंद है। कमी की वजह से यात्रियों को बस में पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती। उधर बस में सफर करने के दौरान हरिभूमि की पड़ताल में यह सामने आया कि ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में कंडम हालत होने के बावजूद ऑपरेटरों द्वारा बस का संचालन किया जा रहा है।

हरिभूमि पड़ताल


खटारा बस में सवारी करते यात्री।

### कंडम बसों में यात्रा करने को मजबूर लोग

बस की बॉडी, खिडकियां, सीट व अन्य पुर्जे बदहाल स्थिति में हैं। सफर करने के लिए अच्छी सीटें तक नहीं हैं। ड्राइवर और कंडक्टर यात्रियों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं देते हैं। महिला यात्रियों को भी सीट नहीं मिलने पर खड़े होकर सफर करना पड़ता है। कंडक्टर यात्रियों को टिकट बनाकर नहीं देते हैं। टिकट मांगने पर उनसे गलत व्यवहार होता है।

### बस स्टॉप भी उजड़ गए

बस जैसी ही हालत बस स्टॉप की है। मुख्य मार्गो के बस स्टॉप की स्थिति बदहाल है। कई स्टॉप पर यात्रियों के बैठने के लिए लगी कुर्सियां उखडी है। जहां कुर्सियां लगी हैं, वहां टूटी फूटी व गंदी हालत में हैं। जिस पर कोई नहीं बैठता। बस स्टॉप की फर्श तक उखड गई है। यात्री बस स्टॉप पर खड़े रहना तक मुनासिब नहीं समझ रहे।


राजधानी के इस बस स्टॉप पर न दीवार बची है न कुर्सियां।

**बीसीएलएल का तर्क- जल्द ही व्यवस्था में होगा सुधार, नई बसें चलेंगी**

*बीसीएलएल मैनेजर रोहित यादव ने बस की कमी की बात स्वीकारते कहा कि यात्रियों की परेशानी जल्द दूर होगी। कुछ माह में 100 नई ई-बस सड़कों पर दौडेंगी। शुरूआत में 5-6 रूट पर चलेंगी। एक रूट पर 15 से 20 बस चलेंगी। जून से जर्जर बस स्टॉप का रिडेवल्पमेंट पीपीपी मॉडल के तहत होगा। पहले चरण में 100 बस स्टॉप का रिडेवल्पमेंट होगा।*

*राजधानी के कई चौराहों पर बंद पड़े सिग्नल, मेंटेनेंस का कोई ठोस प्लान नहीं*

# *गर्मी में सिग्नल टाइमिंग घटाने की तैयारी, लेकिन खुद सिस्टम ही ठप, चौराहों के सिग्नल खराब*

मनीष मान ▶▶ भोपाल

गर्मी शुरू होते ही हर साल की तरह इस बार भी ट्रैफिक सिग्नलों की टाइमिंग घटाने की कवायद शुरू कर दी गई है, ताकि चौराहों पर वाहनों का दबाव कम हो और लोगों को कम इंतजार करना पड़े। लेकिन जमीनी हकीकत पूरी तरह उलट नजर आ रही है, जहां सिस्टम सुधारने के बजाय खुद ही बेपटरी होता दिख रहा है।

राजधानी के कई प्रमुख और व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लंबे समय से बंद या खराब पड़े हैं। अल्पना चौराहा, नादरा बस स्टैंड और राजभवन रोड जैसे अहम स्थानों पर सिग्नल काम ही नहीं कर रहे। वहीं दस नंबर मार्केट में तो सिग्नल का ढांचा मौजूद है, लेकिन पूरा सिस्टम ही गायब है। जहां सिग्नल लगे हुए हैं, वहां भी तकनीकी खराबी के कारण वे अक्सर बंद रहते हैं। नतीजा यह है कि यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

### खराब सिग्नलों की मरम्मत और नियमित देखरेख की ठोस कार्ययोजना


राजभवन तिराहा का बंद पड़ा सिग्नल।

हैरानी की बात यह है कि एक ओर टाइमिंग कम करने की तैयारी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर खराब सिग्नलों की मरम्मत और नियमित देखरेख को लेकर कोई ठोस कार्ययोजना सामने नहीं आई है। ट्रैफिक सिग्नल अधिकारी बसंत कॉल ने कहा कि गर्मी को देखते हुए टाइमिंग में बदलाव जल्द लागू किया जाएगा,साथ ही सिग्नल मेंटेनेंस किया जाएगा।

### यह है राजधानी के चौराहों और यातायात की स्थिति

- भोपाल में कुल चौराहेः 50 बड़े प्रमुख चौराहे
- 42 चौराहे क्रिटिकल, यातायात का दबाव
- करीब 69 ट्रैफिक सिग्नल इंस्टॉल
- **ट्रैफिक दबावः** बावड़िया कलां चौराहा - 30,000 वाहन प्रति दिन
- **दानापानी रोड जंक्शन** 20,000+ वाहन प्रति दिन
- **हाई-प्रेशर चौराहेः** बोर्ड ऑफिस चौराहा, प्रगति चौराहा, रोशनपुरा, हबीबगंज एमपी नगर, लालघाटी
- ट्रैफिक पुलिस के अनुसार जिन चौराहों पर 3000+ पीसीयू प्रति घंटा ट्रैफिक होता है।
- **सिग्नल टाइमिंगः** हर चौराहे की टाइमिंग फिक्स नहीं
- **कुल सिग्नल टाइमः** 45–120 सेकंड
- **ग्रीन टाइमः मेन रोड** -30–60 सेकंड
- **छोटी रोड-** 15–30 सेकंड
- **एम्बर (पीला)** 2–5 सेकंड
- **स्टैंडर्ड डिजाइनमेन रोड ग्रीनः** 34 सेकंड
- **माइनर रोड ग्रीनः** 18 सेकंड
- **कुल साइकिलः** 60 सेकेंड




### कलेक्टर के नाम सौंपा एसडीएम को ज्ञापन, कहा- छात्रहित ध्यान में रख तत्काल शराब दुकान हटाई जाए

# गर्ल्स कॉलेज से चंद कदम दूर शराब दुकान छात्राओं ने अभाविप के साथ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित एसवी पॉलिटेक्निक के सामने बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) भोपाल महानगर ने छात्राओं की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर जमकर प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर महाविद्यालय के पास संचालित शराब की दुकान के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के भीतर स्थित शराब की दुकान को तत्काल हटाया जाए। परिषद ने इसे नियमों का उल्लंघन बताते हुए छात्राओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स कॉलेज क्षेत्र में स्थित इस शराब दुकान के कारण असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ रही है, जिससे छात्राओं को असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टॉप एवं कॉलेज परिसर के आसपास छेड़छाड़ जैसी घटनाएं सामने आना अत्यंत चिंताजनक है। अभाविप की प्रमुख मांगों में क्षेत्र में सुरक्षित आवागमन के लिए ओवरब्रिज का निर्माण, छात्राओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाना तथा महाविद्यालय के पास स्थित शराब की दुकान को हटाना शामिल है। मांगों का ज्ञापन प्राप्त करते हुए एसडीएम भुवन गुप्ता ने शीघ्र उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

*बड़ा सवाल, नशेड़ियों से कैसे सुरक्षित रहेंगी छात्राएं*

*परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग*



शराब की दुकान हटाने को लेकर अभिवावक के साथ प्रदर्शन करतीं छात्राएं।

### अभाविप की पदाधिकारी एक सुर में बोलीं-हटे दुकान

अभाविप भोपाल महानगर मंत्री आरती ठाकुर ने प्रशासन से मांग की है कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल शराब दुकान हटाई जाए, ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए तथा क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ की छात्रा कार्य प्रमुख शालिनी वर्मा ने कहा, भारत की एक बड़ी आबादी 29 वर्ष से कम उम्र की है, और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास शराब की दुकानें युवाओं में नशे की लत को बढ़ावा दे सकती हैं। शिक्षण संस्थानों के पास शराब की बिक्री से परिसर का शैक्षणिक और शांतिपूर्ण माहौल खराब होता है। भोपाल में नियमों को ताक पर रखकर 2 शैक्षणिक संस्थाओं के बीच शराब की दुकान संचालित होने से आए दिन छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आती हैं। प्रशासन से आग्रह है शैक्षणिक संस्थाओं के समीप लगी शराब की दुकानों को चिन्हित कर अतिशीघ्र बंद करें। प्रांत छात्रा प्रमुख बबली शर्मा ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। छात्रा कैंपस के पास शराब की कलारी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। अभाविप इस मुद्दे पर पीछे हटने वाली नहीं है।


परिषद के झंडे लेकर प्रदर्शन करते छात्र।

### पहले वाले वेटिंग, बाद की बुकिंग वाले ग्राहकों को दिया सिलेंडर

# सिलेंडर घर नहीं पहुंचा, एजेंसी से डिलीवर किया, हंगामे के बाद पहुंची टीम, बनाया केस

करोंद के हैप्पी इंडेन में चल रही गड़बड़ी, खाद्य विभाग ने बनाया केस | उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिलने पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तेल कंपनियों के आदेश का फायदा राजधानी के गैस एजेंसी संचालक उठा रहे हैं। सिंगल सिलेंडर वाले उपभोक्ता 25 दिन और डबल सिलेंडर वाले उपभोक्ताओं को 35 दिन में बुकिंग करना पड़ रही है। इसका सीधा फायदा गैस एजेंसी संचालक उठा रहे हैं। बुधवार को करोंद स्थित हैप्पी इंडेन गैस एजेंसी में दो गड़बड़ी सामने आई। उपभोक्ता नीरज पचौरी, धीरज लोधी ने बताया कि बुकिंग के बाद सिलेंडर नहीं मिला। जब एजेंसी पहुंचे तो बताया कि सिलेंडर डिलीवर कर दिया है, जबकि सिलेंडर मिला ही नहीं है। दूसरे गड़बड़ी यह मिली कि पहले बुकिंग वाले उपभोक्ताओं का सिलेंडर डिलीवर नहीं कर बाद की बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया गया है। जिसके बाद खाद्य विभाग की टीम ने एजेंसी संचालक पर केस दर्ज कर लिया है।


करोंद जेल रोड स्थित हैप्पी इंडेन गैस एजेंसी पर हंगामा करते उपभोक्ता।

जिले के करीब साढ़े पांच लाख उपभोक्ताओं को इंडेन, भारत और एचपी कंपनी से जुड़ी 40 गैस एजेंसियों से सिलेंडर दिए जाते हैं। इन दिनों इंडेन के दो लाख उपभोक्ता सबसे ज्यादा परेशान हैं। बुधवार को करोंद जेल रोड स्थित हैप्पी इंडेन गैस एजेंसी पर सिलेंडर नहीं देने को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। उपभोक्ताओं की शिकायत पर पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने जांच की, तो एजेंसी में गड़बड़ी मिली। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तृणाल जंभोलकर व सुनील वर्मा की जांच में पता चला कि यहां रोजाना 550 से 1100 सिलिंडर का स्टॉक रहता है, जबकि करीब 600 सिलिंडरों की सप्लाई की जा रही है।

जब टीम ने एजेंसी का रिकॉर्ड देखा तो पता चला कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले बुकिंग की थी, उनको सिलेंडर नहीं मिला है। जबकि बाद में बुकिंग करने वालों को सिलेंडर डिलीवर किया गया है।

### 10-12वीं बोर्ड की दूसरी परीक्षा 7 मई से

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की परीक्षाओं में शामिल हो रहे परीक्षार्थियों के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन 7 मई से किया जाएगा। पूर्व में आयोजित पूरक परीक्षाओं की व्यवस्था अब मंडल द्वारा समाप्त की गई है। पूर्व में हाईस्कूल में अधिकतम दो विषयों तथा हायर सेकंडरी में एक विषय में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी ही पूरक परीक्षा में शामिल हो पाते थे। द्वितीय परीक्षा में सभी विषयों में अनुत्तीर्ण अथवा उत्तीर्ण परीक्षार्थी किसी भी विषय में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए भी शामिल हो सकेंगे। द्वितीय परीक्षा में परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण विषयों में शामिल होना आवश्यक है, परंतु जिन विषयों में वे उत्तीर्ण हो चुके हैं, उनमें शामिल होना स्वैच्छिक है।

**रिजल्ट के 7 दिन में आवेदनः** वर्ष 2026 की हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा 7 से 25 मई तक तथा हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा 7 से 19 मई के बीच होगी। इस परीक्षा के लिए मुख्य परीक्षा का परीक्षाफल घोषित होने की दिनांक से 7 दिन में एमपी ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा कर परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

### 12 साल पहले नया नेटवर्क तैयार, लेकिन सप्लाई पुरानी लाइनों से

# 61 साल की उम्र पार चुकीं पाइप लाइनों से प्लांट तक पहुंच रहा रॉ वाटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पानी सप्लाई के लिए नगर निगम ने भले ही वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को मजबूत बनाया हो, लेकिन कच्चे पानी की सप्लाई यानि पंप हाउस से प्लांट तक पानी पहुंचाने वाली लाइनें 61 साल पुरानी हो चुकी हैं। जबकि जानकारों की मानें तो इन लाइनों की आयु सीमा अधिकतम 50 साल के आसपास रहती है। कोलार, बड़े तालाब के पंप हाउस से प्लांट तक सप्लाई के लिए लाइनें 1965 में बिछाई गई थीं। निगम जल कार्य अधिकारियों का तर्क है कि इन लाइनों की मॉनिटरिंग होती है। फाल्ट होने पर इन्हें बदला जाता है। शहर में बड़ा तालाब, कलियासोत, कोलार, नर्मदा नदी पर बने पंप हाउस से कच्चा पानी फिल्टर प्लांट पहुंचता है। करबला से ईदगाह हिल्स, कमला पार्क और बोट क्लब से अरेरा हिल्स, कोलार से कोलार प्लांट, केरवा डैम से केरवा प्लांट और नर्मदा नदी से शाहगंज प्लांट कच्चा पानी पहुंचाने लाइनों का नेटवर्क बिछाया गया है। नया नेटवर्क 2013 में तैयार किया गया, जबकि बड़े तालाब का नेटवर्क 1965 में तैयार हुआ है।

नगर निगम में जल कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि लोक भवन के पास से गुजर रही कच्चे पानी की पाइप लाइन 60 साल पुरानी है। समय-समय पर मेंटेनेंस होता है। मॉनिटरिंग की जाती है।

### ऐसा है शहर का वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क

- ईदगाह हिल्स- 3 प्लांट- क्षमता 6 एमजीडी
- संत नगर- 3 एमजीडी का फिल्टर प्लांट
- श्यामला हिल्स- 5 एमजीडी का प्लांट
- भौरी- 10 एमएलडी का फिल्टर प्लांट
- मनुआभान टेकरी- 50 एमएलडी फिल्टर प्लांट
- केरवा- 29 एमएलडी फिल्टर प्लांट
- कोलार- 34 एमजीडी फिल्टर प्लांट
- कोलार डेम से 6.67 एमसीएम रॉ वाटर प्रतिमाह लिया जाता है
- कोलार झिरी ग्राम प्लांट की क्षमता- 34 एमजीडी
- खटलापुरा में 185 एमएलडी क्षमता का प्लांट है

### 16 फिलिंग स्टेशन, 62 टंकियों से सप्लाई

*शहर में जेएनएनआरयूएम के तहत 62 उच्च स्तरीय टंकियों को भरने फीडर मेन के द्वारा एमबीएसआर से जल प्रदाय किया जाता है। फीडर मेन के तहत 300 मिमी व्यास की डीआई पाइप 1000 व्यास की डीआई फीडर मेन की लंबाई करीब 86 किमी बिछाई गई है। कोलार डैम से करीब 160-170 एमएलडी, नर्मदा नदी से करीब 150-160 एमएलडी बड़ा तालाब से करीब 110 एमएलडी व केरवा डैम से करीब 20 एमएलडी पानी लिया जाता है।*

### दिन भर चला फूटी पाइप लाइन बदलने का काम, शहर में पानी सप्लाई बाधित नहीं

लोक भवन के पास मंगलवार को फूटी कच्चे पानी की पाइप लाइन को बदलने के काम में जल कार्य विभाग का अमला बुधवार को दिनभर जुटा रहा।



यहां नया पाइप जोडने के लिए रोड पर गहरा गड्ढा किया गया है। एक बडे हिस्से में नया पाइप ज्वाइंट किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार देर रात तक काम पूरा होने के आसार हैं। पुराने शहर में कहीं भी जल संकट की स्थिति फिलहाल सामने नहीं आई। शहर की पानी की टंकियां आम दिनों की तरह समय पर भरीं, जिनसे निर्धारित समय पर पानी की सप्लाई हुई।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh. Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### टाटा इंट्रा ईवी पिकअप लांच कीमत 11.95 लाख रुपए

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक कमर्शियल मोबिलिटी में अपनी नेतृत्व स्थिति को और मजबूत करते हुए ऑल-न्यू टाटा इंट्रा ईवी पिकअप लांच किया है। अपने इलेक्ट्रिक स्मॉल कमर्शियल व्हीकल पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाते हुए, यह नया पिकअप भरोसेमंद इंट्रा प्लेटफॉर्म की मजबूती को खास तौर पर तैयार किए गए इलेक्ट्रिक सिस्टम के साथ जोड़ता है। यह पूरे देश में टाटा मोटर्स के कमर्शियल व्हीकल डीलरशिप्स पर उपलब्ध होगा, जिसकी कीमत11.95 लाख रुपए रखी गई है। टाटा मोटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ गिरिश वाघ ने कहाकि ग्रीन मोबिलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ऐसे टिकाऊ समाधानों पर केंद्रित है, हमने इस साल की शुरुआत में नई पीढ़ी के इलेक्ट्रिक ट्रक्स पेश किए।

### सिग्निफाई ने किया गांवों में खेल मैदानों को रोशन

**नई दिल्ली।** सिग्निफाई अपने खास सीएसआर प्रोग्राम सिग्निफाई खेल ज्योति के जरिए हरियाणा के गांवों में 4 कबड्डी और खो-खो मैदानों में नई एलईडी लाइटें लगाई, जो कम बिजली में अच्छी रोशनी देती हैं। इसका मकसद है कि खेल और बेहतर हों, ज्यादा लोग खेल सकें, और खिलाड़ी शाम के बाद भी सुरक्षित तरीके से अभ्यास कर सकें और मैच खेल सकें। निखिल गुप्ता, सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया में स्ट्रैटेजी और मार्केटिंग के हेड ने बताया कि खेल लोगों को जोड़ने और युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देने की ताकत रखते हैं, खासकर उन जगहों पर जहां सुविधाएं कम हैं। सिग्निफाई में हम मानते हैं कि नई तकनीक पूरे भारत तक पहुंचनी चाहिए।

## उद्योग जगत ने किया रेपो रेट स्थिर रखने के फैसले का स्वागत

# बोले-अनिश्चितता के माहौल में उद्योगों और रियल एस्टेट को मजबूती देने वाला एक रणनीतिक कदम

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर स्थिर रखने के फैसले का उद्योग जगत ने स्वागत किया है। यह फैसला ब्याज दरों में स्थिरता बनाए रखेगा, जिससे रियल एस्टेट और एमएसएमई सेक्टर को राहत मिली है। विशेषज्ञों के अनुसार यह दरें किफायती रहने से घर खरीदारों और व्यवसायों को लोन की लागत में अचानक उछाल की चिंता नहीं होगी।

डेवलपर्स का मानना है कि दरें स्थिर रहने से होम लोन की दरें नहीं बढ़ेंगी, जिससे घर की मांग बनी रहेगी और निर्माण परियोजनाओं में तेजी आएगी। उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने आरबीआई के 'तटस्थ' रुख का समर्थन किया, जो मुद्रास्फीति और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए जरूरी माना जा रहा है। रेपो रेट में बदलाव न होने से आम आदमी के होम और कार लोन की ईएमआई में फिलहाल कोई बढ़ोतरी नहीं होगी, जिससे बाजार में भरोसा बना रहेगा।

**होम और कार लोन की ईएमआई में फिलहाल कोई बढ़ोतरी नहीं होगी**



आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा

### बेहतर प्लानिंग में मदद के साथ ही भरोसा बढ़ेगा

मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 ने कहाकि 'इंफ्रास्ट्रक्चर के बढ़ते दौर में ब्याज दरों की यह स्थिरता मांग को बरकरार रखने और डेवलपर्स को प्रोजेक्ट्स समय पर पूरा करने में मदद करेगी। हालांकि ब्याज दरों में कटौती होने से बाजार को और रफ्तार मिल सकती थी, लेकिन वर्तमान फैसला भी एक सुरक्षित और संतुलित माहौल देता है। कुल मिलाकर, यह कदम घर खरीदने वालों की बढ़ती दिलचस्पी और बाजार के दीर्घकालिक विकास के लिए फायदेमंद साबित होगा।

### स्थिर ब्याज दरें ग्राहकों को मानसिक मजबूती देंगी

क्रेडाई मध्यप्रदेश के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि रेपो रेट में कोई बदलाव न होना रियल एस्टेट सेक्टर के लिए एक अच्छा संकेत है। इस फैसले से होम बायर्स और डेलवपर दोनों को ही फायदा होगा। लोग घर खरीदने में दिलचस्पी दिखाएंगे। कर सलाहकार राजेश जैन ने आरबीआई के फैसले का स्वागत करते हुए कहा ये फैसला रियल एस्टेट सेक्टर के लिए सकारात्मक संकेत है। स्थिर ब्याज दरें ग्राहकों की मानसिक मजबूती देगी, जिससे वे निवेश के लिए आगे आते हैं। डेवलपर्स के लिए भी यह फायदेमंद है क्योंकि इससे निर्माण लागत और प्रोजेक्ट के बजट को मैनेज करना आसान हो जाता है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने आरबीआई के फैसले को रियल एस्टेट की मजबूती के लिए एक राह बताया है।

### समझदारी भरा फैसला है, जो बाजार को स्थिरता का भरोसा देगा

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहाकि आरबीआई का चुनौतियों और महंगाई के बीच रेपो रेट को स्थिर रखना एक समझदारी भरा फैसला है, जो बाजार को स्थिरता का भरोसा देता है। कंपनियों के लिए ब्याज दरों से ज्यादा जरूरी केंद्रीय बैंक का अनुशासन है, क्योंकि बड़े ऑफिस या वर्कस्पेस लीज पर लेने के फैसले लंबे समय की प्लानिंग पर टिके होते है। आरबीआई का यह संतुलित रुख कंपनियों को अपने विस्तार और ऑफिस सेटअप की योजनाओं को बिना किसी हिचकिचाहट के आगे बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने कहाकि अनिश्चितता के माहौल में रियल एस्टेट को मजबूती देने वाला एक रणनीतिक कदम है।

### रोजाना 60 लाख से ज्यादा सिलेंडरों की आपूर्ति

# एक मार्च 2026 से अब तक 18 करोड़ से अधिक सिलेंडर डिलीवर किए गए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया भर में ऊर्जा के संकट के बीच ईंधन की उपलब्धता बाधित हुई है और कई क्षेत्रों में ईंधन की कमी आ गई है। इस बीच भारत ने अपने घरों के लिए एलपीजी की सुलभता को जारी रखा है और बाहरी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बड़े पैमाने पर स्थिरता को सुनिश्चित किया है।

भारत अपनी एलपीजी की 60 फीसदी जरूरत के लिए आयात पर निर्भर है और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ के ज़रिए वैश्विक आपूर्ति के केंद्रीकरण को देखते हुए, सरकार ने आपूर्ति सुरक्षित करने और घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए तेजी से कदम उठाए। घरेलू



उत्पादन बढ़ाने और कई भौगोलिक क्षेत्रों से सोर्सिंग में विविधता लाने जैसे उपायों ने सुनिश्चित किया कि आपूर्ति स्थिरता से होती रही। यही कारण है पूरे देश में एलपीजी का वितरण बड़े पैमाने पर जारी है। 1 मार्च 2026 से अब तक 18 करोड़ से ज्यादा सिलेंडर डिलीवर किए जा चुके हैं और रोजाना 60 लाख से ज़्यादा सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। डिलीवरी का औसत समय लगभग तीन दिन बना हुआ है।

***लगातार निगरानी और तालमेल की वजह से सुचारू रूप से चल रहा कामकाज***

*खास बात यह है कि आपूर्ति में कोई बड़ी रुकावट नहीं आई है, और सभी डिस्ट्रीब्यूटरशिप में एलपीजी की उपलब्धता स्थिर बनी हुई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) के साथ लगातार निगरानी और तालमेल की वजह से कामकाज सुचारू रूप से चल रहा है। इसके साथ ही, सरकार ने उपभोक्ताओं को वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए सोच-समझकर कदम उठाए हैं।*

### रिलायंस फाउंडेशन का 'वाटर फॉर लाइफ' अभियान

# मप्र-छग के 15 जिलों में जलाशयों से हटाया कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व जल दिवस 2026 के अवसर पर रिलायंस फाउंडेशन द्वारा शुरू किया गया 'वॉटर फॉर लाइफ' अभियान अब एक बड़े जन-आंदोलन का रूप ले रहा है। इस पहल के अंतर्गत मात्र 10 दिनों में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों में स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर 153 से अधिक जल स्त्रोतों की सफाई की।

अभियान के दौरान मध्यप्रदेश के 11 जिलों के 144 से अधिक कस्बों तथा छत्तीसगढ़ के 4 जिलों के 9 गांवों में सैकड़ों किलो कचरा हटाकर नदियों के घाटों, तालाबों और अन्य जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया गया। इस मिशन में नर्मदा नदी के घाटों सहित छत्तीसगढ़ के



कचरा हटाते हुए

विभिन्न जल स्त्रोत शामिल रहे, जहां स्थानीय किसान, महिलाएं, युवा और रिलायंस के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से श्रमदान किया। देशव्यापी स्तर पर इस अभियान को व्यापक समर्थन मिला। 15 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश के 108 जिलों में 33,000 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अभियान के दौरान 912 गांवों और कस्बो से लगभग 85,000 किलो कचरा हटाकर नदियों के घाटों, झीलों और तटीय क्षेत्रों को स्वच्छ एवं पुनर्जीवित किया गया। इस मिशन में कोच्चि बीच, नर्मदा नदी के घाट और रंकाला झील जैसे प्रमुख स्थल शामिल रहे। यह अभियान रिलायंस फाउंडेशन के ग्रामीण परिवर्तन कार्यों का विस्तार है, जिसके तहत अब तक 2,000 लाख क्यूबिक मीटर से अधिक जल संचयन किया जा चुका है।

## बिजनेस न्यूज

### मध्यांचल यूनिवर्सिटी ने रचा नया कीर्तिमान, राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान



**भोपाल।** मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटीएवं पीजीओआई ने इस वर्ष के प्लेसमेंट परिणामों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। संस्थान के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 2400 विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें से लगभग 80 प्रतिशत छात्रों का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्ता आधारित शिक्षा और उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण प्रणाली का प्रमाण मानी जा रही है। संस्थान को अब तक 778 ऑफर लेटर प्राप्त हुए हैं, साथ ही लगभग 350 विद्यार्थियों को एक वर्षीय सैलरीड इंटर्नशिप के अवसर भी प्राप्त हुए हैं, जो विद्यार्थियों के व्यावसायिक भविष्य को सशक्त दिशा प्रदान करते हैं। चयनित छात्रों को आईटी, ऑटोमोबाइल, टेलीकॉम और फार्मा जैसे विविध क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों में अवसर मिले हैं, जो संस्थान की बढ़ती साख को दर्शाता है। विश्वविद्यालय की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा पटेल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, निरंतर परिश्रम करने और बदलते समय के अनुरूप कौशल विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और अनुशासन ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं।

### बेक-एन-शेक ने जोमैटो के सहयोग से किया प्रदेश में सात आउटलेट का विस्तार

**भोपाल।** ताजा बेक्ड उत्पादों और पेशकशों के लिए भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में घर-घर में पहचाना जाने वाला नाम बेक-एन-शेक ने 2018 में जोमैटो प्लेटफॉर्म से जुड़ने के बाद से वार्षिक ऑर्डर वॉल्यूम में लगभग 3.6 गुना वृद्धि दर्ज की है। उच्च गुणवत्ता वाले बेकरी और कैफे अनुभव प्रदान करने के विजन के साथ स्थापित यह ब्रांड विकसित होकर ग्राहकों का पसंदीदा बन चुका है और अब इसके सात आउटलेट हैं, जिनमें से चार भोपाल में, दो इंदौर में और एक ग्वालियर में स्थित हैं। बेक-एन-शेक के संस्थापक विनोद तलरेजा ने कहा कि बेक-एन-शेक की स्थापना हमारे भोजन के प्रति जुनून और एक ऐसा ब्रांड बनाने की प्रतिबद्धता से प्रेरित थी, जो श्रेष्ठ गुणवत्ता और एकसमान स्वाद प्रदान करता है।

### महिंद्रा यूनिवर्सिटी ने आर्थिक नीति केंद्र शुरू किया



**नई दिल्ली।** महिंद्रा यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय आर्थिक महत्व के विषयों पर अनुसंधान, संवाद और नीतिगत जुड़ाव के लिए एक नये मंच- आर्थिक नीति केंद्र शुरू करने की आज घोषणा की। इस केंद्र ने हैदराबाद-भारत के जीसीसी पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाना थीम पर अपने पहले कार्यक्रम की मेजबानी की जिसमें पीडब्ल्यूसी नॉलेज पार्टनर के रूप में शामिल था। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण तेलंगाना सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार, उद्योग एवं वाणिज्य और विधायी मामलों के मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने दिया।

### सैमसंग ने लांच किया बीस्पोक एआई विंडफ्री प्रो एसी

**गुरुग्राम।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज होम कूलिंग में अपने नए प्रोडक्ट - 5 मोशन विंड के साथ बीस्पोक एआई विंडफ्री प्रो एयर कंडीशनर लांच किया है। यह प्रीमियम एयर कंडीशनर आधुनिक लग्जरी डिजाइन के साथ आता है, जो आज के जमाने के लिविंग स्पेस के लिए खासतौर पर तैयार किया गया है। सैमसंग इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट - डिजिटल अप्लायंसेज, घुफरान आलम ने कहाकि सैमसंग भारत में अपनी 30वीं सालगिरह मना रहा है, 5 मोशन विंड के साथ बीस्पोक एआई विंड फ्री प्रो एयर कंडीशनर चुनिंदा पार्टनर आउटलेट्स पर 66990 रुपए में उपलब्ध है।

### स्नैप इंक और कांतार के अध्ययन में बदलाव का इशारा

**नई दिल्ली।** स्नैप इंक और कांतार इंडिया के एक नए अध्ययन ने एक स्पष्ट बदलाव की ओर इशारा किया है। 'स्टेट ऑफ एआर इन इंडिया' ने ऑगमेंटेड रियलिटी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला है। भारत में स्नैपचैट अपनी 'मल्टी-फॉर्मेट' रणनीति को और अधिक मजबूत कर रहा है, जहां एआर वीडियो के एक महत्वपूर्ण पूरक के रूप में उभर रहा है। यह न केवल ब्रांड्स के साथ गहरा जुड़ाव बढ़ा रहा है, एआर लेंसेस अटेंशन दिलाने वाले नंबर 1 ड्राइवर हैं, जो अन्य फॉर्मेट्स की तुलना में स्वैच्छिक और सक्रिय अटेंशन हासिल करने में 3 गुना अधिक दक्षता प्रदान करते हैं।

### मध्य भारत में मप्र उभरते हुए एक प्रमुख विकास इंजन के रूप में : डॉ. सुचित्रा

# सीआईआई मप्र ने किया डॉ. सुचित्रा के.एला के साथ मेंबर्स मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), मध्य प्रदेश द्वारा डॉ. सुचित्रा के.एला, वाइस प्रेसिडेंट, सीआईआई एवं सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ एक मेंबर्स मीट का आयोजन सोमवार को किया गया।

इस अवसर पर सिद्धार्थ चतुर्वेदी, चेयरमैन सीआईआई मध्य प्रदेश एवं निदेशक, आईसेक्ट लिमिटेड तथा सौरभ सिंह मेहता, वाइस चेयरमैन,सीआईआई मध्य प्रदेश एवं निदेशक, कृति न्यूट्रिएंट्स प्रा. लि., की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस सत्र में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया और उभरते आर्थिक रूझानों एवं उद्योग से जुड़े महत्त्वपूर्ण विषयों पर



सीआईआई की मेंबर्स मीट

विचार-विमर्श किया। इस मौके पर डॉ. एला ने मध्य प्रदेश को मध्य भारत में एक प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरते हुए बताया, जो अपनी रणनीतिक स्थिति, विविध आर्थिक संरचना और निवेश अनुकूल नीतियों के कारण संभव हुआ है। उन्होंने बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान में राज्य को प्राप्त टॉप अचीवर दर्जे को इसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने राज्य के नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदमों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई आधुनिकीकरण, इंडस्ट्री 4.0 अपनाने तथा आईटी एवं आईटीईएस के विस्तार पर भी प्रकाश डाला, जिसे मजबूत प्रतिभा आधार का सहयोग प्राप्त है। उन्होंने उद्योग को सहयोग प्रदान करने के लिए सीआईआई द्वारा दिए गए प्रमुख नीतिगत सुझावों को भी साझा किया, जिनमें विवाद संबंधित इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम का प्रस्ताव, एमएसएमई एवं निर्यातकों के लिए अस्थायी राहत उपाय, कार्यशील पूंजी की उपलब्धता बढ़ाना, रियायती ऋण सुविधा, तथा जीएसटी रिफंड एवं व्यापारिक देयों के शीघ्र निपटान जैसे कदम शामिल हैं। सीआईआई मध्य प्रदेश के चेयरमैन सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि इस प्रकार के संवाद मंच उद्योग, शिक्षा और नीति निर्माण के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करते हैं।

# विनिर्माण उत्पादकता और नवाचार को बढ़ावा देने भारतीय उद्योग परिसंघ ने वीएलएफएम के 19वें बैच का शुभारंभ किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से भारत को वैश्विक विनिर्माण शक्ति में बदलने के दृष्टिकोण के अनुरूप, औद्योगिक क्षमता, नवाचार और कौशल विकास को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। विनिर्माण जीडीपी वृद्धि, रोजगार सृजन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का एक प्रमुख चालक बना हुआ है। इस दृष्टिकोण को सुदृढ़ करते हुए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सीआईआई नौरोजी गोदरेज विनिर्माण उत्कृष्टता केंद्र के




माध्यम से विजनरी लीडर्स फॉर मैन्युफैक्चरिंग (वीएलएफएम) सीनियर मैनेजर्स प्रोग्राम के 19वें बैच का उद्घाटन किया।

यह पहल विभिन्न उद्योगों के वरिष्ठ विनिर्माण नेताओं को एक साथ लाती है और इस क्षेत्र में नेतृत्व विकास के लिए एक अग्रणी मंच के रूप में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है, जिसमें इस वर्ष 50 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया है। पिछले कुछ वर्षों में, सीआईआई की वीएलएफएम पहल ने भारत भर में 1500 से अधिक विनिर्माण क्षेत्र के नेताओं को शामिल किया है, जिससे वे अपने संगठनों के भीतर नवाचार, उत्पादकता और लचीलापन लाने में सक्षम हुए हैं। वरिष्ठ निदेशक और विनिर्माण उत्कृष्टता केंद्र के प्रमुख असीम चरानिया ने कहा कि वीएलएफएम कार्यक्रम दूरदर्शी नेताओं का एक मजबूत समूह तैयार कर रहा है जो विनिर्माण उत्कृष्टता को आगे बढ़ाएंगे और भारत की जीडीपी वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# जिस काम को डब्ल्यूएचओ ने 'असंभव' कहकर छोड़ा, पतंजलि ने उसे किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

कभी दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संस्था ने जिस काम को 'असंभव' मानकर बीच रास्ते में छोड़ दिया था, उसी कार्य को भारत में एक संकल्प ने न केवल आगे बढ़ाया बल्कि उसे इतिहास में दर्ज कर दिया। यह कहानी है उस अद्भुत पुरुषार्थ की, जहां तप, शोध और दूरदर्शिता ने मिलकर 'विश्व भेषज संहिता' जैसा महाग्रंथ रच दिया और आज हालात यह है कि डिजिटल युग की दिग्गज कंपनी गूगल भी उसी ज्ञान को प्राप्त करने के लिए पतंजलि के दरवाजे पर दस्तक दे रही है।

वर्ष 1999 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की। लक्ष्य था, दुनिया भर की वनस्पति आधारित चिकित्सा पद्धतियों, औषधीय पौधों और पारंपरिक ज्ञान को एकत्रित कर एक वैश्विक दस्तावेज तैयार करना। करीब 11 वर्षों की मेहनत के बाद 2010 में डब्ल्यूएचओ ने इस परियोजना को रोक दिया। कारण साफ था, यह कार्य अत्यधिक व्यापक, जटिल एवं लगभग असंभव सा प्रतीत हो रहा था। अंततः डब्ल्यूएचओ केवल तीन सीमित वॉल्यूम तक ही सिमट गया।

देहरादून के दून बुक फेस्टिवल में श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण ने स्वयं इस महाग्रंथ के 109 खंडों के पूर्ण होने और पीछे किए गए पुरुषार्थ की


आचार्य बालकृष्ण

कहानी बताई। यह केवल एक प्रकाशन नहीं, बल्कि वैश्विक चिकित्सा ज्ञान को संरक्षित करने का ऐतिहासिक क्षण था। इसका दून पुस्तक मेले में खुलासा हुआ। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा के इस युग में, जब दुनिया डिजिटल ज्ञान पर निर्भर है, तब गूगल जैसी टेक दिग्गज कंपनी ने पतंजलि से एविडेंस-बेस्ड डेटा के लिए संपर्क साधा है। यानि गूगल एआई के प्रयोग के लिए पतंजलि का संग्रहित साक्ष्य आधारित डेटा मांग रहा है जिससे कि वह इस डेटा से एआई को और मजबूत कर सके। यह केवल एक सहयोग नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत का पारंपरिक ज्ञान अब वैश्विक टेक्नोलॉजी के केंद्र में पहुंच चुका है। 'विश्व भेषज संहिता' इस बात का प्रमाण है कि जब संकल्प अडिग हो, तो अधूरी कहानियां भी इतिहास बन जाती हैं।

### महिला कर्जदारों का 76 लाख करोड़ रुपए का ऋण संग्रह, आठ वर्षों में चार गुना वृद्धि

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में महिला कर्जदारों का ऋण संग्रह 76 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह कुल प्रणालीगत ऋण का 26 फीसदी है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जिसमें बताया गया है कि 2017 के बाद से इसमें करीब पांच गुना वृद्धि हुई है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2017 से दिसंबर 2025 के बीच ऋण-सक्रिय महिला कर्जदारों की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) नौ फीसदी रही।

> ■ लगभग 45 करोड़ ऋण-योग्य महिलाएं हैं

इसी अवधि में, महिलाओं के बीच ऋण पहुंच 19 फीसदी से बढ़कर 36 फीसदी हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2017 में महिलाओं का कुल बकाया ऋण 16 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025 में 76 लाख करोड़ रुपये हो गया। भारत में लगभग 45 करोड़ ऋण-योग्य महिलाएं हैं, जिससे आगे विस्तार की काफी संभावना है। यह वृद्धि विशेष रूप से वाणिज्यिक ऋण से प्रेरित है। 2022 से 2025 के बीच महिला कारोबारी कर्जदारों को दिए गए ऋण में 31 फीसदी की सीएजीआर दर्ज हुई, जो कुल वाणिज्यिक ऋण की 17 फीसदी वृद्धि से अधिक है। नीति आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने कहा कि आर्थिक विकास तब आगे बढ़ता है जब बाजारों में भागीदारी व्यापक, गहरी और अधिक कुशल हो जाती है। सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (एमएफआई) के कर्जदारों का व्यक्तिगत खुदरा और वाणिज्यिक ऋणों की ओर धीरे-धीरे बदलाव देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, अब 19 फीसदी सक्रिय सूक्ष्म वित्त कर्जदार ऐसे ऋण ले रहे हैं। व्यक्तिगत और स्वर्ण ऋण महिलाओं द्वारा सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले उत्पाद बने हुए हैं।

### किसान दूरी बना रहे 'सांची' से, ब्रांड वैल्यू को नुकसान

**निजी दूध ब्रांडों को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा मिला**

# विपणन और प्रबंधन कमजोर होने से घट रही सांची की लोकप्रियता

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश का प्रमुख सहकारी ब्रांड 'सांची' इन दिनों भारी संकट से गुजर रहा है। किसानों का सांची से मोहभंग होने और प्राइवेट डेयरी कंपनियों की ओर रुख करने से सांची की ब्रांड वैल्यू और बाजार हिस्सेदारी को बड़ा नुकसान पहुंच रहा है।

बताया जा रहा है कि एडीडीबी के अधीन मध्यप्रदेश राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन द्वारा प्रदेश से सांची दुग्ध संघ में किए गए बदलाव मध्यप्रदेश के दुग्ध उत्पादों और इससे जुड़े लोगों को रास नहीं आ रहा है। नतीजा निजी कंपनियों की तुलना में सांची की लोकप्रियता घट रही है। जिसका दोषी एफपीसीडीएफ के अफसर को ठहराया जा रहा है। दुग्ध उत्पादकों और पार्लर संचालकों के अनुसार एमपीसीडीएफ की कमान बतौर प्रबंध संचालक के रूप में संभाल रहे डॉ.संजय गोवाणी की कार्यप्रणाली सांची दुग्ध संघों के लिए हितकारी साबित नहीं हो रहा है। एमपीसीडीएफ से जुड़े लोगों के अनुसार मध्य प्रदेश में सांची दुग्ध ब्रांड के साथ काम करना दुग्ध उत्पादकों के लिए वर्तमान में प्रतिकूल होता जा रहा है। सांची ब्रांडों की प्रबंधन द्वारा उपेक्षा किए जाने, विपणन व्यवस्था और इनके संचालन के प्रति ढील पोल रवैया अपनाएं जाने निजी दूध ब्रांडों को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा मिला है और उन्होंने बाजार में दूध और कई दूध उत्पाद उतारे हैं। इससे न केवल 'सांची'की ब्रांड वैल्यू को नुकसान पहुंचा है, बल्कि दूध उत्पादक किसानों का 'शोषण' भी हो रहा है। क्योंकि भुगतान में देरी, कम खरीदी दर है, जिसके चलते किसान सांची से दूरी बना रहे हैं। सांची दुग्ध संघ द्वारा किसानों को दूध का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है।

#### क्वालिटी, उत्पादन और विक्रय में भारी गिरावट

एनडीडीबी को एक साल होने को हैं, लेकिन अभी तक दुग्ध संघों में कोई भी नीतिगत परिवर्तन नहीं आया। पशु आहार संयत्रों में क्वालिटी और उत्पादन दोनों में भारी गिरावट आने से विक्रय घटा है। जहां तक दूध संकलन है तो इसमें पिछले साल की तुलना में 10 हजार लीटर की कमी आई है। इतना ही सांची उत्पादों के विक्रय में कमी होने से लोगों की लोकप्रियता सांची के प्रति घटी है।

**मोती सिंह पटेल**
पूर्व अध्यक्ष, दुग्धसंघ इंदौर

***आईएएस अधिकारी की जगह आउटसोर्स या अनुबंध आधारित अधिकारी संभाल रहे कमान***

*एक साल पहले सहकारिता क्षेत्र में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (एफपीसीडीएफ) प्रबंधन की कमान आईएएस अधिकारी संभाल रहे थे। लेकिन करीब साल भर से एफपीसीडीएफ की कमान आईएएस अधिकारी की जगह आउटसोर्स या अनुबंध आधारित अधिकारी संभाल रहे है। जिसकी बदौलत अनुबंध आधारित अधिकारी की कार्यक्षमता आशानुरूप नहीं होने से सांची की लोकप्रियता घटने लगी है। विपणन और संचालन व्यवस्था चरमराने लग गई। मौजूदा व्यवस्था एफपीसीडीएफ में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की भूमिका के बाहर है।*

## चिंतन

# मध्यपूर्व में युद्धविराम दुनिया को देगा राहत

मध्यपूर्व की बारूदी जमीन पर 40 दिन तक चले संघर्ष के बाद अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच घोषित दो सप्ताह का युद्धविराम निस्संदेह दुनिया के लिए राहत की सांस लेकर आया है। यह विराम केवल गोलियों और मिसाइलों की खामोशी भर नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और आम आदमी की रसोई तक फैले संकट से अस्थायी निजात का संकेत भी है। सवाल यह है कि क्या यह युद्धविराम स्थायी शांति की प्रस्तावना है या सिर्फ एक खतरनाक संघर्ष का छोटा सा 'पॉज'? हालांकि उम्मीद की जा सकती है कि अब दुनिया को कुछ राहत मिलेगी। इससे तेल, गैस, उर्वरकों और खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। ईरान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिद्द ने पूरी दुनिया को संकट में धकेल दिया था। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से इस लड़ाई की आंच लोगों की रसोई तक पहुंच गई थी। श्रमिकों, व्यापारियों और आमजन समेत हर वर्ग पर इसका व्यापक असर साफ देखा गया था। तेल, रसोई गैस और उर्वरक तक महंगे हो गए थे। होर्मुज खुलने से तेल, गैस और खाद्य पदार्थ आसानी से लोगों तक पहुंच सकेंगे। उम्मीद की जा सकती है कि अमेरिका, इजराइल और ईरान दोबारा ऐसा कदम नहीं उठाएंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे ने वैश्विक तेल आपूर्ति को हिला दिया था। तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में उछाल ने विकासशील देशों की कमर तोड़ दी। भारत जैसे कृषि-प्रधान देश में इसका सीधा असर खेत और रसोई दोनों पर दिखा। महंगे उर्वरकों ने किसानों की लागत बढ़ाई तो रसोई गैस और खाद्य पदार्थों की कीमतों ने आम आदमी की थाली को प्रभावित किया। ऐसे में यह युद्धविराम आर्थिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। इससे तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद जगी है, जिससे महंगाई पर कुछ अंकुश लग सकता है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े कृषि उत्पादक देशों के लिए यह राहत इसलिए भी अहम है, क्योंकि उनकी उर्वरक जरूरतें खाड़ी क्षेत्र पर निर्भर हैं। यदि आपूर्ति बहाल रहती है, तो आगामी कृषि सत्र अपेक्षाकृत स्थिर रह सकता है, लेकिन इस राहत के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह युद्धविराम किसी स्थायी समाधान का परिणाम नहीं, बल्कि परिस्थितियों की मजबूरी का उत्पाद है। अमेरिका में चुनावी दबाव, इज़राइल की सैन्य रणनीति और ईरान की क्षेत्रीय पकड़ इन सबके बीच यह समझौता हुआ है। यह शांति की इच्छा से ज्यादा, थकान और दबाव का समझौता प्रतीत होता है।सबसे बड़ी चिंता यह है कि यह युद्धविराम केवल दो सप्ताह के लिए है। इतने कम समय में दशकों पुराने अविश्वास, वैचारिक टकराव और सामरिक प्रतिस्पर्धा को खत्म करना लगभग असंभव है। पूरे घटनाक्रम में एक और महत्वपूर्ण पहलू है क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका। पाकिस्तान के जरिए हुई मध्यस्थता ने भले ही अस्थायी राहत दिलाई हो, लेकिन यह भी साफ है कि बिना व्यापक और ईमानदार कूटनीतिक प्रयासों के स्थायी समाधान संभव नहीं है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक शक्तियों को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए। कहा जा सकता है कि अगर इस अवसर को गंभीर कूटनीतिक पहल, आपसी विश्वास निर्माण और दीर्घकालिक रणनीति से नहीं जोड़ा गया, तो यह केवल एक विराम बनकर रह जाएगा, जिसके बाद संघर्ष और अधिक तीव्रता के साथ लौट सकता है। दुनिया को अब युद्धविराम से आगे बढ़कर शांति की स्थायी इबारत लिखनी होगी। इसके लिए सभी शक्तिशाली देश प्रयास करें।



ऐतिहासिक पल
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

# हम नारी शक्ति को 'सशक्त' करें

14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

21वीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगी। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा।

यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं, और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

हमारी नारीशक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है। लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे



प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है।

पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो।

अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और अधिक समावेशी बनाने की क्षमता में होती है।

संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारीशक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
अनिरुद्ध प्रताप सिंह



# बाजार की चाल, अस्थिर रुपया और आरबीआई की सीमाएं

पिछले कुछ समय से वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव, विशेषकर ईरान-अमेरिका–इजराइल के बीच संघर्ष ने भारत की अर्थव्यवस्था को सीधे प्रभावित किया है और इसका सबसे स्पष्ट असर रुपये पर देखने को मिला है। पिछले दो हफ्तों में रुपये का व्यवहार लगभग वैसा ही रहा है जैसा आर्थिक सिद्धांत बताते हैं, यानी जैसे-जैसे जोखिम बढ़ा, पूंजी बाहर निकली, तेल महंगा हुआ और घरेलू मुद्रा दबाव में आ गई। रुपये में आई तेज गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उस गहरे असंतुलन का संकेत है, जो वैश्विक और घरेलू कारकों के मिलन से पैदा हुआ है। यह स्थिति इस बात को भी उजागर करती है कि जब बड़ी मात्रा में विदेशी पूंजी तेजी से बाहर निकलती है, तो भारत का भुगतान संतुलन उतना मजबूत सुरक्षा कवच नहीं रह जाता, जितना सामान्य परिस्थितियों में माना जाता है। इस घटनाक्रम की शुरुआत ऊर्जा बाजार से हुई। युद्ध के कारण तेल की आपूर्ति पर खतरा बढ़ा और कीमतों में तेजी आई। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर हैं, उन्हें अधिक डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इससे डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपया कमजोर होता है। इसी के साथ विदेशी निवेशकों का भरोसा भी डगमगाया और उन्होंने भारतीय बाजारों से पैसा निकालना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप डॉलर की उपलब्धता और कम हो गई, जिससे रुपये पर दोहरा दबाव पड़ा। यह वही स्थिति है, जिसे अर्थशास्त्र में मांग और आपूर्ति के सरल सिद्धांत से समझाया जाता है-जब डॉलर की मांग बढ़ती है और आपूर्ति घटती है, तो उसकी कीमत बढ़ती है और रुपया गिरता है। 30 मार्च आते-आते यह स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि रुपया अपने इतिहास के सबसे कमजोर स्तर के करीब पहुंच गया, दिन के दौरान लगभग 95 प्रति डॉलर तक फिसल गया। पूरे वित्तीय वर्ष में रुपये में लगभग 11 प्रतिशत की गिरावट यह दिखाती है कि यह केवल अल्पकालिक उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक दबाव है। असली कहानी केवल स्पॉट रेट की नहीं है, बल्कि उस व्यापक वित्तीय अस्थिरता की है जो इसके पीछे काम कर रही थी। जैसा कि हम जानते हैं कि जब भूराजनीतिक तनाव बढ़ता है, तो उसका असर केवल शेयर बाजार या मुद्रा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी वित्तीय प्रणाली में फैल जाता है। विदेशी मुद्रा बाजार में यह अस्थिरता सबसे पहले दिखाई देती है, जहां रुपये और डॉलर की कीमतें तेजी से बदलने लगती हैं। बैंक और डीलर इस जोखिम को संभालने की कोशिश करते हैं, लेकिन वे इसे स्प्रेड यानी खरीद और बिक्री के दाम के अंतर के रूप में ग्राहकों पर डाल देते हैं। सामान्य समय में यह अंतर बहुत कम होता है, लेकिन जब बाजार में घबराहट बढ़ती है, तो यही स्प्रेड बढ़ जाता है और हर लेन-देन महंगा हो जाता है।

इस बार स्थिति और जटिल इसलिए हो गई है, क्योंकि बाजार में असंतुलन बहुत बढ़ गया है। सामान्यतः भारत के अंदर और विदेशों में रुपये की कीमत लगभग समान रहती है, लेकिन जब इन दोनों के बीच अंतर बढ़ने लगे, तो यह बाजार में गड़बड़ी और अनिश्चितता का संकेत होता है। इसी अंतर का फायदा उठाने के लिए ट्रेडर्स सक्रिय हो गए और आर्बिट्राज के जरिए लाभ कमाने लगे। 30 मार्च को डॉलर-रुपया बाजार में कुल लेन-देन लगभग 302 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो असामान्य रूप से अधिक था। इस पूरे तंत्र के केंद्र में एक असहज सच्चाई भी है-विदेशी मुद्रा बाजार केवल अस्थिरता को झेलता ही नहीं, बल्कि उससे लाभ भी कमाता है। बैंक और वित्तीय संस्थाएं बढ़ते स्प्रेड के जरिए ज्यादा मुनाफा कमाती हैं। इसके अलावा, उनके ट्रेजरी डेस्क भी बाजार की दिशा पर दांव लगाते हैं, जिसे तकनीकी रूप से जोखिम प्रबंधन कहा जाता है, लेकिन वास्तविकता में यह भी एक प्रकार की सट्टेबाजी होती है। ऑनशोर बाजार और ऑफशोर नॉन-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) के बीच का अंतर इस खेल को और बढ़ाता है। युद्ध, पूंजी का तेज बहिर्वाह, डॉलर की मजबूती और वैश्विक बाजारों की अस्थिरता जैसी स्थितियों से मुकाबले के लिए आरबीआई के पास सीमित उपकरण हैं, जैसे ब्याज दरों में बदलाव या विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग। जब बाहरी दबाव बहुत अधिक होता है, तो ये उपाय पूरी तरह प्रभावी नहीं हो पाते। यही कारण है कि आज का संकट केवल नीति की विफलता नहीं, बल्कि एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था का परिणाम है, जिसमें राष्ट्रीय संस्थाओं की सीमाएं स्पष्ट हो जाती हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए केवल अल्पकालिक हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं, बल्कि एक मजबूत, पारदर्शी और गहरे घरेलू विदेशी मुद्रा बाजार का निर्माण करना होगा, ताकि बाहरी झटकों का असर प्रभावी ढंग से कम किया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्त्रोत बताए गए हैं-भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ।

## सटाका




## आज की पाती

### पौधे रोपना कितना जरूरी

आज हमें जो पेड़ों से फल और जीने के लिए मुफ्त की ऑक्सीजन मिल रही है, और इन पेड़ों को हमारे पूर्वजों और बुजुर्गों ने लगाया था। सोचो! अगर उन्होंने अपने समय में पौधे न लगाए होते तो आज हमें बहुत से पेड़ न नजर आते। और उन्होंने भी अगर आज की तरह पेड़ धड़ाधड़ काटे होते तो आज हमारा देश, जोकि प्राकृतिक सौंदर्य का खजाना माना जाता है, यहां रेगिस्तान ही रेगिस्तान नजर आते। अगर हमें अपनी भावी पीढ़ी को पेड़ों से मिलने वाली मुफ्त ऑक्सीजन का तोहफा देना है तो हमें भी जहां भी जगह मिले, वहां पौधे लगाने चाहिए और जब भी कोई घर, फैक्टरी या अन्य किसी भी प्रकार का निर्माण करें तो अपने यहां एक-दो पौधे लगाने की जगह जरूर छोड़नी चाहिए।

*अंशुल, मधुबन*

## करंट अफेयर

### ग्रामीण भारत में 46% लोग भूमिहीन : रिपोर्ट



देश के ग्रामीण इलाकों में शीर्ष 10 प्रतिशत परिवारों के पास 44 प्रतिशत जमीन है, जबकि 46 प्रतिशत भूमिहीन हैं। 'वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब' के एक अध्ययन में यह बात कही गई है। 'भारत में भूमि असमानता : प्रकृति, इतिहास एवं बाजार' शीर्षक वाले इस कार्य-पत्र में कहा गया है कि ग्रामीण भारत में शीर्ष पांच प्रतिशत परिवार 32 प्रतिशत जमीन के मालिक हैं, जबकि शीर्ष एक प्रतिशत परिवारों के पास 18 प्रतिशत कृषि भूमि है। यह अध्ययन नितिन कुमार भारती, डेविड ब्लेकस्ली और समरीन मलिक ने संयुक्त रूप से किया है। अध्ययन में करीब 65 करोड़ लोगों और 2.7 लाख गांवों के भूमि आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण स्तर पर भूमि असमानता का औसत गिनी सूचकांक (0 से 100 के पैमाने पर) भूमिहीन परिवारों को शामिल करने पर 71 तक पहुंच जाता है जबकि 46 प्रतिशत ग्रामीण परिवार पूरी तरह भूमिहीन हैं। अध्ययन रिपोर्ट कहती है कि औसतन किसी गांव में सबसे बड़ा जमींदार लगभग 12 प्रतिशत जमीन नियंत्रित करता है, जबकि कुछ गांवों में एक ही व्यक्ति के पास आधे से अधिक कृषि भूमि है। राज्यों के बीच असमानता के स्तर में भी बड़ा अंतर देखा गया है, जो वैश्विक स्तर पर देशों के बीच पाए जाने वाले अंतर के लगभग बराबर है।

## ऑफ बीट

### ब्यूटी पार्लर में बाल धुलवाने से बीपीएसएस का खतरा



थकान मिटाने, 'फील गुड' करने और बालों की चमक बढ़ाने के लिए लोग अक्सर हेयर स्पा का सहारा लेते हैं। हालांकि, ब्यूटी पार्लर या सैलून में हेयर स्पा की प्रक्रिया के बाद बालों की धुलाई 'ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक सिंड्रोम' (बीपीएसएस) नाम की एक गंभीर दुर्लभ स्वास्थ्य जटिलता का कारण बन सकती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों की धुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'बैकवॉश बेसिन' पर एक विशेष कोण पर सिर टिकाकर बैठने या लेटने से न सिर्फ गर्दन में दर्द और चोट की समस्या उभर सकती है, बल्कि कुछ मामलों में व्यक्ति के स्ट्रोक का भी शिकार होने का खतरा रहता है। अमेरिकी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. माइकल वेनट्रॉब ने 1993 में पहली बार बीपीएसएस की पहचान की थी। उन्होंने पाया था कि स्ट्रोक से जुड़े गंभीर लक्षणों से जूझ रहे उनके कुछ मरीजों में ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों में शैंपू कराने के बाद ये समस्याएं उभरी थीं। स्ट्रोक एक तरह का मस्तिष्काघात है, जो मस्तिष्क में खून का प्रवाह घटने पर होता है। यह आमतौर पर मस्तिष्क में प्रमुख रक्त वाहिका में खून का थक्का जमने या उसके फटने के कारण होता है, जिससे कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, ग्लूकोज व अन्य पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं और वे दम तोड़ देती हैं।

## ट्रेंड

### बिना गारंटी के ऋण



मोदी सरकार के नेतृत्व में, छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर, स्वरोजगार और लघु उद्योगों को नई शक्ति प्रदान की गई है। इस कल्याणकारी योजना के तहत 40 लाख करोड़ से अधिक मूल्य के 58 करोड़ से अधिक ऋण वितरित किए गए हैं।
**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### किसानों का दर्द



किसानों का दर्द वही लोग सही मायने में समझ सकते हैं जिन्होंने स्वयं खेतों में पसीना बहाया हो। हमारा संकल्प है कि 2027 तक राजस्थान के हर जिले के किसानों को दिन के समय बिजली मिलेगी।
**-भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### चुनाव आयोग



अब यह कहने की भी जरूरत नहीं है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारों पर काम कर रहा है और भाजपा से सीधे निर्देश ले रहा है। यह बात अब सबके सामने आ चुकी है और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### युद्धविराम का स्वागत



अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम स्वागत योग्य कदम है। आशा है कि इन दिनों में समझदारी से काम लिया जाएगा और हम स्थायी शांति की ओर बढ़ेंगे। बच्चों को संभावनाओं से भरा भविष्य मिलना चाहिए, न कि विनाश से।
**-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता**

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



फलदार पेड की सारी डंगाल काट कर छोड़ा।

# थाना प्रभारी के घर से आम के फल से लदा हरा पेड़ काटा, शिकायत करने पर भेल प्रबंधन ने कहा- कट गया तो कट गया, फेवीकोल से जुड़वा दें क्या?

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भेल प्रबंधन टाउनशिप की खाली जगह पर जंगल क्षेत्र विकसित कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर गोविंदपुरा में थाना प्रभारी के घर पर लगा आम का फलदार पेड़ काट दिया गया। जिस समय पेड़ काटा गया उस समय थाना प्रभारी घर पर नहीं थे। जब वे घर लौटे तो पेड़ कटा हुआ देखकर दंग रह गए। इसकी शिकायत उन्होंने भेल प्रबंधन से की। प्रबंधन ने गैर जिम्मेदाराना जवाब देते हुए कह दिया कि कट गया तो कट गया क्या करें, क्या फेवीकोल से जुड़वा दें। बुधवार को इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। हालांकि थाना प्रभारी बुधवार को भी मामले की शिकायत करने भेल के अधिकारियों के पास पहुंचे थे। थाना प्रभारी का कहना है कि इस पेड़ से आसपास के लोग और बच्चे स्वादिष्ट आम का मजा लेते थे। साथ ही पेड़ हरा-भरा होने के कारण गर्मियों में पक्षियों का बसेरा भी रहता था।

**टीआई की गैर मौजूदगी में काटा हरा-भरा फलदार पेड़, भेल प्रबंधन को मौखिक रूप से की है शिकायत**

**इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर हो रहा खूब वायरल, जिनकी डंगाल काट कर नीचे गिरा दी है**



आम के पेड़ में पहले ऐसे लगे थे बड़े-बड़े आम।



पेड़ की डंगाल काटने के बाद पड़ी हुई।

**पेड छंटाई के नाम पर काटा गया पेड़**

मिसरोद थाना प्रभारी के सरकारी आवास में लगा पेड छंटाई के नाम पर काटा गया, जबकि यह पेड़ न तो सूखा था और न ही किसी तरह से खतरनाक स्थिति में था, ताकि उसे छांटने और काटने की जरूरत पड़े। जब थाना प्रभारी ने भेल अधिकारियों से शिकायत की, तो उन्हें टका सा जवाब दिया कि कट गया तो अब क्या कर सकते हैं।

### थाना प्रभारी का तर्क- अधिकारियों को शिकायत की है

मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार का कहना है कि गोविंदपुरा पुलिस लाइन में मेरा सरकारी आवास है। यहां फलों से लदा आम का पेड़ काट दिया गया। पेड़ को तब काटा गया जब मैं और मेरा परिवार घर पर नहीं था। जब मैं ड्यूटी से लौटा तो देखा की पेड़ कटा पड़ा है। मैंने भेल अधिकारियों से बात की तो जवाब मिला कि कट गया तो कट गया, क्या अब फेवीकाल से आकर जोड़ें। बुधवार को भी मामले से अधिकारियों को अवगत कराया है।

## खबर संक्षेप



### गरीब व निराश्रितों को छाछ व शरबत बांटा

**संतनगर।** गांधीनगर स्थित संत आशाराम आश्रम में मंगलवार को पूज्य बापूजी का 86वां जन्मोत्सव मनाया गया। मंगलवार सुबह 9 बजे से ही आश्रम में साधकों की भारी भीड़ थी, आश्रम में पहुचकर भक्तों ने सामूहिक हवन, जप व गुरुदेव के उत्तम स्वास्थ्य के लिए संकल्प किया। इस अवसर पर सामुहिक पादुका यात्रा, कीर्तन व सत्संग का भी आयोजन किया। समिति के मीडिया प्रभारी हरीश मेहर चंदानी ने बताया कि बापूजी के जन्म दिवस पर गरीब, निराश्रितों को छाछ और शरबत का वितरण किया है।

### मीडिया पैनलिस्ट नमिता अग्रवाल ने माना आभार



**औबेदुल्लागंज।** नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं प्रदेश बीजेपी की मिडिया पैनलिस्ट नमिता अग्रवाल ने बुधवार को भाजपा नेता बागिश अग्रवाल और नंदू शर्मा के साथ नगर में सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री माधव यादव, भारती सेठी, आरती यादव, माया राय आदि ने कहा कि नमिता अग्रवाल ने औबेदुल्लागंज का गौरव बढ़ाया है एवं औबेदुल्लागंज की पहेली महिला है जिन्होंने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया।

### बैठक में पत्रकार सम्मेलन शीघ्र कराने पर चर्चा



**औबेदुल्लागंज।** प्रेस क्लब के कार्यालय में अध्यक्ष भारत निहाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पत्रकार सम्मेलन शीघ्र करने पर चर्चा हुई। पत्रकारों ने सुझाव दिया कि प्रेस क्लब के नियम बनाए एवं प्रेस क्लब के संगठन को मजबूत करने के लिए असंतुष्टों को प्रेस क्लब से जोड़ा जाए। इस अवसर पर सुनील सेरिया, उपेंद्र मालवीय, भूपेंद्र मेहरा आदि उपस्थित रहे।

### युवक ने घर पर फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर शाहपुरा टीनशेड में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार आकाश गाठिया पिता धर्मराज गाठिया (25) टीन शेड बाबा नगर सी सेक्टर शाहपुरा में रहता था और प्राइवेट काम करता था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 780 | 56 | 367 |
| रात: | 334 | 03 | 670 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 348 | 52 | 679 |
| रात: | 567 | 87 | 890 |

## बदमाश से भिड़ी महिला, गोली चलाने का नहीं दिया मौका

# मामूली कहासुनी के बाद बदमाश ने निकाली पिस्टल, किया हवाई फायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग उमराव दूल्हा में बुधवार दोपहर बाइक और स्कूटी में मामूली टक्कर होने के बाद विवाद बढ़ गया। मामूली कहासुनी होने के बाद बाइक सवार बदमाश ने पिस्टल निकाल ली। बदमाश के हाथ में पिस्टल देख स्कूटी पर पीछे बैठी महिला समय न गंवाते हुए बदमाश से भिड़ गई और उसे धक्का देती हुई दीवार तक ले गई। महिला ने बदमाश को फायर करने का मौका नहीं दिया। महिला का हौसला देख बदमाश धमकाने के इरादो हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकला। घटना का एक वीडियो सोशल वायरल पर वायरल हो रहा है। पुलिस का कहना है कि बदमाश को निशातपुरा थाने का निगरानी है।

पुलिस के अनुसार बाग उमराव दूल्हा क्षेत्र में बुधवार दोपहर 11 बजकर 49 मिनट पर एक गली के मोड़ पर स्कूटी सवार एक व्यक्ति किसी से बात कर रहे थे। उनकी स्कूटी पर बुर्कापोश एक महिला भी सवार थीं। तभी बाइक सवार बदमाश मोड़ पर टर्न लेता है। उसकी बाइक वहां पहले से खड़े व्यक्ति की स्कूटी से मामूली रूप से टकरा जाती है। इसी बात को दोनों के बीच बहस होती है।

**घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल**

**घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई पूरी घटना**

**पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के कर रही प्रयास**



सीसीटीवी में कैद हुआ मामला, गोली चलाता दिखा युवक।

इस बीच बाइक सवार बदमाश अपनी बाइक खड़ी की स्कूटी सवार व्यक्ति की ओर बढ़ा। इसी बीच उसने अपने पास रखी पिस्टल निकाल ली। पिस्टल देख स्कूटी पर पीछे बैठी महिला उतरकर बदमाश से भिड़ गई। वह बदमाश को धक्का देती हुई सामने की दीवार तक ले गई। महिला उक्त बदमाश को फायर करने से रोक रही थी। तभी स्कूटी सवार शख्स गाड़ी से उतरा और महिला का हाथ पकड़कर अपनी गाड़ी तक ले आया। तब तक कुछ तमाशबीन मौके पर जमा हो गए थे। स्कूटी के पास पहुंचते ही महिला बेसुध होकर जमीन पर बैठ गई। साथ वाला शख्स उन्हें उठाने का प्रयास करने लगा। उसी दौरान बाइक सवार बदमाश कुछ देर तक उन्हें देखता रहा और फिर अचानक हवाई फायर कर दिया। फायरिंग करने के बाद बदमाश अपनी बाइक से फरार हो गया।

### निशातपुरा का निगरानी गुंडा है आरोपी

गोली की आवाज सुनते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस का कहना है कि कोई भी फरियादी अपनी शिकायत लेकर थाने नहीं आया है। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरा घटनाक्रम कैद हुआ है। पुलिस अब फरियादी की तलाश कर रही है ताकि प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जा सके। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान बैरसिया रोड करोंद निवासी दिलावर खान के रूप में की है। वह निगरानी गुंडा बताया जा रहा है। उसके खिलाफ निशातपुरा थाना समेत अन्य थानों में एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। इलाके में गोली चलाकर सनसनी फैलाने वाले आरोपी की तलाश की जा रही है।

## अयोध्या नगर में मिनाल के गेट नंबर पांच के पास हुआ हादसा

# सड़क किनारे टहल रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

**हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया**

**पुलिस ट्रक और चालक की तलाश कर रही है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित मिनाल गेट नंबर पांच से कुछ दूरी पर बायपास पर अज्ञात ट्रक ने सड़क किनारे टहल रहे बुजुर्ग को कुचल दिया। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक का चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना मंगलवार देर रात करीब 12 बजे के आसपास की है। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। बुधवार को शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस ट्रक और चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार जगदीश मीणा (55) दामखेड़ा, छोला मंदिर में रहते थे और जिंदल अस्पताल के पास अंडे का ठेला लगाते थे। वे शराब पीने के आदी थे। मंगलवार रात वह अयोध्या नगर मिनाल गेट नंबर पांच से कुछ दूरी पर मुख्य सड़क पर टहल रहे थे।

इसी बीच एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क गिर गए और ट्रक का पहिया उनके शरीर के ऊपर से होता हुआ गुजर गया। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उनका शव पीएम के लिए भेज दिया।

## खेजड़ा बरामद जंगल के पास की घटना

# पैसे नहीं देने पर बदमाशों ने नाबालिग को मारा चाकू

**भागकर नाबालिग ने बचाई जान, पिता ने पुलिस में की शिकायत**

**हमले में नाबालिग के शरीर पर आधा दर्जन चाकू के लगे घाव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित खेजड़ा बरामद के पास जंगल क्षेत्र में रविवार रात होटल में काम करने वाले 16 साल के नाबालिग पर चार-पांच अज्ञात बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के समय वह काम करने के बाद होटल से घर लौट रहा था। इस दौरान दो बाइक पर आए चार-पांच बदमाशों ने उसे घेराबंदी कर रोक लिया और शराब के लिए अड़ीबाजी कर पैसे मांगने लगे। इंकार करने पर बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। किसी तरह वह जान बचाकर मौके से भाग निकला। उसके शरीर पर आधा दर्जन स्थानों पर चाकू के निशान हैं, जबकि दाहिने हाथ में गहरी चोट है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम खेजड़ा बरामद छोला निवासी पुनीत यादव (16) सूखी सेवनिया की एक होटल में काम करता है। 5 अप्रैल की रात साढ़े 9 बजे वह काम के बाद अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इस बीच खेजड़ा बरामद के पास कोकता बायपास पर सूने व अंधेरे स्थान पर दो बाइक पर सवार चार-पांच बदमाशों ने उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। पुनीत यादव ने उनसे कहा कि मैं गरीब हूं, मेरे पास पैसे नहीं है। इतना कहकर वह जान लगा तो बदमाशों ने पीछा कर उसे दबोच लिया और मारपीट करने लगे। इस बीच बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। किसी तरह पुनीत अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला।

## सिंधी भाषा में भी होगा संविधान, संस्करण का अनावरण कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस पर उपराष्ट्रपति भवन में सुबह 9:30 बजे सिंधी देवनागरी भाषा में अनुवादित संविधान के संस्करण का अनावरण करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इस विशेष समारोह की विस्तृत जानकारी देते हुए संयोजक व इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि देश में रह रहे सिंधी भाषी व्यक्ति के लिए 10 अप्रैल सिंधी भाषा दिवस काफ़ी महत्वपूर्ण और गौरान्वित करने वाला दिन होगा, क्योंकि दिल्ली में उपराष्ट्रपति भवन में महामहिम उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सिंधी देवनागरी लिपि में देश के संविधान का विमोचन करेंगे। लालवानी ने कहा कि भारत का संविधान अब सिंधी भाषा में भी उपलब्ध होगा। मोदी सरकार की इस पहल का उद्देश्य संविधान को जन-भाषा में उपलब्ध कराकर आम नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है।

## जिला मुख्यालय में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**औबेदुल्लागंज।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार ने बुधवार को बताया कि प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आज अन्नदाता किसान काफी परेशानियों से जूझ रहा हैं।



उन्होंने कहा कि गुरुवार दोपहर 12 बजे जिला मुख्यालय रायसेन में आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ पदाधिकारी, किसान कांग्रेस, ब्लॉक अध्यक्षगण, मंडलम अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, अनुसूचित जनजाति के पदाधिकारी, एनएसयूआई, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस एवं सभी रायसेन जिले के किसान साथी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर सफल बनाएं।

# औबेदुल्लागंज में चुनावी सरगर्मी तेज दावेदारों की लंबी सूची ने बढ़ाई हलचल

**नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए सक्रिय हुए क्षेत्र के नेता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

अगले साल होने वाले नगर पंचायत चुनाव को लेकर औबेदुल्लागंज में राजनीतिक माहौल अभी से गर्माने लगा है। वार्ड स्तर से लेकर अध्यक्ष पद तक दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है और सत्ताधारी भाजपा में टिकट को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, यदि इस बार सीट सामान्य (महिला) रहती है तो भाजपा से भारती सेठी और नमिता अग्रवाल को प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। दोनों ही लंबे समय से संगठन और क्षेत्र में सक्रिय हैं, जिससे मुकाबला रोचक होने की संभावना है। वहीं अगर सीट ओबीसी (महिला) वर्ग में जाती है, तो लक्ष्मी चौकसे, माया राय, आरती यादव, सना ममनून और हेमलता चौरसिया के नाम हैं। इन सभी ने स्थानीय स्तर पर अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है और चुनावी तैयारियों में जुट गई हैं। अगर सीट सामान्य (पुरुष) होती है, तो पंकज कोठारी, बागीश अग्रवाल, देवेंद्र सिंह राजू, पवनजोत सिंह, नंदू शर्मा, नरेश सेठी, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर अध्यक्ष पद के मजबूत दावेदार हैं। इन नेताओं की पहचान क्षेत्र में सक्रियता और जनसंपर्क के चलते मजबूत मानी जा रही है। वहीं कांग्रेस में सामान्य वर्ग के नेता महेश जैन, अर्चना जैन, पार्षद हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, संजय सिंह चौहान, विक्रांत राय, राजा राम यादव, दुर्गेश यादव आदि हैं। ओबीसी (पुरुष) सीट की स्थिति में दीपू परमार, भूपेंद्र नागर रामेश्वर नागर, बचन लोधी सिंह, धर्मेंद्र चौरसिया अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ये सभी नाम क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र पटवा के करीबी माने जाते हैं, जिससे टिकट वितरण में उनके प्रभाव की चर्चा भी जोरों पर है।

### मुकाबला होगा दिलचस्प

औबेदुल्लागंज में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प होने की उम्मीद है, क्योंकि एक ही पार्टी में कई मजबूत चेहरे होने से टिकट के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। वहीं विपक्ष भी जल्द ही अपने पत्ते खोल सकता है। इसके साथ ही सीट का आरक्षण सामान्य या पिछड़ा वर्ग होने के बाद ही तस्वीर पूरी तरह साफ होगी। फिलहाल सभी दावेदार अपने-अपने स्तर पर जनता के बीच सक्रिय होकर माहौल बनाने में जुटे हैं।

## मानस कल्याण समिति के खिलाफ हाईकोर्ट में अदालत की अवहेलना का केस लगाने की तैयारी

**औबेदुल्लागंज।** मानस कल्याण समिति के स्थाई सदस्य एवं हाई कोर्ट में परिवाद दायर करने वाले विनोद इरपचे एवं पूर्व कोष अध्यक्ष कमल मालवीय ने बताया कि हाई कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि मानस कल्याण समिति की जांच हो एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए रिसीवर कायम किए जाएं। मगर ढाई माह बीतने के बाद भी मानस कल्याण समिति के चुनाव नहीं हुए हैं। अब मानस कल्याण समिति के खिलाफ हाई कोर्ट में अदालत की अवहेलना का केस लगाने की तैयारी की जा रही है।

पच्चीस से ज़्यादा स्थाई एवं आजीवन सदस्यों ने निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए विगत तीन साल से मांग करते आ रहे हैं। स्थाई एवं आजीवन सदस्यों में चुनाव न कराने को लेकर रोष है। मानस कल्याण समिति के आजीवन एवं स्थाई सदस्यों ने बताया कि 2002 के अनुसार ही मानस कल्याण समिति का चुनाव हो। इसके साथ ही मानस कल्याण समिति की जांच आर्थिक अपराध शाखा से कराई जाए।

## पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जब्त किया अवैध कट्टा

# ससुराल की शादी में धौंस जमाने किया हर्ष फायर, प्रॉपर्टी ब्रोकर पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र में फार्म हाउस में चल रहे शादी समारोह में हर्ष फायर किए जाने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। हर्ष फायर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परवलिया पुलिस ने फायर करने वाले प्रॉपर्टी ब्रोकर पर आर्म्स एक्ट और फायर करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार परवलिया में फार्म हाउस में गांधी नगर निवासी असलम खान के ससुराल पक्ष में शादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। बारात निकाली जा रही थी। इसी बीच असलम खान ने बारात में डांस करते समय कट्टे से हर्ष फायर कर दिया। हर्ष फायर का वीडियो परिजन और बारातियों ने बना लिया था। उक्त वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद परवलिया पुलिस ने पड़ताल की और असलम को गिरफ्तार कर उससे कट्टा बरामद कर लिया। असलम से कट्टा रखने का लाइसेंस पूछा गया। इस पर वह कहने लगा कि उसके पास लाइसेंस नहीं है। प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करने के कारण उसे कट्टे की जरूरत थी। लिहाजा उसने बिना लाइसेंस के सिंगल राउंड वाला कट्टा खरीद लिया था। पुलिस ने बताया कि असलम के खिलाफ पुराना कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

**परवलिया सड़क में फार्म हाउस पर शादी का था कार्यक्रम**

### बाइक सवार बुजुर्ग को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया जोड़ पर बुधवार दोपहर ग्यारह मील की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक चला रहे युवक को मामूली चोट आई थी, जबकि सिर और दोनों हाथ सहित सीने में चोट होने के कारण बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गेंदालाल सिंह (60) गांव धनवाद, थाना मुरबाद, जिला विदिशा के थे और मेहनत मजदूरी करते थे। वह अपने बेटे और परिचितों के साथ विदिशा से बंगरसिया नव जीवन अस्पताल आए थे।

## केवायसी अपडेट नहीं होने से पहले से ही बंद था क्रेडिट कार्ड

# साइबर जालसाज ने फर्जी क्रेडिट कार्ड बनाकर कर ली 1 लाख 38 हजार रुपए की खरीदारी

**मोबाइल पर रुपए दूसरे के खाते में ट्रांसफर होने का मैसेज आया तो धोखाधड़ी का अभास हुआ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित पंजाबी बाग में रहने वाले एक युवक से साइबर जालसाज ने 1 लाख 38 हजार रुपए की चपत लगा दी। आरोपी ने युवक के बैंक अकाउंट के नंबर के आधार पर फर्जी क्रेडिट कार्ड बनाकर एक लाख 38 हजार की खरीददारी कर ली। खुलासा उस समय हुआ जब फरियादी के मोबाइल पर पैस कटने के मैसेज आए। फरियादी ने घटना की शिकायत साइबर सेल में की थी।




साइबर सेल ने जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी अशोका गार्डन थाने भेजी है। पुलिस के मुताबिक पंजाबी बाग, अशोका गार्डन निवासी अंकित जैन (28) प्राइवेट काम करते हैं। 5 अप्रैल की शाम उनके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड से खरीदारी होने पर 1 लाख 38 हजार रुपए किसी और खाते में ट्रांसफर होने के मैसेज आए। धोखाधड़ी होने का आभास होते ही वह रायसेन रोड स्थित आईडीएफसी बैंक पहुंचे। अंकित जैन ने बैंक कर्मचारियों को बताया कि केवायसी नहीं होने पर उनका क्रेडिट कार्ड पहले से ही बंद है, फिर किसी क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 38 हजार की खरीदारी हो गई। तब बैंक की ओर से उन्हें जानकारी मिली कि उनके खाते के आधार पर कोई और नंबर का क्रेडिट कार्ड बनाकर खरीददारी की गई है। इसके बाद फरियादी सीधे सायबर सेल पहुंचे और अज्ञात सायबर जालसाज के खिलाफ लिखित शिकायती आवेदन दिया।





असम, केरल और पुडुचेरी में मतदान आज

# मतदान से पहले सुरक्षा व्यवस्था सख्त की, लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं
# अधिकारियों ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर व्यापक तैयारियों का जायजा लिया



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी /नई दिल्ली

असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। असम विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। चिरांग जिले में शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मतदान कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की इकाई, तेल निगम के बोंगाईगांव केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, जिला प्रशासन और राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलकर तय किए गए कक्ष के स्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्था और आवश्यक सुरक्षा ढांचे का गहन समीक्षा की गई अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि मजबूत कक्ष के आसपास सुरक्षा के सभी जरूरी प्रबंध समय से पहले पूरे कर लिए जाएं। अधिकारियों का कहना है कि चुनाव के दौरान मतपेटियों और संबंधित सामग्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। किसी भी तरह की लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

### वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए पोस्टल बैलट सुविधा

चुनाव आयोग ने 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और पहचान किए गए दिव्यांग व्यक्तियों के लिए डाक मतपत्र (पोस्टल बैलट) के माध्यम से घर से ही अपना वोट डालने की एक वैकल्पिक सुविधा प्रदान की है।



सुरक्षा को लेकर व्यापक तैयारियां, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे जवान

### असम में मतदान केंद्रों की निगरानी लाइव वेबकास्ट से होगी

असम चुनाव के लिए 31,490 पोलिंग स्टेशनों पर 25,054,463 मतदाता मताधिकार के हकदार हैं और इन सभी मतदान केंद्रों की निगरानी लाइव वेबकास्ट के ज़रिए की जाएगी। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारीकार्यालय से जारी जानकारी में कहा गया है कि सीईओ अनुराग गोयल की अगुवाई में सभी संबंधित अधिकारी मतदान प्रक्रिया से जुड़ी अपनी ज़िम्मेदारियां देख रहे हैं। चुनाव आयोग ने पहले ही केंद्रीय पर्यवेक्षकों को तैनात कर दिया है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा पक्की करने के लिए, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ, जिनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान भी शामिल हैं, को तैनात किया गया है।

### मतदान कर्मियों और मशीनों की व्यवस्था की

चुनावी प्रक्रिया पूरी कराने के लिए कुल 151,132 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है। मतदान प्रक्रिया के लिए 41,320 बैलेट यूनिट, 43,975 कंट्रोल यूनिट और 43,997 वीवीपैट मशीनों का इंतज़ाम किया गया है, इनमें आपातकालीन स्थितियों में इस्तेमाल के लिए रिज़र्व में रखी गई मशीनें भी शामिल हैं। ज़रूरत पड़ने पर इस्तेमाल के लिए अतिरिक्त मतदान कर्मियों को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है।

### ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का उपयोग

मतदान प्रक्रिया के लिए 1,099 ईवीएम, 1,099 कंट्रोल यूनिट और 1,099 वीवीपैट मशीनों का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा आपात स्थिति से निपटने के लिए 364 ईवीएम, 364 कंट्रोल यूनिट और 459 वीवीपैट मशीनें रिजर्व में रखी गई हैं।

### अधिक संख्या में मतदान करें लोग

चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाएं। वहीं राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की ओर से भी अंतिम दौर का प्रचार अभियान पूरा कर लिया गया है।

### केरल में मतदान का समय सुबह 7 बजे से



केरल के सभी मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू. केलकर ने बताया कि सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। 883 उम्मीदवार की किस्मत लॉक होगी।

### पुडुचेरी में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की

प्रदेश के 30 निर्वाचन क्षेत्रों में 1,099 मतदान केंद्र हैं। बुधवार को ईवीएम और अन्य आवश्यक सामग्रियों के साथ जीपीएस युक्त वाहनों के जरिए संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया। उनके साथ सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल और हथियारबंद जवान भी तैनात किए गए हैं।

### बाबा के दरबार में पहुंचे सीएम सरमा



असम में चुनाव प्रचार थामने के बाद असम के सीएम बैजनाथ धाम पहुंचे और धार्मिक स्थल का दर्शन किया। सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के साथ आश्रम गए।

बंगाल के लिए चुनाव आयोग की बैठक

## चिल्लाए ब्रायन, सीईसी बोले- बाहर निकलिए




पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली में चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ और टीएमसी के बीच 7 मिनट की मुलाकात एक बड़े विवाद के साथ समाप्त हुई। टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने वहां चिल्लना लगे, माहैल गरम हो गया और ईसी ने उन्हें बाहर निकलने का आदेश दे दिया।

### टीएमसी नेताओं ने चिल्लाकर बात की

आयोग ने कहा ब्रायन चुनाव आयुक्तों पर चिल्ला रहे थे और बोलने तक नहीं दिया। सीईसी ने कथित तौर पर ब्रायन से मर्यादा बनाए रखने का अनुरोध किया और कहा कि चीखना-चिल्लाना और अभद्र व्यवहार आयोग के कक्ष में उचित नहीं है।

### खरगे ने गुजरातियों पर किए कमेंट के लिए मांगी माफी



केरल विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान गुजरात के लोगों पर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने माफी मांगी है। हम सम्मान करते हैं।

नॉमिनेशन के बाद बोलीं ममता

### हम बड़े जनादेश के साथ जीतेंगे



भवानीपुर सीट से नॉमिनेशन करने के बाद सीएम ममता बेनर्जी ने टीएमसी के लिए समर्थन मांगते हुए लोगों से अपील की कि हमारे उम्मीदवारों की जीत तय करें। हम बड़े जनादेश के साथ जीतेंगे।

भाजपा ने जारी की छठी लिस्ट

### कोलकाता पोर्ट से राकेश सिंह पर लगाया दांव

बंगाल चुनाव के लिए भाजपा ने छठी सूची जारी कर दी है। कोलकाता पोर्ट से राकेश सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है।

### बंगाल में कांग्रेस ने 7 उम्मीदवार बदले

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सात सीटों पर अपने उम्मीदवार बदल दिए हैं। पार्टी की तरफ से बुधवार को नई लिस्ट जारी की गई। इससे सभी चौंक गए हैं।

---

## खबर संक्षेप

### रामपाल को 11 साल 4 महीने बाद मिली बेल



**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को देशद्रोह के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सतलोक आश्रम के प्रमुख रामपाल को जमानत दे दी। 11 साल, 4 महीने और 20 दिन जेल में बिताने के बाद कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद रामपाल को हिसार सेंट्रल जेल-2 से रिहा कर दिया जाएगा।

### गोवा कोर्ट ने लूथरा बंधुओं को दी जमानत



**पणजी।** गोवा के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने नाइटक्लब लाइसेंस से जुड़े कथित एनओसी फर्जीवाड़ा मामले में सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जमानत दी। यह मामला उत्तरी गोवा के अर्पोरा स्थित चर्चित नाइटक्लब बर्च बाय रोमियो लेन से जुड़ा है, जहां शराब परोसने एक्साइज लाइसेंस हासिल करने में कथित रूप से अधिकारी के हस्ताक्षर फर्जी बनाए गए।

### कांग्रेस नेता मोहसिना का 94 उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** देश की वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार तड़के अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार ने पुष्टि की है। किदवई काफी समय से बीमारियों से जूझ रही थीं। उन्होंने नोएडा के मेट्रो अस्पताल में अंतिम सांस ली। परिवार ने कहा उनका अंतिम संस्कार निजामुद्दीन स्थित कब्रिस्तान में किया गया।

### अग्रिम जमानत को खेड़ा पहुंचे हाईकोर्ट



**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को तेलंगाना हाईकोर्ट रुख किया है। वे सीएम हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी पर आरोप लगाने के बाद अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट पहुंचे। आरोप है कि खेड़ा ने सीएम के परिवार की छवि को नुकसान पहुंचाने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया।

मोदी कैबिनेट ने 4 बड़े फैसलों पर लगाई मुहर

# अरुणाचल में 26,000 करोड़ से पूरा होगा हाइड्रो प्रोजेक्ट, इससे बिजली क्षमता बढ़ेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 4 महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए राशि को मंजूरी दी और उनके पूरा होने की समय सीमा भी निर्धारित की। इससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा

## पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने अरुणाचल प्रदेश के कामले, क्रा दादी और कुरुंग कुमे जिलों में 1720 मेगावाट क्षमता वाले कमला हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए 26,069.50 करोड़ के निवेश को मंजूरी दे दी है। इसको पूरा करने की अनुमानित अवधि 8 साल रखी गई है। यह परियोजना 8 गुणा 210 मेगावाट और 1 गुणा 40 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता के साथ 6870 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन करेगी। इस प्रोजेक्ट से अरुणाचल प्रदेश में बिजली आपूर्ति मजबूत होगी, पीक डिमांड मैनेजमेंट में मदद मिलेगी, राष्ट्रीय ग्रिड संतुलन को समर्थन मिलेगा और ब्रह्मपुत्र घाटी में बाढ़ नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी। एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा अरुणाचल प्रदेश में अन्य प्रमुख जलविद्युत परियोजनाएं सुबनसिरी लोअर (2000 मेगावाट), दिबांग मल्टीपर्पज (2880 मेगावाट) निर्माणाधीन हैं, जबकि एटालिन (3097 मेगावाट) परियोजना प्रस्तावित है। इस परियोजना से कामले, क्रा दादी और कुरुंग कुमे जिलों में बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार होगा।

**लोगों को लाभ**

**4,743.98** करोड़ बाढ़ नियंत्रण (फ्लड मॉडरेशन) के लिए देगी

**1,340** करोड़ बुनियादी ढांचे (सड़क, पुल, ट्रांसमिशन) के लिए देगी

**750** करोड़ राज्य की इक्विटी हिस्सेदारी के लिए केंद्रीय सहायता के रूप में देगी

राज्य सरकार को इस परियोजना से 12फीसदी मुफ्त बिजली मिलेगी

अतिरिक्त 1 फीसदी राजस्व स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए निर्धारित होगा



किसानों को होगा फायदा

### खरीफ 2026 के लिए उर्वरक सब्सिडी को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सीजन 2026 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडीदरों को मंजूरी दे दी है। खरीफ के लिए अनुमानित बजटीय आवश्यकता लगभग 41,533.81 करोड़ होगी। यह पिछले बजट के मुकाबले करीब 4,317 करोड़ रुपए अधिक है। इससे किसानों को सब्सिडी के तहत सस्ती, किफायती और उचित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाएंगे। उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों को ध्यान में रखते हुए सब्सिडी को तर्कसंगत बनाया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति तय करना है। सरकार किसानों को 28 प्रकार के पीएंड के उर्वरक (डीएपी सहित) सब्सिडी दरों पर उपलब्ध कराती है।

### राजस्थान रिफाइनरी प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर 79,459 करोड़

केंद्र सरकार ने राजस्थान के बाड़मेर (बालोतरा) जिले के पचपदरा में बन रही एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड परियोजना की लागत बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट समिति ने इस परियोजना की लागत 43,129 करोड़ से बढ़ाकर 79,459 करोड़ करने की स्वीकृति दी है। इस परियोजना में एचपीसीएल अतिरिक्त 8,962 करोड़ का निवेश करेगी। इसके बाद कंपनी का कुल निवेश बढ़कर 19,600 करोड़ हो जाएगा। यह रिफाइनरी एक बड़ा और आधुनिक प्रोजेक्ट है, जिसमें पेट्रोलियम के साथ-साथ पेट्रोकेमिकल उत्पाद भी बनाए जाएंगे।

जयपुर मेट्रो फेज-2 को भी दी मंजूरी

### 13,000 करोड़ का बड़ा प्रोजेक्ट

केंद्र सरकार ने जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 13,037 करोड़ की लागत से बनाई जाएगी और शहर की परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने में बड़ा योगदान देगी। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस परियोजना को स्वीकृति मिली। इस योजना के तहत 41 किलोमीटर लंबा नॉर्थ ई साउथ कॉरिडोर बनाया जाएगा, जो प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक जाएगा। इसमें कुल 36 मेट्रो स्टेशन होंगे। इस प्रोजेक्ट को राजस्थान मेट्रो रेल लागू करेगा, जो केंद्र और राजस्थान सरकार का संयुक्त उपक्रम है। यह नया मेट्रो कॉरिडोर जयपुर के कई प्रमुख इलाकों को जोड़ेगा।

राहुल की नागरिकता विवाद

## हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड देखने से किया मना, सुनवाई 15 को

ब्रिटेन की नागरिकता का आरोप




एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद

हाईकोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता से जुड़े मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि वह आरोपों की सच्चाई की जांच नहीं करेगा और न ही गृह मंत्रालय के रिकॉर्ड की पड़ताल करेगा। यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई, जिसमें लखनऊ ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से इनकार किया गया था। याचिकाकर्ता एक राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। उसने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने ब्रिटिश नागरिकता ली थी और इस संबंध में विभिन्न कानूनों के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान गृह मंत्रालय के विदेशी प्रभाग के अधिकारी 2019 में जारी नोटिस से संबंधित रिकॉर्ड लेकर अदालत में मौजूद थे।

### आरोपों की सत्यता की जांच करने का प्रस्ताव नहीं

कोर्ट ने कहा कि यह न्यायालय आरोपों की सत्यता की जांच करने का प्रस्ताव नहीं करता है और न ही प्रस्तुत रिकॉर्ड का परीक्षण करेगा। इससे पहले एक अन्य पीठ ने इन रिकॉर्ड को देख लिया था और बाद में उन्हें वापस कर दिया था। मामले की पृष्ठभूमि 2015 की एक शिकायत है, जिसमें राहुल पर ब्रिटेन की नागरिकता रखने का आरोप लगाया गया। इसके आधार पर गृह मंत्रालय ने 2019 में उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। हालांकि, लखनऊ कोर्ट ने इस वर्ष जनवरी में एफआईआर दर्ज करने की मांग खारिज की थी, जिसके खिलाफ अब हाइकोर्ट में चुनौती दी गई।

### केवल कानूनी पहलुओं पर विचार करेंगे

हाईकोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई जारी रखते हुए अगली तारीख 15 अप्रैल तय की। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि वह इस स्तर पर आरोपों की गहराई में जाने के बजाय केवल कानूनी पहलुओं पर विचार करेगी। इससे पहले सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता संबंधी शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई। बाद में अदालत ने गृह मंत्रालय से संबंधित सभी रिकार्ड तलब किए थे, लेकिन मंगलवार को बेंच ने इन रिकार्ड को देखने से फिलहाल इनकार कर दिया। यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष अदालत में दायर की गई थी, जिसे हाई कोर्ट ने 17 दिसंबर 2025 को लखनऊ ट्रांसफर किया था।

गोवा सरकार को लगाई फटकार

## हाई कोर्ट ने शिवाजी की प्रतिमा को ध्वस्त करने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बॉम्बे हाई कोर्ट ने गोवा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि उसने मोरमुगाओ बंदरगाह प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण रोकने में घोर लापरवाही हुई है। यह मामला वास्को के हेडलैंड साडा क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा लगाए जाने से जुड़ा है। जिसकी अवैधता को लेकर बार-बार शिकायतें की गईं।जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस और जस्टिस अमित एस. जमसांदेकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह एमपीए को सशस्त्र सुरक्षा उपलब्ध कराए, ताकि प्रतिमा को ध्वस्त किया जा सके और उस जंक्शन को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जा सके। कोर्ट ने राज्य के इस तर्क को खारिज कर दिया कि बंदरगाह को सार्वजनिक परिसर अधिनियम के तहत उपायों तक ही सीमित रहना चाहिए या अपनी सीआईएसएफ सुरक्षा पर निर्भर रहना चाहिए। हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य ने केवल एक मूकदर्शक की तरह काम किया है।

उत्तर मध्य रेलवे ने दिल्ली में वेटिंग की झंझट खत्म की

# अब यहां 'नो रूम' होते ही चलेगी 'क्लोन स्पेशल'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर मध्य रेलवे ने दिल्ली जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए 'क्लोन स्पेशल' ट्रेन चलाने का अहम निर्णय लिया है। प्रयागराज एक्सप्रेस और हमसफर जैसी ट्रेनों में सीट न मिलने पर तुरंत यह विशेष ट्रेन चलाई जाएगी ताकि यात्रियों को आसानी से कंफर्म टिकट मिल सके। यह ट्रेन नई दिल्ली के बजाय दादरी स्टेशन तक जाएगी, जिससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा जाने वाले लोगों को ट्रैफिक से राहत मिलेगी। यह ट्रेन प्रयागराज से चलकर कानपुर और अलीगढ़ जैसे प्रमुख स्टेशनों पर भी रुकेगी।

## ट्रेनों में सीट न मिलने पर तुरंत यह विशेष ट्रेन चलेगी



### नई दिल्ली के बजाए दादरी रेलवे स्टेशन तक

इससे यात्रियों को नई ट्रेन मिलेगी जिससे कंफर्म टिकट आसानी से मिल सकेंगे। इस क्लोन ट्रेन की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसे नई दिल्ली के बजाय दादरी रेलवे स्टेशन तक चलाया जाएगा ताकि नोएडा और ग्रेटर नोएडा जाने वाले यात्रियों को सीधा संपर्क मिल सके। इससे यात्रियों को आनंद विहार या नई दिल्ली उतरकर ट्रैफिक जाम में फंसने से भी राहत मिलेगी। इससे दलाली पर भी लगाम लग सकेगी।

### इन स्टेशनों पर रुकेगी

इस ट्रेन से यात्री दादरी तक कम समय में पहुंच सकेंगे। इससे नई दिल्ली स्टेशन पर ट्रेनों की भीड़ कम करने में भी मदद मिलेगी। यह क्लोन ट्रेन प्रयागराज एक्सप्रेस की तरह ही चलेगी। यह प्रयागराज से चलकर कौशांबी, फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल और अलीगढ़ जैसे बड़े स्टेशनों पर रुकते हुए दादरी तक पहुंचेगी।

### यात्रियों को वेटिंग से मिलेगा छुटकारा

रेलवे ने दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए मांग आधारित क्लोन स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह निर्णय दिल्ली रूट की ट्रेनों में भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए लिया गया है। प्रयागराज एक्सप्रेस, हमसफर और रीवा एक्सप्रेस जैसी मुख्य ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट अक्सर 100-200 से ऊपर चली जाती है। इसे दूर करने रेलवे ने तय किया जैसे ही 'नो रूम' की स्थिति बनेगी तुरंत एक क्लोन स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

# चंद घंटे में ही टूट गया सीजफायर, ईरान के लावन द्वीप में तेल रिफाइनरी पर हमला


लेबनान की राजधानी बेरूत के मध्य में इजराइल के हमले से क्षतिग्रस्त इमारतें और कारें

*युद्धविराम के बावजूद ईरान ने भी कुवैत में ड्रोन हमला किया। हमले में तेल और बिजली से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि सुबह पांच बजे के बाद से 28 ईरानी ड्रोन मार गिराए गए हैं*

कुवैत में तेल बिजली घर और पानी के प्लांट पर ड्रोन हमला

## बुधवार सुबह करीब 10 बजे किया हमला

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच बुधवार को करीब 40 दिन बाद 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी है। लेकिन ईरान में सीजफायर के ऐलान के कुछ घंटों बाद हमला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को ईरान के लवन द्वीप की तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। स्थानीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 10 बजे हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन यह नहीं बताया गया है कि हमला किसकी ओर से किया गया है।

## ईरान ने कुवैत में किए ड्रोन हमले

*युद्धविराम के बावजूद ईरान ने भी कुवैत में ड्रोन हमला किया। हमले में तेल और बिजली से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि सुबह पांच बजे के बाद से 28 ईरानी ड्रोन मार गिराए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुश्मन की ओर से किया गया बड़ा और खौफनाक हमला था। कुछ ड्रोन देश के दक्षिणी हिस्से तक पहुंचे और अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इन ठिकानों में तेल के बड़े प्लांट, बिजली घर और पानी के डीसैलिनेशन प्लांट शामिल हैं, जिनसे जुड़ी सुविधाओं को नुकसान हुआ है।*

**इजराइल की दो टूक**

## सीजफायर पर समर्थन, हिज्बुल्ला के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि उनका देश अमेरिका और ईरान के बीच हुए दोहफ्ते के युद्धविराम समझौते का समर्थन करता है, लेकिन यह समझौता लेबनान में हिज्बुल्ला के खिलाफ जारी लड़ाई को कवर नहीं करता है। लेबनानी मिलीशिया हिज्बुल्ला के खिलाफ युद्ध में उसकी 'लड़ाई और जमीनी अभियान जारी है' और वह इस समझौते का हिस्सा नहीं है। इजराइल की सेना ने स्वीकार किया कि युद्ध जारी है। बता दें, युद्धविराम की घोषणा किए जाने के कुछ घंटे बाद ही इजराइल ने मध्य बेरूत पर कई हवाई हमले किए।

**सीजफायर के बाद भारत की एडवाइजरी**

## भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की सलाह



तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने बुधवार को जारी एडवाइजरी में ईरान के हालातों को देखते हुए वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी गई है। दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक दूतावास के अधिकारियों के साथ संपर्क करें और उनके बताए सुरक्षित रास्तों से ही ईरान से बाहर निकलें। दूतावास ने सख्त हिदायत दी है कि कोई भी भारतीय नागरिक बिना सलाह लिए किसी भी अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर जाने की कोशिश न करे। किसी भी सीमा पर जाने से पहले दूतावास से तालमेल बिठाना अनिवार्य है।

**जारी किए हेल्पलाइन नंबर**

भारतीय नागरिकों की मदद के लिए दूतावास ने चार इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ये नंबर +989128109115, +989128109102, +989128109109 और +989932179359 हैं। इसके अलावा लोग अपनी समस्या या जानकारी के लिए cons.tehran@>mea.gov.in पर ईमेल भी कर सकते हैं। ईरान में हो रहे नए बदलावों और सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाया गया है। सरकार चाहती है कि सभी भारतीय सुरक्षित तरीके से अपने वतन वापस लौट आएं।

## इजराइल ने लेबनान में किए कई हमले, 254 की मौत, हजारों घायल

## लेबनान का इजराइल पर अंतरराष्ट्रीय कानून की अनदेखी का आरोप

### ईरान ने होर्मुज को बंद कर दिया

इजराइल ने बुधवार दोपहर मध्य बेरूत में कई हमले किए। घनी आबादी वाले कई व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को बिना पूर्व सूचना के निशाना बनाया गया। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इन हमलों में 254 लोगों की मौत हुई और 1,165 लोग घायल हुए हैं। उधर, ईरानी सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि ईरान ने लेबनान पर इजराइली हमलों के जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया गया है। लेबनान के पीएम नवाफ सलाम ने इजराइल पर अंतरराष्ट्रीय कानून की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

### यूएस पर ईरान का साइबर हमला

ईरान से जुड़े साइबर हमलावरों ने अमेरिकी की औद्योगिक प्रणाली में इस्तेमाल होने वाले प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर (पीएलसी) को निशाना बनाया। पीएलसी प्रणाली किसी भी बड़े औद्योगिक सेटअप के दिमाग की तरह काम करते हैं। ये ऑटोमैटिक प्रोग्राम के जरिए मशीनों और प्रक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। ऐसे में इन सिस्टम्स के प्रभावित होने से कई महत्वपूर्ण संचालन बाधित हो सकते हैं।

**दुनिया ने किया युद्धविराम का स्वागत**

## नागरिकों के जीवन की रक्षा होगी: यूएन महासचिव



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने युद्धविराम की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि नागरिकों के जीवन की रक्षा और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए संघर्ष का अंत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने और क्षेत्र में स्थायी और व्यापक शांति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए युद्धविराम की शर्तों का पालन करने का आह्वान किया है।

### युद्धविराम दुनिया के लिए राहत का पल: यूके



ब्रिटेन के पीएम कीर स्टॉर्मर ने युद्धविराम समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि यह इस क्षेत्र और दुनिया के लिए राहत का पल लाएगा। हमें अपने साझेदारों के साथ मिलकर इस युद्धविराम का समर्थन करने और इसे कायम रखने के लिए तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए हर मुमकिन कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे बुधवार से खाड़ी क्षेत्र का दौरा शुरू कर रहे हैं, जिस दौरान वह अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम के समर्थन और उसे कायम रखने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा करेंगे।

### कश्मीर सहित देश के कई हिस्सों में मना जश्न

युद्धविराम की घोषणा के बाद कश्मीर सहित देश के विभिन्न स्थानों पर जश्न मनाया जा रहा है, और लोगों ने इसे ईरान की जीत करार दिया है। श्रीनगर शहर के सैदाकदल और जदीबल क्षेत्रों के साथ ही घाटी के बडगाम, बारामूला, गांदरबल, पुलवामा और बांदीपोरा जिलों में भी जश्न का माहौल बन गया है। ईरानी झंडे लहराते हुए लोगों ने युद्धविराम की घोषणा पर खुशी जताई और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। जश्न के हिस्से के रूप में कश्मीरी कहवा भी बांटा गया। लखनऊ, हैदराबाद, कोलकता सहित कई शहरों में लोगों ने खुशी जाहिर की।

### क्षेत्र में तनाव कम होगा: ईराक

*इराक ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम का स्वागत किया है। इराक के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से क्षेत्र में तनाव कम होगा और सुरक्षा व स्थिरता मजबूत होगी। मंत्रालय ने कहा कि वह संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान का समर्थन करता है और सभी पक्षों से अपील की कि वे युद्धविराम का पूरी तरह पालन करें और किसी भी तरह की नई कार्रवाई से बचें।*

### निर्यातकों को राहत: फियो

*भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस.सी. रल्हन ने कहा कि युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य का फिर से खुलना निर्यातकों को शिपिंग बाधाओं, उच्च ढुलाई दरों और बीमा लागत में राहत देता है। यह अल्पकालिक रूप से लॉजिस्टिक्स को सामान्य करने में मदद करेगा, निर्यातक अभी भी युद्धविराम की अस्थायी प्रकृति को देखते हुए सतर्क रहेंगे। रल्हन ने कहा कि स्थिरता बनाए रखना जरूरी है ताकि विश्वास बहाल हो और व्यापार सुचारू रूप से चल सके।*

**अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ का दावा**

## ट्रंप चाहते तो ईरान की अर्थव्यवस्था को ठप कर देते, जानबूझकर नरमी दिखाई



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया कि ट्रंप के पास इतनी ताकत थी कि वो चाहें तो कुछ ही मिनटों में ईरान की पूरी अर्थव्यवस्था ठप कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। ट्रंप ने जानबूझकर नरमी दिखाई, क्योंकि ईरान ने दबाव में सीजफायर मान लिया था। अमेरिका चाहता तो बड़ा नुकसान कर सकता था, लेकिन उसने रुकने का फैसला किया। ईरान की नई सरकार को समझ आ गया कि लड़ाई जारी रखने से हालात खराब होते, इसलिए समझौता बेहतर था। उन्होंने कहा कि नई सरकार ने अपने पुराने हालात से सबक लिया है।

### स्थिति अभी भी नाजुक, ट्रंप बेचैन: वेंस



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत करता है तो एक समझौता संभव है, लेकिन उन्होंने आगाह किया कि जहां ईरानी व्यवस्था के कुछ हिस्से बातचीत को रचनात्मक रूप से ले रहे हैं, वहीं अन्य ऐसा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इस स्थिति को एक नाजुक सीजफायर बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान युद्ध को खत्म करने की दिशा में प्रगति करने को लेकर बेचैन हैं और उन्होंने अपनी बातचीत करने वाली टीम को निर्देश दिया है कि वे ईरानियों के साथ सद्भावना से बातचीत करें।

**सीजफायर के असर से भारत में सस्ती होंगी चीजें**

सीजफायर के इस फैसले से ईंधन सस्ता होने से सिलेंडर की लागत घट सकती है, जिससे घरेलू बजट पर दबाव कम होगा। इसके अलावा होटल-रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल सिलेंडर सस्ते होने से बाहर खाना भी थोड़ा किफायती हो सकता है। जिससे रोजमर्रा की चीजें सस्ती होंगी। सब्जियां, दूध, राशन, फर्टिलाइजर, प्लास्टिक के सामान समेत अन्य जरूरी चीजों के दाम भी धीरे-धीरे नीचे आ सकते हैं। हवाई टिकटों की कीमतों में भी कमी आ सकती है। साथ ही प्लास्टिक, पैकेजिंग, कपड़े और अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पादों की लागत भी घट सकती है, जिससे इनकी कीमतों में राहत मिल सकती है। एफएमसीजी सामान और ई-कॉमर्स कंपनियों की डिलीवरी सस्ती होगी। बाइक-कार समेत सभी गाड़ियों के टायर, पेंट, कपड़े और पैकेजिंग मटेरियल की कॉस्ट भी कम हो जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### वियतनाम में पटना के व्यापारी की मौत



**पटना।** पटना के विग्रहपुर निवासी और पटना के चांदनी चौक इलाके में इलेक्ट्रॉनिक्स का कारोबार करने वाले बिंदा सिंह एक महीने पहले 90 सदस्यीय भारतीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ वियतनाम गए थे। जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ा। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिछले तीन दिनों से उनका परिवार उनके पार्थिव शरीर के भारत लाए जाने का इंतजार कर रहा है।

### तुर्कीये में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन



**इस्तांबुल।** तुर्किये की संसद नए प्रस्ताव के तहत 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के इस्तेमाल पर रोक लगाने की तैयारी है। अगर यह प्रस्ताव कानून का रूप लेता है, तो यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे दिग्गज प्लेटफॉर्म्स को अपने सिस्टम में बड़े बदलाव करने होंगे। उन्हें न केवल उम्र की जांच (एज वेरिफिकेशन) के पुख्ता इंतजाम करने होंगे।

### भारतीय युद्धपोत 'त्रिकंड' केन्या के मोम्बासा पहुंचा



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना को फ्रंटलाइन गाइडेड प्रक्षेपास्त्र युद्धपोत 'त्रिकंड' मोम्बासा बंदरगाह पर पहुंचा है। यहां भारत ने 100 राइफल और करीब 50 हजार गोलियां केन्या को दी हैं। भारत केन्याई रक्षा बलों को एमआरआई मशीन भी मुहैया कराएगा। युद्धपोत 'त्रिकंड' दक्षिण-पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी तैनाती के तहत यहां आया है।

**सीजफायर के बीच भारत सरकार ने दी देशवासियों को राहत की खबर**

# बिजली उत्पादन के लिए कोयला का पर्याप्त भंडार, पेट्रोलियम उत्पादों की कमी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और ऊर्जा आपूर्ति शृंखला में आ रही रुकावटों के बीच भारत सरकार ने देशवासियों को बड़ी राहत दी है। अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र ने साफ किया है कि भारत में ऊर्जा संसाधनों की कोई कमी नहीं है। कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव कुमार कस्सी ने देश में बिजली उत्पादन को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि देश की खदानों और बिजली संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार मौजूद है, जिससे उपभोक्ताओं को बहुत ही कम समय के नोटिस पर कोयले की आपूर्ति की जा सकती है। देश की कुल ऊर्जा जरूरतों का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा आज भी कोयला आधारित बिजली से पूरा होता है।

कम समय के नोटिस पर कोयले की आपूर्ति जारी

घरेलू एलपीजी को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे



संजीव कुमार कस्सी

**देश में 24 दिनों का कोयले का भंडार मौजूद**

कस्सी ने बताया कि बिजली उत्पादन क्षमता में कोई कमी नहीं है क्योंकि कोयले का उत्पादन उसकी खपत के स्तर के साथ पूरी तरह से तालमेल बिठाकर चल रहा है। भारत ने ऊर्जा की एक किफायती और पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखी है तथा लगातार दूसरे वर्ष 1 अरब टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किया है। कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने बताया कि भारत के पास बिजली उत्पादन की जरूरतों के लिए 24 दिनों का कोयले का भंडार मौजूद है।

### रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रहीं

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) ने कहा कि रिफाइनरियां अपनी पूर्ण क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल की पर्याप्त उपलब्धता के कारण पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। घरेलू जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

### 56,000 सिलेंडर जब्त

*सुजाता शर्मा ने बताया कि हाल ही में लगभग 4,000 छापेमारी की गई, जिसमें 56,000 सिलेंडर जब्त हुए। कंपनियों ने 1,770 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं, 51 वितरकों को निलंबित किया है और 175 के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। सुजाता शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराने से बचें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।*

### करीब 7.88 लाख यात्री सुरक्षित भारत लौटे



*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए 24 घंटे का कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है जो वीजा और रसद जैसी सहायता दे रहा है। 28 फरवरी से अब तक खुले हवाई क्षेत्र से उड़ानों के जरिए करीब 7.88 लाख यात्री सुरक्षित भारत लौट चुके हैं। ईरान में मौजूद लगभग 7,500 भारतीयों के लिए जल्द निकास की एडवाइजरी जारी की गई है, जिनमें से 1,864 नागरिकों को पड़ोसी देशों आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते सुरक्षित निकाला जा चुका है। जहाजों के गुजरने के लिए शुल्क मांगने की खबरों पर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर ईरान के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है।*

**हिंद महासागर सम्मेलन में होंगे शामिल**

## आज से मॉरीशस और यूएई के दौरे पर रहेंगे विदेश मंत्री एस जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर 9 से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करेंगे। इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दी। मॉरीशस दौरे के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर 9वें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा के लिए मॉरीशस के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, वे नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में मुख्य भाषण भी देंगे। इसके अलावा, विदेश मंत्री अन्य प्रतिभागी देशों के समकक्षों के साथ चर्चा करेंगे।



यह दौरा भारत की पड़ोसी पहले नीति, विजन महासंघ और वैश्विक दक्षिण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली स्थित इंडिया फाउंडेशन और मॉरीशस सरकार संयुक्त रूप से नौवें हिंद महासागर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं, जो 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाला है। 2016 से आयोजित होने वाला यह वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### प्रमुख वैश्विक शक्तियों के बीच होगा संवाद

*इंडिया फाउंडेशन ने बताया कि इस वर्ष का सम्मेलन 'हिंद महासागर शासन के लिए सामूहिक प्रबंधन' विषय के तहत आयोजित किया जा रहा है, जो राष्ट्राध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों, निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों, विद्वानों और नीति विशेषज्ञों के बीच चर्चाओं का मार्गदर्शन करेगा। जिन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उनमें समुद्री सुरक्षा, आर्थिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता और उभरती भू-राजनीतिक गतिशीलता शामिल हैं। फाउंडेशन ने कहा कि उम्मीद है कि यह सम्मेलन हिंद महासागर से सटे देशों के साथ-साथ इस क्षेत्र में रणनीतिक हित रखने वाली प्रमुख वैश्विक शक्तियों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देगा।*

**आज से बेंगलुरु में आयोजित हो रहा 'रण-संवाद'**

## मानवरहित हवाई सिस्टम, लाइटरिंग म्यूनिशन को लेकर भारतीय सेना ने जारी किया रोडमैप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार को भारतीय सेना ने राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में मानवरहित हवाई सिस्टम (यूएएस) और लाइटरिंग म्यूनिशन जैसे दो क्षेत्रों को लेकर एक तकनीकी रोडमैप जारी किया है। जो विभिन्न प्रकार के विवादों में खासतौर पर तेजी से बदलते हुए युद्धकौशल को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह रोडमैप कुल 50 पृष्ठों का एक दस्तावेज है। जिसमें उद्योग और शैक्षणिक जगत की भागीदारी के साथ 30 प्रकार के यूएएस,




लाइटरिंग म्यूनिशन को पांच श्रेणियों और लगभग 80 प्रकारों में विभाजित किया गया है। वहीं, एक अन्य जानकारी में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 9 से 10 अप्रैल तक वायुसेना की प्रशिक्षण कमांड (बेंगलुरु) में त्रि-सेवा संगोष्ठी रण संवाद का आयोजन किया जाएगा। जिसका विषय 'बहुक्षेत्रीय अभियानः पारंपरिक और अनियमित खतरों से निपटने की अनिवार्यता' है।

**स्थिति के मद्देनजर उठाए जा रहे कदमों की व्यापक समीक्षा की गई**

# पश्चिम-एशिया के उभरते हुए हालात पर हुई मंत्रियों के समूह की तीसरी बैठक


बैठक में मंत्री जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और शिवराज सिंह चौहान

### रक्षा मंत्री ने सभी विभागों को दिए जरूरी तैयारी बनाए रखने के निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पश्चिम-एशिया के हालात पर नजर रखने के लिए गठित किए गए सरकार के मंत्रियों के उच्च-स्तरीय समूह की तीसरी बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र में लगातार उत्पन्न हो रही परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत की तैयारी और अन्य जरूरी कदमों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई है।

रक्षा मंत्री ने बैठक में सभी विभागों को यह निर्देश दिया है कि वह अपना पूरा ध्यान देश के अंदर मामले के संदर्भ से जुड़ी हुई तैयारियों, समन्वय और लचीलेपन की ओर केंद्रित करें। जिससे किसी भी आपातकालीन परिस्थिति का सामना किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सरकार एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है।

इसके अलावा किसानों के लिए उर्वरकों के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुगम बनाने की कवायद भी जारी है।

### नागरिकों की सुरक्षा पहला दायित्व

*राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार मौजूदा संघर्ष के प्रभाव से अपने देश के लोगों की रक्षा करने के लिए असाधारण कार्य कर रही है। अधिकारियों ने बैठक में मंत्रियों के समूह को बताया कि बीते 40 दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत के सबसे ज्यादा तेल, गैस के जहाजों की आवाजाही हुई है। जिसमें अब तक कुल 8 एलपीजी जहाज देश पहुंचे हैं। जिनमें 340 मीट्रिक टन गैस भारत पहुंची है। जो हमारी लगभग 11 दिनों की आयात जरूरतों की पूर्ति के समान है। जहाजों के स्वदेश पहुंचने से देश की ऊर्जा सुरक्षा के अलावा सप्लाई में भी स्थिरता देखने को मिलेगी। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरों के पास गैस की कोई कमी नहीं है। साथ ही देश में लगातार एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई की जा रही है। खाद्यान्न के मामले में भारत में गेहूं, चावल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।*

### इनकी रही बैठक में मौजूदगी

*बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा केंद्र के तमाम वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी शामिल हुए। जिनमें विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, रसायन-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, विज्ञान-प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू मुख्य हैं।*



सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'हुई गुम यादें - एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' में डॉक्टर देव का किरदार इकबाल खान निभा रहे हैं। सीरियल में वे काफी फिट दिखते हैं। यहां शेयर कर रहे हैं अपना फिटनेस फंडा अपनी ही जुबानी।

# कितना भी बिजी क्यों न रहूं वर्कआउट जरूर करता हूं

**फिटनेस फंडा**

**इकबाल खान**



एक्टर इकबाल खान अपनी एक्टिंग के साथ फिटनेस पर भी पूरा ध्यान देते हैं। जिस तरह सीरियल 'हुई गुम यादें - एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' में अपने रोल को परफेक्ट बनाने के लिए वे कोई कसर नहीं छोड़ते, उसी तरह अपनी फिटनेस को भी मेंटेन करने के लिए सभी एफर्ट करते हैं। यहां जानिए उनका फिटनेस फंडा।

**डाइट प्लान:** मेरा बेसिकली कोई तय डाइट प्लान नहीं होता है। मुझे जिस किस्म की आवश्यकता होती है, मैं वैसे डाइट प्लान कर लेता हूं। मैं अपने आप को किसी चीज या काम से महरूम नहीं करता। थोड़ा-थोड़ा सब कर लेता हूं। उसी तरह थोड़ा-थोड़ा खा लेता हूं सब कुछ। जैसी आवश्यकता होती है, वैसी ही डाइट लेता हूं।

**वर्कआउट रुटीन:** मैं स्कूल के दिनों से ही वर्कआउट करता आ रहा हूं। मैं सिर्फ इसलिए डेली वर्कआउट नहीं करता कि मैं एक एक्टर हूं, ये आदत तो बचपन से ही मेरे अंदर बसी हुई है। मैं बेसिकली वेट ट्रेनिंग करता हूं और हफ्ते में पांच से छह दिन जिम जाता हूं। हालांकि रमजान के दौरान मैं वर्कआउट नहीं करता। बाकी दिनों में ज्यादातर फोकस वेट्स पर ही रहता है। जहां तक कार्डियो एक्सरसाइज की बात है तो सच कहूं तो मुझे उसे करने में बिल्कुल मजा नहीं आता है। मुझे पता है कि कार्डियो बहुत अच्छी एक्सरसाइज होती है, लेकिन वो मुझसे हो नहीं पाता है।

**जरूर निकालता हूं टाइम:** एक्टिंग की वजह से या पर्सनल वर्क से चाहे मैं कितना भी बिजी रहूं, लेकिन वर्कआउट के लिए वक्त तो निकालना ही पड़ता है। मुझे सुबह उठना ज्यादा ठीक लगता है, इसलिए मैं सुबह-सुबह ही अपना वर्कआउट खत्म कर लेता हूं। इससे पूरा दिन भी अच्छा गुजरता है, मैं फ्रेश और एनर्जेटिक फील करता हूं। इसलिए काम पर निकलने से पहले ही मैं अपना वर्कआउट कंप्लीट कर लेता हूं।

**रीडर्स को मैसेज:** हरिभूमि के रीडर्स और अपने फैंस को मैं यही फिटनेस फंडा देना चाहूंगा कि जो लोग अपनी ट्वेंटीज में हैं, वो अच्छा खाना खाएं और थोड़ा-थोड़ा सब कुछ खाएं। कभी-कभी थोड़ा ज्यादा भी हो जाए तो चलेगा। जो लोग थर्टीज में हैं, उन्हें मीठा थोड़ा कम खाना चाहिए और तला हुआ भी कम करना चाहिए। बाकी अच्छा और बैलेंस्ड खाना खाते रहें। और जो 40 के ऊपर हैं, उन्हें कोशिश करनी चाहिए कि मीठा बहुत कम खाएं, और अगर खाना ही है तो नेचुरल सोर्स से लें। तला हुआ खाना बिल्कुल अवॉइड करें और हफ्ते में कम से कम तीन बार वर्कआउट जरूर करें। ये बहुत जरूरी है, इससे आपका हार्ट, मसल्स और जॉइंट्स सब अच्छे रहते हैं। ये भी जरूरी नहीं है कि बहुत भारी वेट्स ही उठाएं। नॉर्मल वेट्स में, जहां आपका मसल्स सही से काम करें, वही काफी है। सबसे जरूरी है कि आप नियमित रूप से वर्कआउट करें। और खाने के मामले में सबसे जरूरी बात यह है कि सीमित मात्रा में खाना चाहिए, ऐसा नहीं सोचना चाहिए कि जैसे पता नहीं कल खाना मिलेगा या नहीं, इसलिए आज ही अधिक से अधिक खा लो।

**मेंटल हेल्थ ऐसे रहती है सही:** जब हम छोटे थे, तब मानसिक स्वास्थ्य जैसी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। लेकिन अब इसके प्रति काफी जागरुकता बढ़ गई है। मेरे शो 'हुई गुम यादें' में मेरा किरदार डॉ. देव भी इसी पहलू को दर्शाता है, जहां उसकी जिंदगी के उतार-चढ़ाव उसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं और वह इन भावनाओं से जूझते हुए खुद को संभालने की कोशिश करता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक ही बात जो मेरे दिमाग में आती है कि वो ऊपर वाला है, जिसने पूरी कायनात बनाई है, जो चला रहा है उसके संपर्क में हमेशा रहिए। उसके संपर्क में रहने से जादुई असर होता है। जब हम ऊपर वाले को अपने साथ महसूस करते हैं तो कभी मन निराश, हताश नहीं होता। जिंदगी बहुत अच्छी गुजरती है। चूंकि हम सब वहीं से आए हैं और वहीं जाएंगे तो उसके टच में रहना सबसे अच्छा है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. सुषमा शर्मा**
प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर-न्यूरोलॉजी
मैरेंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

स्पेशलः वर्ल्ड पार्किंसंस-डे, 11 अप्रैल

पूरी दुनिया में लगभग एक करोड़ से अधिक लोग पार्किंसंस डिजीज से ग्रस्त हैं। यह ओल्ड एज में होने वाला एक सीरियस न्यूरोलॉजिकल रोग है। इसमें पेशेंट का मूवमेंट और बॉडी फंक्शनिंग प्रभावित होती है। लेकिन सही ट्रीटमेंट और सपोर्टिव डाइट हैबिट, लाइफस्टाइल से इसे मैनेज किया जा सकता है। इस बारे में जानिए।

# बुजुर्गों को होने वाला सीरियस न्यूरोलॉजिकल डिजीज है पार्किंसंस

पार्किंसंस रोग एक न्यूरोलॉजिकल (नर्वस सिस्टम) डिजीज है। यह मस्तिष्क के उन हिस्सों को प्रभावित करता है, जो शारीरिक गतिविधियों को नियंत्रित करते हैं।

## क्या है पार्किंसंस रोग

इस रोग का कारण मस्तिष्क के एक खास हिस्से (सबस्टेंटिया निग्रा) में डोपामिन उत्पादक न्यूरॉन्स या सेल्स का धीरे-धीरे कमजोर या नष्ट हो जाना है। जो मुख्य रूप से डोपामिन नामक केमिकल का उत्पादन और स्राव करते हैं। जिसकी वजह से शरीर में डोपामिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर की कमी हो जाती है।

डोपामिन एक प्रकार का केमिकल है, जो दिमाग से पूरे शरीर और शरीर से दिमाग तक सिग्नल लेकर जाता है। शरीर के अन्य अंगों को कंट्रोल में रखता है और शरीर की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है। डोपामिन केमिकल का स्तर कम होने पर दिमाग के सिग्नल शरीर के विभिन्न हिस्सों तक नहीं पहुंच पाते और व्यक्ति पार्किंसन डिजीज की चपेट में आ जाता है।

पार्किंसंस, डिजनरेटिड प्रोग्रेसिव डिसऑर्डर के साथ कंट्रोल की जा सकने वाली बीमारी है। एक बार पार्किंसंस रोग होने पर समस्या लंबे समय तक परेशान कर सकती है या जिंदगी भर चलती है। शरीर के विभिन्न अंगों पर नियंत्रण कम होने लगता है। धीरे-धीरे उसकी गति, पॉश्चर और भाषा प्रभावित होने लगती है। जिससे मरीज को रोजमर्रा के काम करने में भी परेशानी होने लगती है। ध्यान न दिए जाने पर पार्किंसंस, गंभीर रूप ले सकता है। लेकिन अगर इसका समुचित उपचार, स्वस्थ जीवनशैली और सही देखभाल शुरुआती अवस्था पर शुरू हो जाए, तो मरीज सामान्य जिंदगी जी सकता है।



## क्या कहते हैं आंकड़े

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया भर में पिछले 25 वर्ष में पार्किंसंस के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज द्वारा की गई स्टडी के हिसाब से 2019 तक तकरीबन 8.5 मिलियन से अधिक लोग पार्किंसंस रोग से प्रभावित थे। वर्तमान में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर तकरीबन 10 मिलियन (1 करोड़) से अधिक मरीज के होने तक पहुंच गया है। भारत में भी लगभग 5.76 लाख लोग पार्किंसंस बीमारी के साथ जी रहे हैं। 2050 तक पार्किंसंस के मरीजों की संख्या 25 मिलियन (2.5 करोड़) से अधिक होने की आशंका है।

## बुजुर्ग होते हैं अधिक प्रभावित

पार्किंसंस डिजीज आमतौर पर 55-65 साल की उम्र के बीच शुरू होती है। लेकिन 10-15 प्रतिशत मामलों में यह 50 साल से पहले भी हो सकता है, जिसे यंग ऑनसेट पार्किंसंस डिजीज कहा जाता है। आंकड़ों के मुताबिक पुरुषों में यह बीमारी महिलाओं की तुलना में 1.5 गुना अधिक देखी जाती है। फैमिली हिस्ट्री के कारण 40 साल से कम उम्र के लोगों में भी पार्किंसंस डिजीज बढ़ने की आशंका रहती है। आनुवांशिक या जीन म्यूटेशंस के कारण कई बच्चों में भी देखी जाती है, जिसे जुबेनाइल पार्किंसंस डिजीज कहते हैं। सिर में चोट लगने, दिमाग में सूजन, ब्रेन हैमरेज, ब्लड क्लॉटिंग, ब्रेन ट्यूमर से नर्वस सिस्टम में हुई क्षति से भी एक्वायर पार्किंसन होने की संभावना रहती है। कई बार कुछ दवाइयों के साइड-इफेक्ट की वजह से भी मरीज में किसी भी उम्र में आ सकती है। विषाक्त पदार्थों, कीटनाशकों और रसायनों के संपर्क में आना पार्किंसंस के जोखिम को बढ़ाता है।





**रोग के प्रमुख लक्षणः** शुरुआती अवस्था में मरीज के हाथों में झनझनाहट होना, हाथ-पैरों में अनियंत्रित कंपकपी होना खासकर आराम करते हुए भी एक हाथ में कंपन होना, विभिन्न अंगों की मांसपेशियों में अकड़न आना और दर्द महसूस होना जिससे चलने-फिरने में दिक्कत आना, बैलेंस न बना पाने और गिरने का डर रहना, आवाज धीमी हो जाना, सुनने की शक्ति कम होना, कमर आगे की तरफ झुकना, स्लोनेस आना यानी काम करने और चाल में धीमापन आना, बच्चे जैसे छोटे कदम लेकर चलना। समुचित उपचार न मिलने पर मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है- मरीज के बोलने, लिखने की क्षमता में कमी आना, खाना खाने के लिए भी दूसरों पर निर्भर होना, मनोभ्रम रहना, तनाव, घबराहट रहने के कारण दिनचर्या के काम ठीक तरह न कर पाना। एंग्जाइटी या डिप्रेशन के भी शिकार हो सकते हैं।

## कैसे होता है डायग्नोज

व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखें, तो यथाशीघ्र न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए। पार्किंसंस की पुष्टि के लिए क्लीनिकल डायग्नोज किया जाता है। मरीज की केस हिस्ट्री, लक्षण, जांच से पता लगाया जाता है कि मरीज पार्किंसंस की किस अवस्था में है? बीमारी से उसकी दिनचर्या और गतिविधियां कितनी प्रभावित हैं? एमआरआई, सिटी स्कैन भी कराया जाता है।

## उपचार के तरीके

मरीज की स्थिति के हिसाब से मेडिकल मैनेजमेंट यानी दवाइयों के जरिए बीमारी मैनेज की जाती है। कोशिश होती है कि मरीज स्वाबलंबी बने, अपने दैनिक कार्य करने योग्य हो और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार हों। प्रारंभिक अवस्था में ब्रेन में डोपामाइन को बढ़ाने वाली और पार्किंसंस के लक्षणों को नियंत्रित करने वाली दवाइयां दी जाती हैं। मरीज की फिजियोथेरेपी भी कराई जाती है ताकि उसकी मांसपेशियों की ताकत, बैलेंस और कॉर्डिनेशन में सुधार हो। ऑक्यूपेशनल थेरेपी भी दी जाती है। 8-10 साल बाद दवाइयों का असर कम होने या पार्किंसंस की एडवांस स्टेज में न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया भी अपनाई जाती है। मरीज की स्थिति के आधार पर डीप ब्रेन स्टीमुलेशन नामक प्रक्रिया में मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं, जो पार्किंसंस के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## इन बातों का भी रखें ध्यान



**समुचित उपचार** के साथ पार्किंसंस के मरीज को स्थिति से उबरने के लिए परिवार और नजदीकी लोगों के पूरे सपोर्ट और देखभाल की जरूरत होती है। जरूरी है कि न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा दी गई मेडिसिन को समय पर देनी चाहिए। मरीज के लक्षणों पर नजर रखनी चाहिए और समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेते रहना चाहिए। सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। एक्सरसाइज पार्किंसंस में सबसे बेस्ट डिजीज मॉडीफाइंग ट्रीटमेंट मानी जाती है। नियमित व्यायाम, शारीरिक गतिविधियों, डांस, योग और स्ट्रेचिंग से लचीलापन और बैलेंस कायम करने में मदद मिलती है। मरीज को पोषक और संतुलित आहार देना चाहिए। यथासंभव वसायुक्त आहार कम, फाइबर से भरपूर आहार देना चाहिए। यह पाचन तंत्र को सही रखने और वजन नियंत्रित रखने में मददगार है। ताजे फल-सब्जियों को ज्यादा से ज्यादा आहार में शामिल करना चाहिए। स्वस्थ वसा (जैसे- ओमेगा-3 फैटी एसिड) और प्रोटीन से भरपूर आहार जैसे मछली, अंडे, दालें और नट्स भी फायदेमंद होते हैं। रोगी के हाइड्रेशन का ध्यान रखना चाहिए। पाचन संबंधी समस्याओं से बचने के लिए रोजाना 6-8 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। तनाव प्रबंधन के लिए मेडिटेशन, योग और अन्य तनाव प्रबंधन तकनीकों को अपनाना सहायक होता है।

**डाइट सजेशन**

**राजकुमार 'दिनकर'**

यह तो हम सभी जानते हैं कि ड्राई फ्रूट्स हेल्थ के लिए यूजफुल होते हैं। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि इनको भोजन के ऑप्शन के तौर पर सेवन किया जाए। ड्राई फ्रूट्स का सेवन कब अधिक फायदेमंद होता है, आपको जरूर जानना चाहिए।

# तभी होगा फायदेमंद ड्राई फ्रूट्स का सेवन



एक समय ऐसा था जब व्रत, त्योहार में ही लोग ड्राई फ्रूट्स खाया करते थे और इनके पोषण के स्तर को देखते हुए इन्हें ताकत से भरपूर माना जाता था। इसीलिए हमारे पारंपरिक भोजन में बादाम, अखरोट, खजूर, छुहारे, काजू, किशमिश, पिस्ता, अंजीर का भरपूर इस्तेमाल होता था। आजकल ड्राई फ्रूट्स का भोजन में काफी इस्तेमाल होने लगा है।

## वेट लॉस में सहायक

आजकल ड्राई फ्रूट्स डाइट का इस्तेमाल शरीर को स्वस्थ रखने और वजन घटाने के लिए भी किया जाता है। फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट से भरे ड्राई फ्रूट्स भूख को नियंत्रित तो करते ही हैं, हमारे मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ाते हैं। वजन घटाने में इनका काफी इस्तेमाल हो रहा है। इसलिए लोग बादाम, अखरोट और पिस्ते को फाइबर और प्रोटीन के लिए खाते हैं। इससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है। ये मेवे हमारे मेटाबॉलिज्म को तीव्र करते हैं। खजूर, किशमिश और अंजीर प्राकृतिक रूप से काफी मीठे होते हैं, उनको खाने के बाद मीठा खाने की इच्छा कम हो जाती है। ये विटामिन और मिनरल का स्रोत हैं जो हमारे शरीर की कमजोरी को दूर करके उसे मजबूत बनाते हैं।

## भोजन का विकल्प नहीं

जो लोग इसे खाने के तौर पर खाते हैं, तो उनके लिए यह सुझाव है कि इसको पूर्ण संतुलित आहार नहीं माना जा सकता। हालांकि ड्राई फ्रूट्स हमारी हृदय की सेहत के लिए अच्छे होने के साथ-साथ सुपाच्य भी होते हैं। इसके बावजूद इनमें उतने पोषक तत्व नहीं होते, जो हमारे भोजन में होते हैं। हां, इनका इस्तेमाल हम कंप्लीट मील के विकल्प के तौर पर कभी-कभी कर सकते हैं। ड्राई फ्रूट्स का अगर ज्यादा मात्रा में सेवन किया जाए तो शरीर में ज्यादा फाइबर और शुगर के कारण अपच या पेट में गैस हो सकती है। क्योंकि इनमें मौजूद वसा, प्रोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स इन्हें पोषण से भरपूर बनाते हैं, लेकिन इनका कम मात्रा में सेवन करना चाहिए, क्योंकि इनमें कैलोरीज ज्यादा होती है। किसी भी कंडीशन में ड्राई फ्रूट्स को दिन में खाए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं माना जा सकता। दरअसल, भोजन हमारे शरीर में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा की आपूर्ति करते हैं और हमारे मेटाबॉलिज्म को स्थिर रखते हैं। ड्राई फ्रूट्स खाने भर से हमारे शरीर में इन तत्वों की आपूर्ति नहीं हो सकती। विभिन्न अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि बादाम में मौजूद अनसैचुरेटेड फैटी एसिड और विटामिंस हमारे मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस घटाकर हमारी स्मरणशक्ति को बढ़ाते हैं। सीमित मात्रा में अगर ड्राई फ्रूट्स का सेवन किया जाए तो ये हमारे लिए फायदेमंद हैं। लेकिन चीनी से भरे ड्राई फ्रूट्स जैसे किशमिश और खजूर की मात्रा सीमित रखनी चाहिए। वैसे भी ये दोनों ड्राई फ्रूट्स नेचुरल शुगर का भंडार होते हैं। इनको खाने के बाद हमारे दांतों से ये चिपक जाते हैं और उनमें बैक्टीरिया की वृद्धि होती है। इसलिए इनको लेने के बाद पानी, पीना चाहिए और दांतों को अच्छी तरह साफ रखना चाहिए।

## कितनी मात्रा है सही

हमें प्रतिदिन लगभग 20 से 30 ग्राम मिक्स ड्राई फ्रूट्स का सेवन करना चाहिए। बच्चों को इससे कम मात्रा देनी चाहिए। वयस्कों के लिए पानी में भीगे 5 से 7 बादाम और 2 अखरोट के टुकड़े सुबह के समय लेने चाहिए, जो हमारे दिल और दिमाग की सेहत के लिए अच्छे होते हैं। महिलाओं को आयरन और कैल्शियम में लिए खजूर और अंजीर खाने चाहिए। स्टेमिना के लिए पुरुष पिस्ता और अखरोट ले सकते हैं। बादाम, अखरोट और अंजीर को अगर रात में पानी में भिगो दिया जाए तो ये सुपाच्य होते हैं और इनमें मौजूद पौष्टिकता भी बढ़ जाती है। ड्राई फ्रूट्स को सुबह खाली पेट या दोपहर के भोजन के बाद लेना चाहिए।



## कैसे और किस समय खाएं ड्राई फ्रूट्स

- ड्राई फ्रूट्स की मात्रा पर ध्यान देना सबसे जरूरी है। वयस्कों के लिए इनकी मात्रा 20 से 30 ग्राम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।
- बादाम, अखरोट और अंजीर को सुपाच्य बनाने के लिए पूरी रात पानी में भिगोकर रखना चाहिए।
- इसे सुबह के समय या दोपहर के भोजन के बाद लेना चाहिए। ध्यान रखें ड्राई फ्रूट्स मुख्य भोजन की जगह पर ऑप्शन के तौर पर नहीं लेने चाहिए।
- सूखे मेवों को योगर्ट, फ्रूट, सलाद, दालों के साथ लेना चाहिए ताकि शरीर में फाइबर और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स का संतुलन बना रहे।
- तले, नमकीन या मीठे ड्राई फ्रूट्स लेने से बचें, क्योंकि इनमें शुगर और सोडियम का स्तर ज्यादा होता है।

**अगर अधिक मात्रा में करें सेवन**

- ड्राई फ्रूट्स में कैलोरी ज्यादा होती हैं। इससे वजन बढ़ता है और यदि इसकी मात्रा पर ध्यान न दिया जाए तो ब्लड शुगर भी बढ़ता है।
- इनके साथ प्रोटीन, कॉम्प्लैक्स कार्बोहाइड्रेट और पानी की जरूरत होती है, ताकि यह शरीर की मसल्स को रिपेयर कर सकें।
- इनकी ज्यादा मात्रा भोजन को असंतुलित बनाती है। इसलिए ड्राई फ्रूट्स के साथ मोटे अनाज, दालें और सब्जियां ही लेनी चाहिए, लेकिन सीमित मात्रा में।
- कई ड्राई फ्रूट्स में ओमेगा-3 और ओमेगा-6 कम मात्रा में होता है। अगर इनकी ज्यादा मात्रा ली जाती है तो अपच और पेट में गैस जैसी समस्या हो सकती है।
- डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, किडनी संबंधी गंभीर बीमारियां और पाचन संबंधी रोगों से ग्रस्त व्यक्ति या जिन्हें ड्राई फ्रूट्स से एलर्जी हो, ऐसे लोगों को ड्राई फ्रूट्स नहीं खाने चाहिए। *





# दिव्या ने ड्रा को जीत में बदला, हासिल की बढ़त

**कैंडिडेट्स टूर्नामेंट : वैशाली ने असौबायेवा के साथ खेला ड्रॉ**

एजेंसी ▶▶| पाफोस

भारतीय शतरंज की युवा सनसनी दिव्या देशमुख ने शानदार वापसी करते हुए ड्रॉ की तरफ बढ़ रही बाजी को जीत में बदलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। महिला वर्ग में विश्व कप विजेता देशमुख ने काले मोहरों से खेलते हुए यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया और 4.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बना ली। अब कुल चार खिलाड़ी संयुक्त रूप से आगे चल रही हैं।

एक समय लग रहा था कि बाजी ड्रॉ पर समाप्त हो जाएगी लेकिन दिव्या देशमुख ने उम्मीद नहीं छोड़ी और अंतिम समय में



अपनी प्रतिद्वंदी की एक अनचाही गलती का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत हासिल की। महिला वर्ग में भाग ले रही दूसरी भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली ने कजाकिस्तान की बिबिसारा असौबायेवा के साथ ड्रॉ खेला। वह आठ बाजियों के बाद 4.5 अंकों के साथ देशमुख, यूक्रेन की कटेरीना लागनो, चीन की झू जिनर और मुजिचुक के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। ओपन वर्ग में खेल रहे आर प्रज्ञाननंदा आठवें दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी से हार के बाद खिताब हासिल करने की दौड़ से लगभग बाहर हो गए हैं।

# आयुष ने 51 मिनट में चीन के फेंग को हराया

**बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप**

एजेंसी ▶▶| निंगबो

भारत के आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप में चीन के विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी लिन शी फेंग को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले विश्व के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने 51 मिनट में 21-13 21-16 से जीत दर्ज की। लिन ने शुरुआत में ही 4-1 की बढ़त बना ली, लेकिन आयुष ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

दूसरे गेम में चीन के खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 4-1 से बढ़त हासिल कर दी और फिर इसे 12-9 तक बढ़ा दिया, लेकिन आयुष ने लगातार छह अंक बनाकर मैच का



रुख पलट दिया और स्कोर 18-13 कर दिया। लिन ने अंतर कम करते हुए स्कोर 16-18 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और खिताब के दावेदार माने जा रहे लिन को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

## खबर संक्षेप



### पी सेफ ने स्मृति को बनाया कंफर्ट रेंज का चेहरा

**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने एक प्रमुख महिला हाइजीन (स्वच्छता) ब्रांड की ब्रांड दूत बनने के बाद स्वास्थ्य और महिलाओं की हाइजीन को प्राथमिकता देने की अहमियत पर जोर दिया। 'पी सेफ' ने अपने स्थापना दिवस पर भारतीय महिला टीम की उप कप्तान को अपनी 'कंफर्ट रेंज' का चेहरा बनाया है और इस दिग्गज खिलाड़ी के साथ इस साझेदारी का मकसद महिलाओं की हाइजीन के संदेश को फैलाना है।

### भारतीय खिलाड़ियों ने किया जीत से आगाज



**शिमला।** भारतीय लड़कियों (अंडर-19) और लड़कों (अंडर-15) की टीमों ने आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में श्रीलंका और मालदीव पर एक समान 3-0 से जीत हासिल करके अपना दबदबा कायम किया। जेनिफर वर्गीज, अनन्या मुरलीधरन और प्रिशा गोयल की तिकड़ी ने जीत दर्ज कर श्रीलंका के खिलाड़ियों को कोई मौका नहीं दिया।

**आईपीएल 2026 : टाइटंस ने कैपिटल्स को दी मात, सीजन की पहली जीत**

# शुभमन, सुंदर और बटलर की फिफ्टी गुजरात की दिल्ली पर 1 रन से जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने आखिरी गेंद पर दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हराकर आईपीएल के इस सत्र में पहली जीत दर्ज की जबकि केएल राहुल और डेविड मिलर की साहसिक पारियां भी दिल्ली को इस नाटकीय हार से बचा नहीं सकी।

जीत के लिए 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 52 गेंद में 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से 92 रन बनाए। दिल्ली को आखिरी दो ओवर में 36 रन चाहिए थे और मोहम्मद सिराज ने 19वें ओवर में 23 रन दे डाले। डेविड मिलर (20 गेंद में नाबाद 40) ने उन्हें दो छक्के और दो चौके लगाकर दिल्ली को मैच में बनाए रखा। आखिरी ओवर में दिल्ली को 13 रन की जरुरत थी और प्रसिद्ध कृष्णा की पहली गेंद पर विपराज निगम ने चौका जड़ दिया। अगली गेंद पर निगम आउट हो गए जबकि चौथी गेंद पर मिलर ने छक्का लगाया। आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी लेकिन कुलदीप यादव रन आउट हो गए। दिल्ली ने वाइड गेंद के लिए रिव्यू भी लिया, जो नाकाम रहा। गुजरात के लिए अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद ने 4 ओवर में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट लिए।



### टी20 में बटलर के 600 छक्के पूरे

जोस बटलर ने अरुण जेटली स्टेडियम में पांच छक्के लगाए। इसके साथ ही उन्होंने टी20 क्रिकेट में 600 छक्के पूरे कर लिए। इस मैच से पहले उनके 595 छक्के थे। टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में कैरेबियाई खिलाड़ियों का दबदबा है। क्रिस गेल शीर्ष पर हैं। कीरोन पोलार्ड दूसरे, आंद्रे रसेल तीसरे और निकोलस पूरन चौथे नंबर पर हैं। बटलर पांचवें नंबर पर हैं।

### गिल-सुंदर ने की 104 रन की साझेदारी

गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के विरुद्ध इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें मैच में वाशिंगटन सुंदर के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 गेंदों में 104 रन की साझेदारी की। यह गुजरात टाइटंस के लिए तीसरे विकेट या उससे निचले क्रम पर तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी रही। इस लिस्ट में शीर्ष पर जोस बटलर और शेरफेन रदरफोर्ड की जोड़ी है,जिसने साल 2025 में अहमदाबाद के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध 119 रन जोड़े थे। वहीं, डेविड मिलर और हार्दिक पंड्या की जोड़ी ने साल 2022 के क्वालीफायर मैच में राजस्थानर रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 106 रन की अटूट साझेदारी की थी।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन बो मुकेश | 12 | 7 | 2 | 0 |
| गिल का राणा बो एनगिडि | 70 | 45 | 4 | 5 |
| बटलर बो कुलदीप | 52 | 27 | 3 | 5 |
| सुंदर का राणा बो मुकेश | 55 | 32 | 6 | 2 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 14 | 9 | 1 | 1 |
| तेवतिया नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : छह रन, कुल : 20 ओवर में 210/4 रन
गेंदबाजी : मुकेश 4 - 0 - 55 - 2, एनगिडि 4 - 0 - 24 - 1, अक्षर 3 - 0 - 32 - 0, कुलदीप 4 - 0 - 42 - 1, नटराजन 4 - 0 - 34 - 0, निगम 1 - 0 - 23 - 0

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| निसांका का तेवतिया बो कृष्णा | 41 | 24 | 6 | 0 |
| राहुल का बटलर बो सिराज | 92 | 52 | 11 | 4 |
| राणा का सुदर्शन बो राशिद | 5 | 6 | 1 | 0 |
| समीर रिजवी बो राशिद | 0 | 1 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 41 | 20 | 3 | 3 |
| पटेल का फिलिप्स बो राशिद | 2 | 3 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट | 7 | 6 | 0 | 0 |
| निगम का गिल बो कृष्णा | 12 | 7 | 2 | 0 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 1 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 8 रन, योग : 20 ओवर में 8 विकेट पर 209
गेंदबाजी : सिराज 4 - 0 - 52 -1, रबाडा 4 - 0 - 32 - 0, राशिद 4- 0 - 17 -3, अशोक 3 - 0 - 45 - 0, कृष्णा 4 - 0 -52 - 2, सुंदर 1 - 0 - 11 - 0

# एलएसजी के खिलाफ आज गेंदबाजी में छा सकते हैं 25.20 करोड़ के कैमरून

- आईपीएल 2026 : शाम 7.30 बजे केकेआर और लखनऊ में मुकाबला



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज कैमरुन ग्रीन लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ गेंदबाजी करते नजर आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रीन आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने थे, उन्हें केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा था, उन्होंने टीम के शुरुआती मुकाबलों में एक विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने केकेआर को सूचित किया था कि आईपीएल 2026 की शुरुआत में कैमरुन ग्रीन एक बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। सीए ने 30 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ केकेआर के पहले मैच के बाद जारी एक बयान में कहा, कैमरून को पीठ के निचले हिस्से में चोट है, जिसका इलाज चल रहा है, लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ समय तक गेंदबाजी से दूर रहने की जरूरत है।

### केकेआर की सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण

केकेआर की सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण (आठ ओवर में 69 रन देकर एक विकेट) और भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का खराब प्रदर्शन रहा है, जिन्होंने अभी तक एक भी विकेट नहीं लिया है। यह दोनों खिलाड़ी पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में अस्वस्थ होने के कारण टीम में शामिल नहीं थे। इन दोनों की अंतिम एकादश में वापसी हो सकती है जबकि मिस्ट्री स्पिनर दक्ष कामरा को भी मौका मिल सकता है।

### एलएसजी की टीम आत्मविश्वास से भरी

जहां तक एलएसजी का सवाल है तो उसकी टीम पिछले मैच में जीत दर्ज करने से आत्मविश्वास से भरी होगी। उसके कप्तान ऋषभ पंत ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पिछले मैच में नाबाद 68 रन बनाए थे और वह अपनी इस फॉर्म को जारी रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। एलएसजी की टीम में पंत के अलावा शीर्ष तीन में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श और दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम भी शामिल हैं।

## स्थानीय खेल समाचार

**ऑल इंडिया मास्टर्स कप टूर्नामेंट**

# अतुल के दोहरे प्रदर्शन से भोपाल मास्टर्स वेटरन के फ़ाइनल में



**भोपाल।** स्व. कैलाश नारायण सारंग (बाबूजी) की स्मृति मे आयोजित 9वीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता के वेटरन ग्रुप में बुधवार का मैच भोपाल मास्टर्स और रेलवे मास्टर्स के मध्य खेला गया, जिसमें भोपाल मास्टर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए, जिसमे अतुल खरे ने 35, पुष्पेंद्र चौहान और दिलीप गंगवानी ने 23-23, सुनील अहिरवार ने 19, शैलेश पटेल ने 12 और सोनू प्रजापति ने 10 रन का योगदान दिया।

रेलवे मास्टर्स के रवि नरवरे ने 3 विकेट लिए, जबकि और ओसाफ उर रहमान ने 2, शादाब तबरेज और शांति दुबे ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में रेलवे मास्टर्स की टीम अतुल खरे की घातक गेन्दबाज़ी के आगे 19.3 ओवर में 134 रन बनाकर ढेर हो गई और यह मैच 19 रन से हार गई। रेलवे मास्टर्स के रविंद्र सिंह ने 36, विवेक परिहार और जावेद खान ने 20-20, फुरकान ने 13 और शादाब खान ने 10 रन का योगदान दिया। भोपाल मास्टर्स से अतुल खरे ने 17 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि ब्रह्मा ने 34 रन देकर 2 विकेट लिए। प्रदीप सोनू और पुष्पेंद्र ने 1-1 विकेट लिया। अतुल खरे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें वरिष्ठ क्रिकेटर और एनआईएस कोच शैलेश शुक्ला और बीडीसीए के उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश पैरा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. विवेक परिहार और वरिष्ठ क्रिकेटर मुबारक खान भी मौजूद थे।

### मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने रेलवे यूथ को हराया

**भोपाल।** गौतम नगर मैदान पर विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में आयोजित बीडीसीए अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी और के मयंक क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। टॉस रेलवे ने जीता । मयंक अकादमी ने निर्धारित 30 ओवर में 116 रन बनाए। इनमें शाश्वत गुप्ता ने 27 और नयन ने अपने टीम के लिए 13 रनों का योगदान दिया। रेलवे यूथ के देव रजत ने पांच और पार्थ ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे की पूरी टीम 66 रन पर ढेर हो गई। इनमें देव रजक ने 5 और मूसा ने सर्वाधिक 14 रन बनाए। मयंक के गेंदबाज रिजवान ने 5 और अंशुमान ने दो विकेट लिए। रिजवान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समाजसेवी खेमचंद मामा और अमर चंद्र ने दिया।



# रेस्ट ऑफ़ एमपी 'ए' और भोपाल के मैच के दूसरे दिन भी भोपाल डिवीज़न मजबूत स्थिति में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित भाऊ साहेब निम्बलकर ट्रॉफी अंडर -18 बॉयज (चार दिवसीय) जबलपुर के नीमखेड़ा एमपीसीए मैदान पर भोपाल और रेस्ट ऑफ़ एमपी 'ए' डिविजन के बीच चल रहे मैच के दूसरे दिन भोपाल ने 117.3 ओवर में 289 रन बनाए। रेस्ट ऑफ़ एमपी ए से सृजन नें 3, अनुभव ठाकुर, सुमित सिंह ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में रेस्ट ऑफ़ एमपी ए ने दिन का खेल खत्म होने तक 64 ओवर में 5 विकेट पर 187 रन बना लिए हैं, जिसमें रूपांक अग्रवाल ने 63, भव्य चोयल 55 ने रन बनाए। शालीन शिखर 31 रन पर नाबाद खेल रहे हैं। भोपाल डिवीजन से नैतिक जैन ने 2 विकेट लिए। गुरुवार को मैच का तीसरा दिन है।

### कन्मड़ीकर ट्रॉफी इंदौर: रीवा-भोपाल डिविजन में दो दिवसीय मैच शुरू

**भोपाल।** एमपीसीए द्वारा आयोजित अंडर 13 बॉयज ए डब्लू कन्मड़ीकर ट्रॉफी में बुधवार को इंदौर के एमरॉल्ड हाइट्स स्कूल के मैदान में रीवा और भोपाल डिविजन में दो दिनी मैच शुरू हुआ। भोपाल डिवीजन ने 67.3 ओवर में 150 रन बनाए । जवाव में रीवा ने दिन का खेल खत्म होने तक 22 ओवर में 3 विकेट पर 41 रन बना लिए हैं।भोपाल से तेजस, अभिषेक और समर्थ ने 1-1 विकेट लिए। कल मैच का दूसरा व अंतिम दिन है ।

### इंटर डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट ग्वालियर: उज्जैन ने भोपाल को 1 रन से हराया

एमपीसीए द्वारा आयोजित अंडर -18 गर्ल्स लिमिटेड ओवर इंटर डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट ग्वालियर के आदित्य वर्ल्ड स्कूल मैदान में उज्जैन और भोपाल डिविजन के मध्य मैच खेला गया, जिसमें उज्जैन ने 37 ओवर में 6 विकेट पर 160



रन बनाए। भोपाल की सुदिति वशिष्ठ ने 4 और हंसिका किरार ने एक विकेट लिया। जवाब में भोपाल डिवीजन ने 37 ओवर में 3 विकेट पर 159 रन बनाए, जिसमें हंसिका किरार ने 38, सुदिति वशिष्ठ ने 31 और प्रेरणा पाल ने 27 रन बनाए। उज्जैन की मुस्कान योगी ने 2, संध्या यादव और अलीना खान ने एक-एक विकेट लिए। इस तरह उज्जैन डिविजन 1 रन से विजयी हुई। प्लेयर ऑफ द मैच उज्जैन डिवीज़न की मुस्कान योगी रहीं।

### भोपाल के 8 वर्षीय भव्य सक्सेना ने जीती चांदी



**भोपाल।** नई दिल्ली में 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित ऑल इंडिया लेवल वाइस जिम्नास्टिक में भोपाल के 8 वर्षीय भव्य कुमार सक्सेना ने लेवल -2 कैटेगरी में एक रजत पदक जीता है। इस प्रतियोगिता में देश के कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। राष्ट्रीय स्तर के जिम्नास्टिक टूर्नामेंट में यह उत्कृष्ट उपलब्धि उनके समर्पण और कौशल का प्रमाण है, जिसे वे 2024 और 2025 में भी हासिल कर चुके हैं। जिम्नास्टिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कायस्थम मध्यप्रदेश ने खेल श्रेणी में भव्य कुमार सक्सेना को कायस्थम सम्मान से 2025 में सम्मानित किया था। भव्य की इस उपलब्धि पर कायस्थम ने अमित एवं पूर्वी सक्सेना के पुत्र भव्य कुमार सक्सेना को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

- ऑल इंडिया जिम्नास्टिक चेम्पियनशिप

# महिला वर्ग के महावीर स्ट्राइकर टीम ने जीता फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

अंकुर खेल मैदान, शिवाजी नगर में जैन सोषल ग्रुप चन्द्रप्रभु द्वारा आयोजित डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट जैन चैंपियंस लीग का भव्य सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के अंतिम दिन तीन फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें महिला, किड्स और पुरुष वर्ग शामिल रहे। महिला वर्ग का फाइनल महावीर स्ट्राइकर और जैन स्ट्राइकर के बीच, किड्स फाइनल डिवाइन इलेवन और रूपेश इलेवन के बीच, जबकि पुरुष वर्ग का फाइनल चंद्रप्रभु और सन्मति एक्स कम्फर्ट रेस्ट के बीच खेला गया। महिला वर्ग में महावीर सर टीम ने जीत हासिल की। टीम की कप्तान रोली भरिल्या बड़कुर के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने तालमेल दिखाया। टीम में प्रियंका पितलिया, सुरभि जैप, अंजलि जैन, कनिका नायक जैन, हिमानी जैन, माही जैन और नव्या जैन शामिल रहीं। नेहरू नगर की खिलाड़ी रौली अंकुर बड़कुल भारिल्य और कनिका जैन ने विषेष प्रदर्षन कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही डॉ. गरिमा ने भी सराहनीय खेल दिखाकर प्रशंसा प्राप्त की। किड्स मुकाबला भी बेहद रोमांचक रहा, जिसमें बाल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। किड्स फाइनल डिवाइन इलेवन और रूपेश इलेवन के बीच हुआ। इस आयोजन में प्रत्येक बच्चे को तीन-तीन बॉल खेलने का मौका मिला। इस मैच में आदि ने दो बॉल पर चौका लगाया, जिससे उसकी टीम जीत गई। डिवाइन इलेवन टीक के खिलाडी विशेष जैन को विषेष रूप से सम्मानित किया गया। ग्रुप के अध्यक्ष अंकुर जैन बड़कुर ने बताया कि यह टूर्नामेंट का तीसरा वर्ष है और इसका उद्देश्य समाज में खेल भावना, सहयोग और आपसी सामंजस्य को बढावा देना है। समस्त खिलाडियों को नेहरू नगर कोटरा समस्त जैन समाज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।








# 'यादों का इंद्रधनुष': भावनाओं से सजा विदाई समारोह

## एमएलबी कॉलेज में छात्राओं ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमएलबी कॉलेज में स्नातक स्तर के सभी संकायों की अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए यादों का इंद्रधनुष शीर्षक से भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन भावनाओं, उमंग और यादों के खूबसूरत रंगों से सराबोर रहा। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए, जहां द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने अंतिम वर्ष की छात्राओं के सम्मान में नृत्य, संगीत और अन्य प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विजेता छात्राओं को कई खिताबों से भी नवाजा गया। मिस फेयरवेल प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं से कई रोचक प्रश्न पूछे गए, जैसे यदि वे एक दिन के लिए प्राचार्य बनें तो क्या बदलाव करेंगी या अपने छात्र जीवन में उन्होंने महाविद्यालय से क्या सीखा। इस अवसर पर नम आंखों से छात्राओं ने सीनियर्स को विदाई दी साथ ही अवसर को खास बनाने के लिए कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।



**यह रहीं विजेता**

1 मिस स्टाइलिश का खिताब साक्षी तिवारी को मिला

2 मिस क्रिएटिव बनीं सेजल सोनी

3 मिस फेयरवेल रहीं सुहानी ठाकुर



विदाई समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।



विदाई समारोह में नृत्य करती छात्राएं।

## अपने जीवन को जिएं, लेकिन खुशियों के साथः डॉ. अजय

प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल ने अपने आशीर्वचन में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और जीवन को खुशियों के साथ जीने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. रोली शुक्ला के निर्देशन में किया गया। लगभग 300 छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में अनुशासन, संस्कृति और भावनाओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला। डॉ. रोली शुक्ला ने कहा कि गुरु-शिष्य का संबंध यदि विश्वास से परिपूर्ण हो, तो हर असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। यह विदाई समारोह न केवल छात्राओं के लिए यादगार बना, बल्कि उनके जीवन की नई शुरूआत के लिए प्रेरणादायक भी साबित हुआ।

## शहर के संग्रहालयों की 'दीप लक्ष्मी' और 'दीप धारिता' बनीं शोध का आधार

# दीपों की रोशनी में इतिहास की खोज... पिता के शौक से बनी पीएचडी की राह



9वीं सदी की दीप लक्ष्मी।



11वीं सदी की दीप धारणी परमार कालीन।



आफताब अहमद अपने लैंप्स कलेक्शन के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिता के लैंप्स कलेक्शन से प्रेरित होकर भोपाल की डॉ. खुशनूर अहमद ने भारतीय दीपों के विकास पर गहन शोध करते '1853 से 1947 तक भारत में दीपों का ऐतिहासिक अध्ययन' विषय पर पीएचडी की, करीब छह वर्षों के अपने अध्ययन में उन्होंने प्राचीन भारत से लेकर वर्तमान समय तक दीपों (लैंप्स) के विकास, उनके स्वरूप और सांस्कृतिक महत्व को विस्तार से समझा और इसे अपनी थीसिस में प्रस्तुत किया। लेकिन खुशनूर को यह प्रेरणा अपने पिता आफताब अहमद से मिली।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1971-72 में बांग्लादेश युद्ध के दौरान जब ब्लैकआउट होता था, तब उनके पिता केरोसिन के दीए जलाया करते थे। इसी दौर से आफताब अहमद को लैंप्स संग्रह करने का शौक लगा, जो समय के साथ बड़े कलेक्शन में बदल गया। आज उनके पास 300 से अधिक लैंप्स का संग्रह है। जिसमें कई लैंप्स तो दुर्लभ या रेयर हैं। खुशनूर ने कहा कि पिता के इस अनोखे कलेक्शन ने मेरे मन में जिज्ञासा जगाई और मैंने तय किया कि मैं इसी विषय पर शोध करूंगी।







पिता के कलेक्शन से पीएचडी तक का सफर करने वाली डॉ. खुशनूर अहमद ने जिन मूर्तियों को आधार बनाया वो शहर के संग्रहालयों में मौजूद



अपने पिता के लैंप्स कलेक्शन के साथ डॉ. खुशनूर अहमद।

### राज्य संग्रहालय में मौजूद प्रतिमाओं को बनाया अपनी थीसिस का आधार

डॉ. खुशनूर ने अपनी थीसिस में राज्य संग्रहालय में मौजूद 9वीं शताब्दी की दीप लक्ष्मी और 10वीं शताब्दी की दीप धारिता की प्रतिमाओं को आधार बनाकर अपने शोध को मजबूत किया। साथ ही, प्राचीन काल के विभिन्न दीपों के अद्भुत उदाहरण भी अपने अध्ययन में शामिल किए। यह शोध न केवल दीपों के इतिहास को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि किस तरह एक पारिवारिक शौक से प्रेरित होकर कोई व्यक्ति ज्ञान और अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

### शहर के संग्रहालयों में मौजूद 'दीप लक्ष्मी' और 'दीप धारिता'

पीएचडी के दौरान खुशनूर ने जाना कि प्राचीन समय में दीप धारण करने वाली स्त्रियों को 'दीप लक्ष्मी' और 'दीप धारिता' कहा जाता था। दीप लक्ष्मी वे मानी जाती थीं जो सिर और हाथों में दीप लेकर पूरे वातावरण को प्रकाशमय करती थीं, जबकि दीप धारिता हाथों या कमर के पास दीप धारण कर चारों ओर रोशनी फैलाती थीं। शोध के लिए उन्होंने राज्य संग्रहालय, बिरला संग्रहालय सहित कई संग्रहालयों का भ्रमण किया और वहां संरक्षित प्राचीन दीपों और प्रतिमाओं का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि उज्जैन की हरसिद्धि माता मंदिर में स्थापित दीप लक्ष्मी दीप लक्ष्मी का एक जीवंत उदाहरण है, जहां दीपों की सजावट दिव्यता से भर देती है।

# फिल्म एए 22 क्रास ए 6 अब 'राका', अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर टाइटल का ग्लोबल ऐलान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशकों में शामिल एटली की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक एए 22 क्रास ए 6 का आधिकारिक टाइटल अब 'राका' हो चुका है और इसका ऐलान आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर किया गया है, जिसने एटली और अल्लू अर्जुन के फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया है। टाइटल रिवील के साथ जारी पोस्टर फिल्म की दुनिया की एक झलक रही है, जो डार्क, इंटेंस और रहस्यमयी विजुअल टोन से भरपूर है। पोस्टर में क्रिएचर जैसे एलिमेंट्स अलग सिनेमाई यूनिवर्स का इशारा करते हैं।

### फैंटेसी-एक्शन एंटरटेनर

'राका' एक भव्य फैंटेसी-एक्शन एंटरटेनर है, जिसे खासतौर पर ग्लोबल ऑडियंस को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। सन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही यह फिल्म बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही है, जिसमें निर्देशक एटली शानदार स्केल, दमदार कहानी और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं।
इस फिल्म में अल्लू अर्जुन न सिर्फ एक बिल्कुल नए और पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएंगे, बल्कि यह किरदार उनके अब तक के करियर से अलग और काफी दमदार होगा।




## कलाज्ञ आर्ट एग्जीबिशन 11 से ललित आर्ट गैलरी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलाज्ञ आर्ट एग्जिबिशन का आयोजन 11 एवं 12 अप्रैल को किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी शनिवार एवं रविवार को सायं 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक ललित आर्ट गैलरी रवीन्द्र भवन में आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न कलाकारों की उत्कृष्ट कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में मान सिंह व्याम, हरिकांत दुबे एवं कमल जैन उपस्थित रहेंगे। द्वितीय दिवस पर विनय सप्रे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जो लाइव आर्ट डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से दर्शकों को कला की बारीकियों से अवगत कराएंगे।

**हाथों में पंखा और सिर पर हेट लगाकर पेश किया अलग अंदाज**

# एनर्जेटिक वुमनिया क्लब की किटी पार्टी में डांस म्यूजिक के साथ फन मस्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनर्जेटिक वुमनिया क्लब ने रंग बिरंगी फ्लोरल प्रिंट साड़ी में एनर्जी से परिपूर्ण किटी पार्टी का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं ने हाथों में पंखा और सिर पर हेट लगाकर अलग ही अंदाज में किटी पार्टी का आयोजन किया। करीब 20 महिलाओं से सजी इस किटी पार्टी में महिलाओं ने डांस म्यूजिक के फन मस्ती को इंजॉय किया। पार्टी की होस्ट रितु पासपोल ने कहा कि हम हर माह इस तरह से अलग अलग थीम पर किटी पार्टी आयोजित करते रहते हैं, ताकि दिन को इंजॉय करने के साथ एक दूसरे से मुलाकात भी हो जाए।



किटी पार्टी का आनंद लेती एनर्जेटिक वुमनिया क्लब की सदस्य।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930